आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 1 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 225, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा 17

सोनाक्षी की फिल्म ककुडा का दमदार पोस्टर रिलीज 18

31 अक्टूबर तक पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे एनपीएस खाते

अमृत विचार : राज्य सरकार ने राज्य कर्मियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प इस साल 31 अक्टूबर तक दिया है। वित्त विभाग की ओर से शासनादेश जारी कर दिया गया है। राज्य सरकार ने पिछले दिनों कैबिनेट की बैठक में पुरानी पेंशन से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके तहत उन राज्य कर्मियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प दिया है, जिनकी भर्ती प्रक्रिया के लिए विज्ञापन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की अधिसूचना की तारीख 28 मार्च 2005 से पहले दिए गए थे और उन्हें बाद में सेवा में नियुक्त किया गया।

शासनादेश के तहत विज्ञापन के सापेक्ष नियुक्ति के बाद एक अप्रैल 2005 या उसके बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारी पुरानी पेंशन के दायरे में होंगे। यह प्रावधान कार्मिक, शासन के नियंत्रण वाली स्वायत्तशासी संस्थाओं और सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मियों व शिक्षकों पर लागू किया गया है। जो कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प चुनेंगे, उनके एनपीएस खाते 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे।

1 जुलाई से लागू होने जा रहे कई नए नियम, आम आदमी की जेब होगी प्रभावित

आज से ये होंगे बदलाव, जिनका आप पर होगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी। जुलाई का महीना आर्थिक बदलावों से भरा होता है। इस बार भी 1 जुलाई से कई नए नियम लागू होने जा रहे हैं, जिनमें इनकम टैक्स रिटर्न, बैंकिंग नियमों में बदलाव और ईंधन कीमतों में संभावित बदलाव शामिल हैं। इसके अलावा भी जुलाई महीने में कई ऐसे नियम बदलने वाले हैं, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है। आइए जानते हैं, जुलाई में क्या-क्या बदलाव होने वाले हैं।

पेट्रोल-डीजल, एलपीजी की कीमतों में बदलाव संभव

1 जुलाई को सरकारी तेल कंपनियों की तरह से गैस सिलेंडर की नई कीमतें तय की जाएगी। बता दें कि हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर की कीमतें तय की जाती हैं। बीते महीने 19 किग्रा के कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 69 रुपये की कमी की गई थी। हालांकि, 14 .2 किग्रा वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपये ही है। वहीं, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव हो सकता है।

महंगे होंगे जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया के रिचार्ज प्लान

मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपने रिचार्ज प्लान महंगे कर दिए हैं। ये नए रिचार्ज प्लान 3 जुलाई से लागू होंगे। जियो का बेसिक प्लान 155 से बढ़ाकर 189 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह एयरटेल और वोडाफोन आइडिया भी रिचार्ज प्लान के मूल्य में 15 से 20 प्रतिशत का इजाफा कर रही हैं।

वाहन खरीदना होगा महंगा

टाटा मोटर्स ने 1 जुलाई से अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। यह वृद्धि बढ़ती हुई सामानों की कीमतों को कवर करने के लिए की जा रही है। भारत की सबसे बड़ी वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने मार्च में भी अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक का इजाफा किया था। हीरो मोटोकॉर्प ने भी अपने चुनिंदा स्कूटर और मोटरसाइकिल मॉडल की कीमतों में 1 जुलाई से 1,500 रुपये तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है।

क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट सिस्टम में बदलाव

1 जुलाई से ही क्रेडिट कार्ड पेमेंट से जुड़ा बड़ा बदलाव लागू होने जा रहा है। इसके बाद कुछ पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए बिल पेमेंट में परेशानी पेश आ सकती है। इन प्लेटफॉर्म्स में क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ फिनटेक शामिल हैं। आरबीआई के नए रेग्युलेशन के मुताबिक 1 जुलाई से सभी क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम यानी बीबीपीएस से किए जाने हैं।

3 साल से ट्रांजेक्शन नहीं तो पीएनबी बंद करेगा खाता

अगर आपका पीएनबी में खाता है और उसे सालों से इस्तेमाल नहीं किया है, तो 1 जुलाई से बंद हो सकता है। बैंक की ओर से कुछ समय से अलर्ट किया जा रहा है कि जिन खाते में 3 साल से कोई ट्रांजेक्शन नहीं हुआ है तो 1 जुलाई से ये बंद किए जा सकते हैं।

302 नहीं, हत्या की नई धारा 101

ब्रिटिश काल के कानूनों का होगा खात्मा, आज से लागू होंगे 3 नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

- ठग 420 नहीं 316 कहलाएंगे, हत्या के प्रयास में अब लगेगी धारा 109

तीन नए आपराधिक कानून सोमवार यानी आज से देशभर में लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा।

तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान लेंगे। अहम धाराओं में बदलाव हो जाएगा। मसलन, पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी।

बहरहाल, नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी, जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, 'एसएमएस' के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान होंगे। आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय होंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी।

नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है। महिलाओं, पंद्रह वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को थाने आने से छूट दी जाएगी। 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर, 2023 को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर, 2023 को मंजूरी दी।

बदलेगी आईपीसी की इन धाराओं की पहचान

जुर्म	आईपीसी	भारतीय न्याय संहिता
देशद्रोह	धारा 124	धारा 152
गैर-कानूनी सभा	धारा 144	धारा 189
हत्या	धारा 302	धारा 101
हत्या का प्रयास	धारा 307	धारा 109
दुष्कर्म	धारा 376	धारा 63
मानहानि	धारा 399	धारा 356
ठगी	धारा 420	धारा 316

तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता में क्या है?

	पुराना	नया
	भारतीय दण्ड संहिता, 1860	भारतीय न्याय संहिता, 2023
कुल धाराएं	511	356
संशोधित धाराएं		175
नई धाराएं		8
निरस्त धाराएं		22

सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने ले ली है। सीआरपीसी की 484 धाराओं के बदले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। नए कानून के तहत 177 प्रावधान बदले गए हैं, जबकि 9 नई धाराएं और 39 उपधाराएं जोड़ी हैं। 35 धाराओं में समय सीमा तय की गई है। वहीं, नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 प्रावधान हैं। इससे पहले 167 प्रावधान थे। अब 24 प्रावधान बदले गए हैं।

न्याय संहिता में हैं 358 धाराएं

आईपीसी में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए गए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई गई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा और छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने थलसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला

- मनोज पांडे का स्थान लिया थलसेना के 30वें प्रमुख

नई दिल्ली। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को भारतीय थलसेना के 30वें प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। उन्होंने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है। जनरल द्विवेदी ऐसे समय में सेना प्रमुख बने हैं जब भारत, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) सहित अनेक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है। वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं।

मथुरा में पानी की टंकी ढही, दो लोगों की मौत

मथुरा (उप्र), एजेंसी

- 12 की हालत गंभीर, बचाव कार्य में कई विभागों की टीम लगी

मथुरा नगर में रविवार शाम आवासीय कॉलोनी में पानी की टंकी अचानक ढह गई, जिससे कई मकान टंकी की चपेट में आ गए। टंकी के मलबे में दबने से 2 महिलाओं की मौत हो गई और 12 लोग गंभीर घायल हो गए। ढाई लाख लीटर वाली टंकी तीन साल पहले ही बनी थी।

पुलिस ने बताया कि घटना शाम छह बजे बीएसए डिग्री कॉलेज के पीछे आवास विकास की कॉलोनी कृष्णा विहार की है। टंकी की चपेट में आसपास के कई मकान आ गए, जिससे उनमें रहने वाले और गली में खेल रहे बच्चे टंकी और मकानों के मलबे में दब गए। स्वास्थ्य विभाग के त्वरित कार्यबल के प्रभारी डॉ. भूदेव प्रसाद ने बताया कि सुंदरी (65) और सरिता (27) की मौत हो गई। घायल नवाब (35) को आगरा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। जबकि 11 घायल स्थानीय अस्पताल में भर्ती हैं। जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि कई विभागों की टीम बचाव कार्य में लगी हुई हैं।

मनोज सिंह ने संभाला मुख्य सचिव का पदभार

लखनऊ। 1988 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह राज्य के नए मुख्य सचिव बनाए गए हैं। उन्होंने रविवार शाम को अपने पूर्ववर्ती दुर्गाशंकर मिश्र से लोकभवन में कार्यभार ग्रहण किया। दुर्गाशंकर मिश्र रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस बार केंद्र से दुर्गा शंकर मिश्र को चौथा सेवा विस्तार नहीं मिला। मनोज कुमार सिंह के साथ औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकप और सीईओ यूपीईडा फिलहाल अभी बना रहेगा।



सूर्यकुमार को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार : पेज 17

शाह ने की 125 करोड़ के पुरस्कार की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत की टी-20 विश्वकप में खिताबी जीत पर बीसीसीआई सचिव ने दिया तोहफा

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टी-20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की सराहना करते हुए रविवार को टीम के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की। शाह ने कहा, रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व में इस टीम ने शानदार दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया है जो आईसीसी टी-20 विश्व कप के इतिहास में एक भी मैच गंवाए बिना टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गई है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, मुझे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए टीम इंडिया के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। टीम ने समर्पण, कड़ी मेहनत और अदम्य जज्बे से देश के लोगों को गौरवान्वित किया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में और विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और अन्य खिलाड़ियों की मदद से उन्होंने 1.4 अरब भारतीयों के सपनों और उम्मीदों को पूरा किया है।

एनआईए ने की राजौरी में कई स्थानों पर छापेमारी

नई दिल्ली। एनआईए ने रियासी आतंकवादी हमला मामले में रविवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान विभिन्न वस्तुएं जब्त की गईं जिनसे आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के बीच संबंधों का पता चलता है। आतंकवादियों ने नौ जून की शाम रियासी जिले के पौनी इलाके में शिव खोड़ी से कटरा जा रही यात्रियों की एक बस पर गोलीबारी की थी, जिससे बस पास एक खाई में गिर गई थी और एक बच्चे सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी।

लोगों ने लोकतंत्र के प्रति जताया भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी

- तीसरे कार्यकाल के पहले 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश की कमान संभालने के बाद अपने पहले 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में रविवार को कहा कि लोगों ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में देश के संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के 30 मिनट के अपने संबोधन में पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फोर लोकल' और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और लोगों से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए सोशल मीडिया पर 'चीयर 4 भारत' हैशटैग का उपयोग करने का आग्रह किया।

मोदी ने कहा कि आज दुनिया भर में भारतीय संस्कृति का गौरव गान हो रहा है, जिसकी हर देशवासी खुशी मना रहे हैं। 'वोकल फोर लोकल' कार्यक्रम का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि हमारे कई उत्पादों की दुनिया-भर में बहुत मांग है।

॥ प्रथम पुण्यतिथि ॥

"नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

श्री भगवदगीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं: इस आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते और अग्नि इसे जला नहीं सकती। जल इसे गीला नहीं कर सकता और वायु इसे सूखा नहीं सकता। "आत्मा अमर है"
॥ श्री भगवद् गीता 2.23॥

आदरणीय स्व. श्री संजय अग्रवाल जी
25/03/1958 - 01/07/2023

प्रथम पुण्यतिथि पर हमारा सादर नमन आप जहाँ भी हो अपना आशीर्वाद हम सब पर बनाए रखिए।

श्रद्धावंत

डॉ. मोहित अग्रवाल (9582235310)- डॉ. कनुप्रिया अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू) श्रीमती मुक्ता अग्रवाल (धर्मपत्नी)

दीपक अग्रवाल-आरती अग्रवाल
मनीष अग्रवाल-शगुन अग्रवाल
रितेश अग्रवाल-एकता अग्रवाल
विकास अग्रवाल-आरती अग्रवाल
निखिल अग्रवाल-अनुज्ञा अग्रवाल
अंकित अग्रवाल-रति अग्रवाल
(पुत्र-पुत्रवधू)

मंजू अग्रवाल-डॉ. वी.के. अग्रवाल
पारुल अग्रवाल-विमल अग्रवाल
चारु अग्रवाल-अंकुर अग्रवाल
रीतू अग्रवाल-सीतेश अग्रवाल
ईशा अग्रवाल-आशीष अग्रवाल
रिचा अग्रवाल-दिव्य अग्रवाल
(पुत्री-दामाद)

विजय अग्रवाल-सुधा अग्रवाल
अजय गोयल-मंजू अग्रवाल
शिव कुमार-बाला अग्रवाल
(भाई-भाईवधू)
स्पर्श, कृषव, दैविक, कार्तिके, उद्धव, देव सिद्धार्थ
(पौत्र)

श्रेया, मान्या, गार्गी, रिया, सिया
आशिता, वेदिका, आकृति, संस्कृति (पौत्री)
कनिका, मनिका, अरु, खुशी (ध्योति)
व्योम, पार्थ, आरव, कृष्णा (ध्योता)

प्रतिष्ठान

- संजय ट्रांसपोर्ट
- स्पर्श ग्रुप ऑफ होटल्स एंड रिजॉर्ट
- फोकस पैथलैब, फोकस एम.आर.आई. एंड डायग्नोस्टिक्स
- संजय फिलिंग स्टेशन
- मास्कोट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस
- फोकस नेत्रालय आई हॉस्पिटल

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस विशेष

• ADVT

सेहत की गाइड: अमृत विचार ने विशेषज्ञों से जाने वो सूत्र जो रखेंगे आपको सेहतमंद, बीमारियों से रखेंगे दूर।

"अच्छी सेहत के सुनहरे सूत्र"

स्वस्थ शरीर ही हमारा सर्वस्व है, जिसको एक बीमार व्यक्ति ही देख सकता है। असलियत में शरीर को स्वस्थ रखना हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए, क्योंकि शरीर है तो सारे सुख हैं। सभी कुछ तो आपके फिटनेस से जुड़ा हुआ है। यदि शरीर ही स्वस्थ न रहा तो सब कुछ होते हुए भी हम अधूरे से ही रहते हैं। ये शरीर सब कर्मों का माध्यम है, अपनी दिनचर्या पर बड़ी बारीकी से ध्यान देना चाहिए कि हमारा खान-पान कैसा है, कहीं ऐसा तो नहीं जो हम खा रहे हों उसी के कारण शरीर बीमार हो रहा हो। कब खाना है, कितना खाना है, क्या खाना और कब नहीं खाना है इन सभी बातों की हमें जानकारी होनी चाहिए। अपनी नींद पर भी हमें ध्यान देना चाहिए कि हमारी नींद ठीक है, या नहीं। यदि नींद ठीक नहीं तो भी शरीर बीमार हो सकता है। हमारी दिनचर्या हमेशा व्यवस्थित रहनी चाहिए।

चिकित्सा जगत के विभागों के विशेषज्ञ

बच्चों में पानी का महत्व, लापरवाही न पड़ जाए भारी

बच्चों को हाइड्रेटेड रहने की आवश्यकता क्यों है? आपके बच्चे का अधिकांश शरीर पानी से बना है। पानी शरीर के तापमान को बनाए रखने, शारीरिक तरल पदार्थ बनाने और दिन-प्रतिदिन कार्य करने में मदद करता है। पानी की कमी होने पर रोने पर उनके आँसू नहीं निकलते। उनका मुंह सूखा होता है। उनमें ज्यादा पेशाब नहीं बनता हैं।

बच्चों की किसी भी प्रकार की बीमारी हेतु मिलें-

डा. रुचिन अग्रवाल
MBBS, MD
गोल्ड मेडिलिस्ट
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ

क्यूटिस एंड किड्स हास्पिटल
गुलमोहर पार्क निकट झूलेलाल द्वार, बरेली
कॉल- 7465888840

होम्योपैथी बेहद असरकारी है

कोई एक या दो नहीं होम्योपैथी बहुत से रोगों में लाभकारी हो सकती है। आप अपनी समस्या और उस से जुड़ी रिपोर्ट्स ले कर अपने चिकित्सक से संपर्क करें और जानकारी लें। बच्चों से ले कर बुजुर्गों तक, महिलाओं और पुरुषों के रोगों में, एलर्जी से लेकर जीवन शैली के रोगों में आप होम्योपैथी से लाभ उठा सकते। किसी चिकित्सक की स्वीकार्यता के बारे में आपके परिचित बता सकते हैं और जब आप अपने चिकित्सक से पूरी जानकारी ले लें। संतुष्ट हों तभी इलाज शुरू करें।

सम्पूर्ण रोगों के परामर्श हेतु मिलें-

डा. सुधांशु आर्य
DHMS
होम्योपैथी चिकित्सक एंड स्पेशलिस्ट

डा. सुधांशु आर्य होम्योपैथी क्लीनिक
68, सिविल लाइन, अनाथालय मार्ग, बरेली
कॉल- 7617565565 - 7599002044

लैप्रोस्कोपी सर्जरी इसलिए मानी जाती है सुरक्षित...

लेप्रोस्कोपी सर्जरी से गॉल ब्लेडर, पेल्विस, अपर और लोवर GI ट्रैक्ट, थोरेक्स सर्जरी, अपेंडिक्स, हर्निया के साथ बड़ी और छोटी अंत का सफल ऑपरेशन संभव है। रोगी की स्थिति, उसका स्वास्थ्य और बीमारी की गंभीरता के आधार पर सर्जरी तय किया जाता है। कम दर्द लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के बाद पोस्ट ऑपरेटिव दर्द काफी कम होता है। अनुभवी चिकित्सक द्वारा की गई सर्जरी आसान होती है।

पेट संबंधित सम्पूर्ण रोगों के परामर्श हेतु मिलें-

डा. अय्यूब अंसारी
MBBS, MS, FA, IS, FMAS
वरिष्ठ लैप्रोस्कोपिक सर्जन

अल मदीना अलमास हास्पिटल
गार्डेन सिटी, फहम लॉन के सामने, बरेली
कॉल- 9412187883

बांझपन नहीं लाइलाज

बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान, व्यायाम की कमी व तंबाकू के बढ़ते इस्तेमाल से तमाम दंपती बांझपन की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे दंपती समय से संपूर्ण जांच व इलाज कराएं तो उनके आंगन में भी किलकारी गूंज सकती है। न्यूट्रीशियन व फोलिक एसिड न मिलने से तमाम लड़कियों की बच्चेदानी में टीबी का संक्रमण हो जाता है। बच्चेदानी की लाइनिंग खत्म हो जाती है, ट्यूब बंद हो जाती है। इससे वे शादी के बाद मां नहीं बन पातीं।

प्रसूति व स्त्री रोगों के परामर्श हेतु मिलें-

डा. मीनाक्षी राजपूत
MD
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

आर्या हॉस्पिटल
लाल फाटक पुल के पास, बदायूं रोड, बरेली
कॉल- 8909334401

कमजोर लगना भी हृदय रोग

छाती में होने वाले दर्द को इग्नोर नही करना चाहिए। सांस लेने में दिक्कत, अनियमित दिल की धड़कन, बेहोशी या निकट बेहोशी, मतली आना, उल्टी आना, हमेशा कमजोरी महसूस होना आदि हृदय रोग के लक्षण हैं। मायोकार्डियल रोधगलन, जिसे आम भाषा में दिल का दौरा भी कहते हैं, तब होता है जब हृदय को रक्त की आपूर्ति में किसी तरह की बाधा आती है या फिर वो पूरी तरह से रुक जाती है।

हृदय रोग के परामर्श हेतु मिलें-

डा. मोहम्मद कलीम
MBBS, MD (MED) AMU, DM (Cardiology)
हृदय रोग विशेषज्ञ

गंगाशील मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट
डीडी पुरम, बरेली
कॉल- 9369800589

डा. प्रेम किशोर जांगिड
MBBS, MS, M.Ch
कैंसर सर्जन

दिख रहे ऐसे बदलाव तो हो जाएं सतर्क

कैंसर के कई प्रकार होते हैं जैसे ब्रेस्ट कैंसर, लंग कैंसर, यूट्रस कैंसर, सर्वाइकल कैंसर आदि। इन सभी कैंसर के पीछे एक कॉमन कारण होता है, सेल्स की असमान्य ग्रोथ। यह सेल्स जब बढ़ने लगते हैं और शरीर में फैलना शुरू करते हैं, तब यह कैंसर का रूप लेते हैं। शुरुआती स्टेज में पता लग जाए तो इसे बढ़ने से रोका जा सकता है और इसका इलाज भी संभव है। अचानक वजन बढ़ना या कम होना, सांस लेने में तकलीफ होना आदि कैंसर के लक्षण हैं।

कैंसर संबंधी समस्या के परामर्श हेतु मिलें-

श्री वेदांता हास्पिटल
दोहरा रोड, बरेली
कॉल- 8077981628 - 6397775252

सिरदर्द और चक्कर आना जैसे लक्षण सामान्य नहीं

सिरदर्द और चक्कर आना जैसे लक्षण कुछ सामान्य समस्याओं जैसे तनाव, थकावट या मामूली स्वास्थ्य स्थिति में भी नजर आ सकते हैं, लेकिन इसके गंभीर स्वास्थ्य परिणामों में लगातार सिरदर्द और चक्कर आना ब्रेन ट्यूमर का संकेत से भी होता है। ब्रेन ट्यूमर के गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है, अगर समय रहते इसका निदान और फिर इलाज कराया जाए।

दिमाग एवं रीढ़ संबंधित रोगों के परामर्श हेतु मिलें-

बरेली न्यूरो एंड स्पाइन सेंटर
डिवाइन हास्पिटल के सामने, के के हास्पिटल रोड
कॉल- 7017678157 - 7417389433

डा. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh (SGPGL, Lucknow)
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ

अपनी पसंद के अनुसार जीवन जिएं

डेंटल इम्प्लांट्स आपको स्वस्थ प्राकृतिक दांतों के सबसे करीब ले जा सकता है। वे आपको अपनी पसंद के अनुसार जीने की अनुमति देते हैं। आत्मविश्वास से खाना, मुस्कुराना, हंसना, बात करना और अपने दांतों की चिंता किए बिना अपनी सभी दैनिक गतिविधियों का आनंद लेना। आप डेंटल इम्प्लांट्स के माध्यम से सिंगल, मल्टीपल या पूरे डेन्चर को फिक्स्ड दांतों से बदल सकते हैं।,

दांत संबंधी रोगों के परामर्श हेतु मिलें-

एडवांस डेंटल केयर एंड इम्प्लांट सेंटर
स्टेडियम रोड, पंजाब एंड सिंध बैंक के सामने
कॉल-9457320643 - 9358316667

डा. हिमांशु शर्मा
BDS, MDS - Oral & Maxillofacial Surgery
मैक्सिलोफेशियल सर्जन एंड इम्प्लांटोलॉजिस्ट

घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की सफलता दर 98 फीसदी

घुटने की प्रत्यारोपण सर्जरी में रोगग्रस्त जोड़ को कृत्रिम जोड़ से बदल दिया जाता है, जिससे मरीज अपने कृत्रिम जोड़ की मदद से शारीरिक गतिविधियां और अपने कार्य कर सकता है। घुटने के प्रत्यारोपण सर्जरी से घुटने के दर्द में राहत मिलती है। सर्जरी की सफलता की दर लगभग 98 प्रतिशत से अधिक है। सर्जरी से ड्राइविंग बहुत आसान हो जाती है।

घुटने संबंधी रोगों के परामर्श हेतु मिलें-

वेंकटेश्वर हास्पिटल
गुप्ता बारात घर कॉम्पलैक्स, बीसलपुर रोड, हरुनगला, बरेली, कॉल- 6399341012

डा. अजय कुमार श्रीवास्तव
MBBS, MS
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

होम्योपैथी में कैंसर तक का इलाज संभव

होम्योपैथी 200 साल से भी ज्यादा पुरानी है। यह कैंसर से पीड़ित लोगों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सबसे आम पूरक चिकित्सा पद्धतियों में से एक है। होम्योपैथी 'जैसे को तैसा ठीक करता है' और 'सबसे छोटी खुराक के नियम' के सिद्धांत पर काम करती है। किसी बीमारी का इलाज करने के लिए, होम्योपैथिक चिकित्सक (होम्योपैथ) किसी पदार्थ की छोटी खुराक का उपयोग करता है।

किसी भी बीमारी के परामर्श हेतु मिलें-

एडवांस होम्योपैथी होलिस्टिक
सुरेश शर्मा नगर, बरेली
कॉल- 9359114707

डा. जी. एस. पुण्डीर
MD
होम्योपैथी कंसलटेंट, क्रोनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग

बीमारी का संकेत है दांतों में झनझनाहट

बदलती जीवनशैली और फास्ट फूड के बढ़ते चलन ने सबसे ज्यादा दांतों को प्रभावित किया है। इनमें सबसे बड़ी समस्या कैरीज की है। फास्ट फूड और गुटखा खाने वालों के दांतों में धीरे-धीरे गलन शुरू होने लगती है। एक स्थिति ऐसी आती है जब दांत पूरी तरह से गलकर अलग हो जाते हैं। दांतों से जुड़ी ऐसी ही समस्याओं के समाधान के लिए परामर्श लें।

दांत संबंधी रोगों के परामर्श, जांच व इलाज हेतु संपर्क करें-

फैमिली डेंटल केयर एंड इमप्लांट सेंटर
सोबटी कोनटिनेंटल के निकट, ग्रीन पार्क, बरेली
कॉल- 9627749449

डा. नीरज चंद्रा
BDS, MDS
दंत चिकित्सक



आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

33.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- त्रिवटीनाथ मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा शाम 4 बजे।
- कैंट स्थित बीआई बाजार में सेना लेखा कार्यालय का उद्घाटन सुबह 10 :30 बजे।

गोलीकांड : हिस्ट्रीशीटर केपी यादव के दो साथी मुठभेड़ में गिरफ्तार

एक ने केपी यादव को तमंचों की सप्लाई की थी, पुलिस ने दोनों के पैर में मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राजीव राणा की ओर से दोनों ने पीलीभीत बाईपास पर चलाई थीं गोलियां

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए गोलियां चलाने वाले हिस्ट्रीशीटर सभासद केपी यादव को हथियार पहुंचाने वाले आरोपी समेत दो को पुलिस ने रविवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुर्खा चौधरी किला निवासी मोहम्मद हुसैन उर्फ गोला और खाता रिठौरा निवासी धनुष यादव उर्फ गुर्गा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो तमंचे, दो जिन्दा कारतूस और एक कार बरामद की है। पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि वैसपुर गुलड़िया नहर के किनारे दोनों आरोपी कार से कहीं भागने की फिराक में हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें दोनों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। धनुष पर आठ और गोला पर नौ मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अफसरों के अनुसार मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर और एनएसए लगाया जाएगा। इसके बाद सभी आरोपियों की प्रॉपर्टी चिह्नित कर जब्त की जाएगी।

> गोलीकांड के दो आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। –**राहुल भाटी**, एसपी सिटी

मुठभेड़ में घायल हुए मोहम्मद हुसैन और धनुष यादव को अस्पताल ले जाती पुलिस।

धनुष ने सीने पर केपी के नाम का बनवाया था टैटू : गिरफ्तार आरोपी धनुष ने हिस्ट्रीशीटर केपी यादव के नाम से सीने पर टैटू बनवाया था। गोला और धनुष गोलीकांड से पहले रात में होटल में हुई पार्टी में भी शामिल हुए थे। सुबह दोनों ने मौके पर गोली भी चलाई थी।

केपी की प्रेमिका की भी भूमिका की जांच शुरू : केपी यादव का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर पुलिस ने देखा तो उसमें केपी की प्रेमिका के कई मेसेज भी थे, जिसमें उसने केपी को फोन बंद करने के लिए कहा था। पुलिस उसकी प्रेमिका की भूमिका भी जांच कर रही है।

गोला एक नामी बिल्डर के लिए भी करता है काम

पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार मोहम्मद हुसैन उर्फ गोला ने बताया कि उसने हिस्ट्रीशीटर केपी यादव के कहने पर घटना वाले दिन से करीब एक सप्ताह पहले ही तमंचे मंगवा लिए थे। केपी ने उसे एडवांस रुपये भी दिए थे और बाकी पैसे मास्टर माइंड राजीव राणा के भाई संजय राणा के देने पर देने का वादा किया था। उसने बताया कि वह केपी यादव के साथ लंबे समय से जुड़ा हुआ था। उस दिन तमंचे देने के साथ ही वह 10–15 सदस्यों के एक गिरोह के साथ मौके पर पहुंचा था। उसने भी गोलियां चलाई थीं। गोला ने अपने गुर्गों को तमंचे देने से पहले ही बता दिया था कि वहां कोई भी आ जाए लेकिन भागना नहीं है। पुलिस पूछताछ में गोला ने बताया कि वह शहर के एक नामी बिल्डर के लिए काम करता है। उसके एक इशारे पर वह कोई भी घटना कर सकता है। उसके गिरोह में एक विशेष समुदाय के ही सदस्य हैं। गोला ने किससे तमंचे मंगवाए थे, पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है।

हिस्ट्रीशीटर समेत दो और गए जेल

पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए गए हिस्ट्रीशीटर केपी यादव और उसके दोस्त सुभाष लोधी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। अभी राजीव राणा का भाई संजय राणा अभी फरार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि जरूरत पर जेल भेजे गए आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा सकती है।

राजीव राणा के सिटी स्टार होटल पर जल्द चल सकता है बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- होटल को बीडीए पहले ही कर चुका है सील, अब ध्वस्तीकरण की तैयारी

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए हुए गोलीकांड के आरोपियों के दो अवैध निर्माण बीडीए ध्वस्त कर चुका है। अब राजीव राणा के सिटी स्टार होटल पर भी जल्द बुलडोजर चलेगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस होटल को बीडीए पहले ही सील कर चुका है।

गोलीकांड के मुख्य आरोपी राजीव राणा के होटल और दूसरे पक्ष के आदित्य उपाध्याय के अवैध बैंक्वेट हाल पर जांच के बाद बीडीए ने बुलडोजर चला दिया।

अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के आदेश दो साल पहले हुए थे लेकिन सत्ता के दबाव में कार्रवाई नहीं हुई थी। अब गोलीकांड के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। बीडीए ने पिछले दिनों राजीव राणा के सिटी स्टार होटल को सील किया गया था। यह होटल भी पूरी तरह से अवैध बना हुआ है। अब इसे ध्वस्त करने की तैयारी है। इससे पहले बीडीए राजीव राणा के होटल सिटी स्टार एवं रेस्टोरेंट और आदित्य उपाध्याय के सांवरिया लॉन पर बुलडोजर चला चुका है। राणा का एक और होटल सिटी स्टार के नाम से दर्ज है। इसे बीडीए ने सील किया है लेकिन इसे भी ध्वस्त करने की तैयारी है।

दोनों गुटों की मदद करने वाले निशाने पर

बरेली, अमृत विचार : एसएसपी अनुराग आर्य की सख्ती के बाद पुलिस ने विवेचना तेज कर दी है। पुलिस घटना के समय के वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की मदद करने वालों की पहचान कर रही है। सभी के नाम विवेचना में शामिल किए जाएंगे। इस मामले में एक मुकदमे में मार्बल कारोबारी आदित्य उपाध्याय, उसके बेटे अभिराज, चौकीदार और उसके अज्ञात साथी आरोपी बनाए थे। दूसरा मुकदमा मार्बल कारोबारी आदित्य उपाध्याय के कर्मचारी शीशगढ़ के गांव बैरमनगर के रहने वाला रोहित शर्मा की ओर से राजीव राणा, हरिओम, गौरीशंकर, संजय, राधे, आशीष, राजन, रोहित ठाकुर, केपी यादव, शिवम ठाकुर, पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल और 150 अज्ञात के खिलाफ लिखाया गया। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

सभी आरोपियों पर हो रही कड़ी कार्रवाई : आईजी

आईजी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि प्लॉट पर कब्जा करने के लिए गोली चलाने वाले सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। गैंगस्टर एक्ट में उनकी अवैध प्रॉपर्टी को अटैच किया जाएगा। जमीन कब्जा करने वाले सभी आरोपियों की प्रॉपर्टी चिह्नित की जा रही है।

नगर निगम : आदेशों की अनदेखी पड़ी भारी, मुख्य अभियंता का तबादला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कानपुर के मुख्य अभियंता मनीष को बरेली की जिम्मेदारी
- पुनीत कुमार ओझा को नगर निगम अयोध्या भेजा गया

अमृत विचार : आला अफसरों के आदेशों की अनदेखी करना नगर निगम के निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पुनीत कुमार ओझा को भरी पड़ गया। उनका तबादला अयोध्या नगर निगम में किया गया है। उनके स्थान पर कानपुर नगर निगम के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी को यहां की जिम्मेदारी दी गई है।

15 वित्त के कार्यों का बजट जारी होने के बाद भी काम न होने और अन्य मदों से होने कार्यों को लेकर नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने मुख्य अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन मुख्य अभियंता ने इसकी अनदेखी की थी। आचार संहिता हटने के तुरंत बाद वह अवकाश पर चले गए थे। इसको लेकर अधिकारियों की नाराजगी रही। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने भी समीक्षा बैठक में निर्माण विभाग के अभियंताओं की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किए थे। कई बार आदेशों की अवहेलना पर नगर आयुक्त ने एक जून को मुख्य अभियंता को नोटिस दिया था। इस पर भी सुधार न होने पर शिकायत शासन तक पहुंची। अब उनका तबादला कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार आने वाले समय में निर्माण विभाग के कई इंजीनियरों तबादला हो सकता है।

सहायक लेखाधिकारी का भी तबादला

नगर निगम के सहायक लेखाधिकारी हृदय प्रकाश नारायण का झांसी नगर निगम में तबादला किया गया है। उनके स्थान पर झांसी के राज किशोर को भेजा है।

स्मार्ट सिटी में मोहल्ले हुए जलमग्न, सड़कें भी लगीं टूटने

रामपुर गार्डन

सुभाषनगर पुलिया

बरेली, अमृत विचार : बारिश में नाले चोक होने से मोहल्लों में पानी भर रहा है। इसकी वजह से सड़कें भी टूट रही हैं। रविवार शाम को बारिश के बाद प्रभा टॉकीज के सामने रामपुर बाग में जलभराव हो गया। सुभाष नगर पुलिया के नीचे जलभराव में कई बाइक सवार गिरते बचे। हजियापुर खजूर वाली मस्जिद के पास भी पानी भर गया। दुर्गा नगर में जलभराव की वजह से सड़क टूटकर खराब हो गई। अन्य मोहल्लों में भी हाल खराब रहा।

हजियापुर

दुर्गा नगर

साक्षी मिश्रा ने ससुर समेत नौ लोगों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जबरन घर खाली करवाने का भी आरोप, थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : साक्षी मिश्रा ने अपने ससुर समेत नौ लोगों पर उत्पीड़न और जबरन घर खाली करवाने का आरोप लगाते हुए थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इससे पहले साक्षी ने दहेज उत्पीड़न की भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

साक्षी मिश्रा ने अजितेश के साथ अंतरजातीय विवाह किया था। पुलिस को दी तहरीर में साक्षी ने बताया कि उनके पति अजितेश के पिता हरीश नायक और अन्य परिजन दहेज के लिए उन्हें प्रताड़ित करते थे। परेशान होकर उन्होंने ससुर हरीश नायक समेत अन्य परिजनों के खिलाफ थाना इज्जतनगर में दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ससुर और परिजन उन्हें और उनके पति को प्रताड़ित करते हैं और जबरन घर खाली कराने की कोशिश करते हैं।

आरोप है कि 26 जून को रात 10:30 बजे उनके ससुर हरीश नायक, सुशीला, जतिन, यशि, श्रुति, हिमांशी, शील कुमार, निलिमा, बबिता आ गए और गालीगलौज की। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। साक्षी का आरोप है कि ससुराल वाले उनके पति अजितेश और बेटे विवान की हत्या करा सकते हैं। शिकायत पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने हरीश नायक समेत सभी नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इससे पहले दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

अगले महीने से लागू हो सकते हैं नए सर्किल रेट

अमृत विचार : जिले में अगस्त से जमीनों के नए सर्किट रेट लागू हो सकते हैं। निबंधन विभाग नए सर्किल रेट तैयार करने में जुट गया है। संभावना है कि कई जगहों पर जमीनों के दाम बढ़ाए जा सकते हैं।

पिछले साल 1 अगस्त को जमीनों के नए सर्किल रेट लागू किए गए थे। किसानों की आपत्तियों के बाद सुझावों पर देहात क्षेत्र के सर्किल रेट में आंशिक बदलाव भी किया गया था। वहीं 15 से 20 फीसदी रेट बढ़ाए जाने से कई जगहों पर जमीनें महंगी हो गईं थीं। इस बार अगस्त में फिर नए सर्किल रेट लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। सभी तहसीलदारों और उप निबंधकों को तहसील वार संपत्तियों के वार्षिक मूल्यांकन की सूची तैयार करनी है। प्रस्तावित सर्किल रेट की सूची अनुमोदन के लिए डीएम के पास जाएगी और उसके बाद ही अगस्त में नए रेट लागू होंगे।

गर्मी से राहत, आज से तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट

- दिन में धूप खिलने से तापमान में हुई बढ़ोत्तरी

बरेली, अमृत विचार : मानसून की दस्तक के बाद रविवार शाम बारिश से गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने 3 जुलाई तक भारी या मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। इसके बाद 7 जुलाई तक भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। रविवार को दिन में धूप खिलने से अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

जिले में अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शनिवार से करीब तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में जिले में 15 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि मानसून ने पूरे प्रदेश को कवर क लिया है। अगले तीन दिन भारी या मध्यम बारिश का अनुमान है।

ब्लॉक की वजह से कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं, यात्री हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गोरखपुर आनंद विहार और जनसाधारण रहीं निरस्त
- रुड़की यार्ड और गोंडा बुढ़वल रेलखंड पर चल रहा है कार्य

अमृत विचार: रुड़की यार्ड और गोंडा बुढ़वल रेलखंड पर चल रहे कार्यों की वजह से रविवार को भी ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। कई ट्रेनें घंटों की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंचीं।

ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान होते रहे। वहीं, ब्लाक के कारण कुछ ट्रेनें निरस्त रहीं। रविवार को 14618 जनसेवा एक्सप्रेस 2 घंटा 50 मिनट, 04212 वाराणसी समर स्पेशल 5 घंटा 20 मिनट, भटिंडा समर स्पेशल 1 घंटा 20 मिनट की देरी से यहां आई।

इसके अलावा 12391 श्रमजीवी एक्सप्रेस 3 घंटा, 04059 जयनगर अमृतसर स्पेशल 8 घंटा, 14673 शाहिद एक्सप्रेस 2 घंटा 30 मिनट, 12331 हिमगिरि एक्सप्रेस 3 घंटा 30 मिनट, 04529 भटिंडा समर स्पेशल 1 घंटा 15 मिनट, 04067 दिल्ली स्पेशल ट्रेन 15 घंटा, 15624 कामाख्या एक्सप्रेस 3 घंटा, 15920 अवध असम एक्सप्रेस 1 घंटा 15 मिनट लेट थी। वहीं, 05023 गोरखपुर आनंद विहार स्पेशल और 22424 जनसाधारण एक्सप्रेस निरस्त रही।

जिला अस्पताल में युवती से छेड़छाड़ चार पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में युवती के साथ चार लोगों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर युवती का दुपट्टा खींच लिया और जातिसूचक शब्द कहे। कोतवाली पुलिस ने सभी के खिलाफ छेड़छाड़ और एससी-एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर क्षेत्र की रहने वाली युवती के मुताबिक बारादरी के पशुपति विहार में उनके एक परिचित रहते हैं। परिचित के साथ 10 जून को उनके पड़ोसी फारूख, शब्बू, फारूख के भांजे ने मारपीट की थी। आरोपियों ने परिचित के परिवार पर भी हमला किया था। वह उसी रात 12:30 बजे जिला अस्पताल में भर्ती परिचित को देखने गई थीं। आरोप है कि वहां फारूख, शब्बू और फारूख के भांजे नाजिम और आसिफ ने उनके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर कपड़े फाड़ने की कोशिश की।

नहाते समय युवती का बनाया वीडियो, आरोपी को दबोचा

- ब्लैकमेल करने के लिए बना रहा था वीडियो, पुलिस को सौंपा

बरेली, अमृत विचार : थाना बारादरी क्षेत्र में नहाते समय एक युवती का वीडियो बनाते हुए युवक को पकड़ लिया गया। युवती के परिजनों ने युवक को बारादरी पुलिस के हवाले कर दिया। युवती के भाई ने पुलिस में तहरीर दी है।

बारादरी क्षेत्र में किराये के मकान में रहने वाले युवक ने बताया कि 30 जून को उनकी बहन बाथरूम में नहा रही थी। इसी बीच एक युवक ने बहन का चुपके से वीडियो बना लिया। बहन ने वीडियो बनाते देखने पर शोर मचाया तो मकान मालिक ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया। युवक का मोबाइल देखने पर उसमें नहाते समय के वीडियो और फोटो थे। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ब्लैकमेल करने के लिए वीडियो बना रहा था। इसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है।

समझौता न करने पर वीडियो किया वायरल

युवती का नहाते समय वीडियो बनाने वाले के मामले में आरोपी को पकड़ने के बाद मकान मालिक और अन्य लोगों ने समझौते का दबाव बनाया। जब समझौता नहीं किया तो आरोपी को पकड़कर ले जाने वाले भाजपा नेताओं का वीडियो वायरल कर दिया। इस संबंध में आदेश प्रताप सिंह ने बताया कि युवती के भाई की सूचना पर वह लोग घटना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद मकान मालिक और अन्य किरायेदार समझौते की बात करने लगे, लेकिन आरोपी को पकड़कर बारादरी पुलिस के हवाले कर दिया, तब उन्हें बदनाम करने को सीसीटीवी फुटेज वायरल कर दी।

नाथ नगरी कॉरिडोर के लिए 25 करोड़ जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कमिश्नर ने जल्द एजेंसी तय कर कार्य शुरू कराने के दिए निर्देश
- सभी विभागों को सप्लीमेंट्री डीपीआर शासन को भेजने को कहा

अमृत विचार : नाथ नगरी कॉरिडोर को नव्य और भव्य रूप देने की तैयारी जल्द शुरू होगी। शासन ने इसके लिए प्रथम किस्त के रूप में 25 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी है। हालांकि, अभी निर्माण एजेंसी तय नहीं हुई है। इंद्रधनुषी रंग से सातों मंदिरों को जोड़ने वाले सात सर्किट तैयार किए जाएंगे। सभी सर्किटो में अलग-अलग रंग होंगे। नाथ कारिडोर में पड़ने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के एक ही डिजाइन और एकरूपता के साइन बोर्ड लगाए जाएंगे।

कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने नाथ नगरी कॉरिडोर का निर्माण तेजी से कराने के लिए कहा है। उन्होंने सभी विभागों को सप्लीमेंट्री डीपीआर शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं। पर्यटन विभाग को कार्यदायी संस्था का चयन कर शीघ्र काम शुरू करवाने के निर्देश दिए गए हैं। 250 करोड़ रुपये से नाथ मंदिरों को जोड़ते हुए 32.5 किलोमीटर लंबा टूरिज्म सर्किट बनाने का काम होना है। फिलहाल, शासन की ओर से प्रथम किस्त के रूप में धनराशि जारी कर दी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही इस दिशा में काम शुरू हो जाएगा।

स्ट्रीट लाइट में होंगे शिव के प्रतीक चिह्न, नाथ मंदिर को जोड़ने वाले सर्किट होंगे एक समान : सातों नाथ मंदिर को जोड़ने वाले सर्किट पर स्ट्रीट लाइट में शिव के प्रतीक चिह्न लगाए जाएंगे। इनमें सातों सर्किटों की अलग पहचान के लिए डमरू, त्रिशूल, त्रिपुर, नंदी स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा नाथ मंदिरों को जोड़ने वाली सड़क पर कंट्रोल्ड एलिवेशन कराया जाएगा। एक से दूसरे नाथ मंदिर को जोड़ने वाले सातों सर्किट को एकरूपता लाने के लिए दोनों ओर बिल्डिंग एक ही रंग में नजर आएंगी।

फोकस वॉल पर होगा शिव के विभिन्न स्वरूपों का चित्रण

शहर के प्रमुख स्थानों एवं चौराहों पर फोकस वॉल का निर्माण किया जाएगा, जिससे युवा पीढ़ी नाथ नगरी के सांस्कृतिक विरासत और उसके आध्यात्मिक महत्व को समझ सके। फोकस वाल में शिव के विभिन्न स्वरूपों का चित्रण किया जाएगा। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है।

शहर के प्रमुख चौराहों का भी होगा विकास

नाथकॉरिडोर को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों का भी विकास किया जाएगा। शिव के विभिन्न स्वरूपों की स्थापना की जाएगी। आर्किटेक्ट सुमित अग्रवाल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नाथकॉरिडोर की अवधारणा से संबंधित प्रजेंटेशन दिया था। इस दौरान डीएम रविंद्र कुमार, वीसी बीडीए मानिकनंदन ए, सचिव योगेंद्र कुमार, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी बृजपाल सिंह आदि मौजूद रहे थे।

कुत्तों ने हिरण को नोचकर किया घायल, ग्रामीणों ने बचाई जान

- जंगल से भटक कर गांव लाड़पुर में पहुंच गया था, सूचना के आठ घंटे बाद पहुंची वन विभाग की टीम

भुता/बरेली, अमृत विचार : जंगल से भटक कर एक हिरण गांव में पहुंच गया। कुत्तों के झुंड ने हमला कर हिरण को घायल कर दिया। ग्रामीणों ने कुत्तों को भगाकर हिरण की जान बचाई। सूचना देने के आठ घंटे के बाद वन विभाग की टीम पहुंची और घायल हिरण को आईवीआरआई ले गई।

भुता क्षेत्र के गांव लाड़पुर में रविवार सुबह 5 बजे जंगल से भटक कर हिरण पहुंच गया। जहां कुत्तों ने घेर कर उस पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने लाठी डंडों से कुत्तों को भगाकर हिरण को बचाया। ग्रामीणों की सूचना के आठ घंटे बाद फरीदपुर रेंजर ऋषि ठाकुर की अगुवाई में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पिछले महीने गांव नवादा ब्राह्मन में कुत्तों के हमले में घायल हिरण की समय पर उपचार न मिलने पर मौत हो गई थी।

घायल हिरण की देखभाल करते ग्रामीण।

एक नजर

अटके कार्यों को रफ्तार देने के लिए खुला नगर निगम टेंडर कराने की तैयारी

बरेली, अमृत विचार : रविवार को अवकाश होने के बाद भी नगर निगम के महत्वपूर्ण कार्यालय खुले रहे। सभी वार्डों में सड़क और नाला निर्माण के लिए टेंडर कराने को लेकर फाइलों की तैयारी में कर्मचारी जुटे रहे। जबकि टैक्स विभाग में स्वकर प्रणाली के लिए साफ्टवेयर अपडेट करने का काम जारी रहा। दरअसल, नगर आयुक्त ने सख्त निर्देश दिए हैं कि जो काम अधूरे हैं, उन्हें तत्काल पूरा कराया जाए। लापरवाह ठेकेदारों को अंतिम नोटिस भेज कर काली सूची में डालने की कार्रवाई की जाए।

जलभराव में टूटने लगी मोहनपुर की सड़क

बरेली, अमृत विचार : जलभराव की वजह से मोहनपुर रोड टूटने लगी है। बजरी सड़क पर फैल रही है, इसकी वजह से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। कुछ महीने पहले ही जगह-जगह आरसीसी की सड़क बनाई गई थी। इसके किनारे पर टाइल्स भी लगाई गई थीं लेकिन टाइल ऊंची होने की वजह से सड़क पर पानी भर रहा है। शेष जगह डामर सड़क डाली गई लेकिन नीचे होने से जलभराव हो रहा है।

राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए दिल्ली में कदम रखने की तैयारी

अमृत विचार समूह के वार्षिक अधिवेशन में तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता के दम पर पाठकों के दिल में उतरने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रिंट मीडिया की अहमियत बरकरार, पाठकों के फीडबैक के मुताबिक खुद को ढालें : डॉ. केशव अग्रवाल
- प्रसार बढ़ाने के लक्ष्य तय करेंगे, ब्रांडिंग की योजनाओं पर भी रहेगा फोकस : डॉ. अशोक अग्रवाल
- आगे और तेज प्रगति की जरूरत, संपादकीय विभाग निभाए प्रमुख भूमिका : शंभू दयाल वाजपेयी

अमृत विचार : अमृत विचार समूह के वार्षिक अधिवेशन में रविवार को तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता का संकल्प लेने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए जल्द देश की राजधानी दिल्ली से भी संस्करण शुरू करने पर विचार किया गया। समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने गुणवत्ता के साथ पाठकों के लिए समर्पित अखबार निकालने पर जोर दिया तो समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आगे का सफर और तेजी से तय करने की प्रतिबद्धता जताई।

रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में हुए अधिवेशन में डॉ. केशव ने कहा कि अखबार को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया की अहमियत कभी कम नहीं हो सकती क्योंकि अखबार एक स्थाई दस्तावेज है। अखबार जैसी विश्वसनीयता और उसे पढ़ने जैसा एहसास किसी डिजिटल प्लेटफार्म से हासिल नहीं हो सकता। समय की कमी की वजह से लोग डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़े तो हैं लेकिन उस पर ज्यादा भरोसा नहीं करते। उन्होंने कहा कि एक बेहतर अखबार बनने के लिए पाठकों से लगातार फीडबैक लेना और उसके अनुरूप खुद को ढालने से सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने अमृत विचार के विस्तार पर चर्चा के बीच समूह की कार्यप्रणाली को तकनीकी तौर पर दुरुस्त करने को कहा।

वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल ने अमृत विचार के प्रसार और ब्रांडिंग की योजनाओं पर विचार करने के साथ उसे पूरी तरह त्रुटिरहित और विश्वसनीय बनाने पर फोकस करने को कहा। उन्होंने समूह में अलग-अलग स्तर पर समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने कहा कि अमृत विचार ने कोरोना के दौर में संघर्षशील शुरुआत के बाद बहुत तेजी से विशिष्ट पहचान हासिल की है लेकिन अब और तेजी की जरूरत है। लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रसार, विज्ञापन और संपादकीय तीनों विभागों का समन्वय जरूरी है लेकिन प्रमुख भूमिका संपादकीय को ही निभानी है। उन्होंने कहा कि अमृत विचार ने जो इतिहास रचा है, उसके पीछे सहयोगियों की मेहनत तो है ही, लेकिन प्रबंधन का जज्बा भी बेमिसाल है। इसका एहसास करते हुए नए संकल्पों को आत्मसात करने की जरूरत है।

डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कहा कि अमृत विचार एक सामूहिक प्रयास है और हम लोग परिवार हैं। इसे कैसे और आगे ले जाया जाए, इसके लिए लक्ष्य तय किए जाने चाहिए। डायरेक्टर डॉ. वरुण अग्रवाल ने एकाउंट्स की तकनीकी दिक्कतों के बारे में चर्चा की और कई सुझाव रखे।

समूह के कार्यकारी संपादक नवीन गुप्ता ने कहा कि संपादकीय विभाग का फोकस नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर रहेगा। लखनऊ के विज्ञापन प्रबंधक आरपी सिंह ने कहा कि अब अगली मंजिल दिल्ली में स्थापित होने के साथ तेजी से और नए संस्करण शुरू करने की होनी चाहिए। फीचर संपादक पूजन प्रियदर्शी ने अमृत विचार के अब तक की यात्रा के बारे में बताया।

अमृत विचार ग्रुप के सम्मानित हुए सहयोगियों के साथ चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल व डॉ. वरुण अग्रवाल। ● अमृत विचार

ये भी रहे मौजूद अधिवेशन में बरेली से डिप्टी जीएम अनिरुद्ध त्यागी, सिटी इंचार्ज अनूप शर्मा, डिजिटल इंचार्ज अतीक अहमद, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग नवीन खाती, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग आशुतोष शर्मा, आईटी मैनेजर हरिओम गुप्ता, अयोध्या के एडिटोरियल हेड विवेक सक्सेना, लखनऊ के एडिटोरियल हेड अनिल त्रिगुणायत, जीएम त्रिनाथ शुक्ला, डिजिटल हेड वीरेंद्र पांडेय, डिप्टी न्यूज एडिटर ऋषिकांत यादव, सिटी इंचार्ज सुनील मिश्रा, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग अजीत सरीन, हल्द्वानी से एडिटोरियल हेड अरविंद मलिक और सरकुलेशन अजय सक्सेना, कानपुर से मार्केटिंग मैनेजर राजेश श्रीवास्तव, सर्कुलेशन मैनेजर जितेंद्र गुप्ता, आईटी और डिजिटल प्रभारी वैभव शुक्ला, मुरादाबाद से मार्केटिंग मैनेजर राहुल शर्मा, सरकुलेशन मैनेजर अभयवीर गुप्ता और सिटी इंचार्ज विद्याकांत शुक्ला ने भी हिस्सा लिया।

सेवा और समर्पण को सम्मान

अमृत विचार समूह की ओर से विशिष्ट सेवाओं के लिए कई सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इनमें लखनऊ के मैनेजर मार्केटिंग आरपी सिंह, इलेक्ट्रिकल मैनेजर श्रीश चंद्र शर्मा, सिद्धार्थनगर के ब्यूरो इंचार्ज सुनील मिश्रा, कानपुर के एडिटोरियल हेड दिग्विजय सिंह, हल्द्वानी की असिस्टेंट मैनेजर रीता मटियाली, नैनीताल के स्पेशल रिपोर्टर चंदन आर्या उर्फ बबलू चंद्रा, बरेली के डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग चंदन यादव और सरिता मौर्य, चीफ अकाउंटेंट वानिया इरशाद और सरकुलेशन विभाग के एग्जीक्यूटिव कृष्ण कुमार शर्मा शामिल थे। इन्हें प्रशस्तिपत्र के साथ पुरस्कार दिए गए।

बिजली संकट : किला में तीन दिन में फुंके तीन ट्रांसफार्मर, फाल्ट की भी लगी झड़ी

कई मोहल्लों में घंटों बिजली रही गुल, प्रदर्शन करने को मजबूर हो रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ओवरलोडिंग की वजह से किला क्षेत्र में तीन दिन में तीन ट्रांसफार्मर फुंक गए। लोगों ने नाराज होकर प्रदर्शन किया, इसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। वहीं बारिश के बाद शहर के कई मोहल्लों में फाल्ट से बिजली संकट छा गया।

शहर और देहात क्षेत्र में कई करोड़ रुपये खर्च कर ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने के साथ तमाम काम कराए गए, लेकिन इसके बाद भी लोगों को हर रोज बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। तीन दिन के अंदर किला के केला बाग, इंग्लिशगंज और बानखाना क्षेत्र में ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। इन स्थानों पर विभाग की तरफ से मोबाइल ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति दी जा रही है।

ऐसे में लोगों को बेहतर बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। रविवार को भी पूरा दिन किला के बाकरगंज, हुसैन बाग, मलूकपुर, जसोली, गढ़ी चौकी, खन्नू मोहल्ला, इंग्लिशगंज, साहूकारा आदि जगह पर लोकल फाल्ट होने से लोग परेशान होते रहे। वहीं सुभाषनगर और मढ़ीनाथ क्षेत्र में भी लोकल फाल्ट से आपूर्ति प्रभावित हुई। जगतपुर, शाहदाना और कुतुबखाना के साथ सीबीगंज उपकेंद्र से भी ट्रिपिंग और कटौती जारी रही।

मिशन सब स्टेशन में ब्रेकडाउन से कई घंटे बिजली गुल : सिविल लाइंस क्षेत्र में मिशन सब स्टेशन पर रविवार को ब्रेकडाउन से चौपुला, कुतुबखाना रोड और मिशन कंपाउंड समेत कई जगह पर दोपहर 1 से 3 बजे तक आपूर्ति बाधित रही। इससे लोगों को दिक्कत हुई। महानगर क्षेत्र में शटडाउन की वजह से करीब एक घंटे तक बिजली गुल रही। नवादा शेखान में बारिश के चलते फाल्ट हो गया। इस वजह से काफी देर तक आपूर्ति ठप रही। लोगों ने अधिकारियों को फोन किया तो कर्मचारी फाल्ट ठीक करने के लिए मौके पर पहुंचे।

- केला बाग, इंग्लिशगंज और बानखाना में मोबाइल ट्राली ट्रांसफार्मर के सहारे आपूर्ति
- जगतपुर, कुतुबखाना, शाहदाना और सीबीगंज में ट्रिपिंग से हुई परेशानी

ट्रांसफार्मर में खराबी होने पर मोबाइल ट्रांसफार्मर लगवाकर बिजली आपूर्ति दी जा रही है। कुछ जगह पर दिक्कत है। उसे भी दूर करने के लिए कर्मचारी फाल्ट को ठीक कर रहे हैं।
–**भगवान दास**, एसडीओ किला

स्कूल से सटाकर खुले में रख दिया ट्रांसफार्मर, बच्चों की जान को खतरा

किशोर बाजार स्थित कंपोजिट मॉडल स्कूल के बाहर खुले में रखा ट्रांसफार्मर।

- जलभराव से किशोर बाजार कंपोजिट मॉडल स्कूल की गिर सकती है दीवार
- प्रधानाध्यापक ने जताई आशंका बीईओ को पत्र लिख समस्या दूर कराने की मांग

बरेली, अमृत विचार : किशोर बाजार स्थित कंपोजिट मॉडल स्कूल की दीवार से सटाकर खुले में ट्रांसफार्मर रखा होने से बच्चों की जान को खतरा है। बारिश में अगर ट्रांसफार्मर में करंट उतरा तो बच्चे उसकी चपेट में आ सकते हैं। लगातार जलभराव के कारण विद्यालय की जर्जर दीवार भी गिर सकती है। स्कूल के प्रधानाध्यापक अरुणेश शर्मा ने यह आशंका जताते हुए बीईओ को पत्र लिखा है, जिसमें ट्रांसफार्मर हटवाने और जलभराव की समस्या दूर कराने की मांग की है। प्रधानाध्यापक के अनुसार स्कूल के पास ही नगर निगम का ट्यूबवेल है। इस कारण परिसर में हमेशा जलभराव की स्थिति बनी रहती है। पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं कराया गया है। इस वजह से स्कूल की दीवार जर्जर हो चुकी है, जो कभी भी गिर सकती है। इस संबंध में नगर निगम के अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है।

स्कूल से सटे ट्रांसफार्मर और ट्यूबवेल के पानी की जलनिकासी को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है। इस संबंध में फिर से पत्र लिखने के साथ अफसरों से वार्ता कर समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।
–**तौसीफ अहमद**, बीईओ, नगर क्षेत्र

ट्रांसफार्मर में उतरे करंट से छात्रा की जा चुकी है जान

इज्जतनगर क्षेत्र के मठ लक्ष्मीपुर निवासी हाईस्कूल की छात्रा लक्ष्मी 7 जुलाई को कॉलेज जा रही जा रही थी। वह किला इलाके में टांसफार्मर में आ रहे करंट की चपेट में आ गई थी। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई थी। खुले में रखे ट्रांसफार्मर में पानी भरने के बाद करंट आ रहा था। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत विभाग के अफसरों से की थी, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया था।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

मां जन्म देती है, पर पुनर्जन्म देते हैं डॉक्टर : जिलाधिकारी

- बोले- डॉक्टरों की सेवाओं का सम्मान जरूरी, समाज में उनकी अहम भूमिका

बरेली, अमृत विचार : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि मां तो जन्म देती है पर डॉक्टर पुनर्जन्म देते हैं, इसलिए इनकी सेवाओं का सम्मान बहुत जरूरी है। उन्होंने डॉक्टर्स डे के अवसर पर सभी सरकारी और निजी चिकित्सकों को शुभकामनाएं दीं। कहा कि समाज में इनकी अहम भूमिका है। इनकी सेवाएं तब और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं, जब महामारी भयंकर रूप ले लेती है। डीएम ने कहा कि मैने देखा है कि पिछले कुछ सालों में चिकित्सकों ने अपनी लगन, निष्ठा और समर्पण भाव से महामारी समेत अन्य बीमारियों से संक्रमित लोगों के इलाज में स्वयं की परवाह किए बिना सेवा की है। एक जुलाई का दिन चिकित्सकों की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना कर आभार जताने का दिन है। डीएम की ओर से की गई चिकित्सकों के कार्यों की सराहना पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ ही आईएमए ने भी आभार जताया है।

सेवानिवृत्त होने के बाद भी टीबी रोगियों का कर रहे 10 रुपये के पर्चे पर इलाज

- वरिष्ठ चेस्ट फिजिशियन डॉ. एसके गर्ग घर पर ही मरीजों को देख रहे

बरेली, अमृत विचार : कुछ डॉक्टर ऐसे होते हैं, जो सेवानिवृत्त होने के बाद भी मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं। एडी हेल्थ के पद से सेवानिवृत्त हो चुके डॉ. एसके गर्ग भी उनमें से एक हैं। वह टीबी रोगियों का महज दस रुपये के पर्चे पर इलाज कर रहे हैं। उनके इलाज से तमाम मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। डॉ. गर्ग वरिष्ठ चेस्ट फिजिशियन हैं। 2022 में स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त होने के बाद वह अपने सिविल लाइंस स्थित आवास पर ही मरीजों को देखते हैं। सरकारी अस्पतालों में जो भी टीबी मरीज पंजीकृत हैं, उनको वह महज 10 रुपये के शुल्क पर परामर्श दे रहे हैं। उनका मानना है कि पैसों के अभाव में किसी भी मरीज की जान न जाए। सभी डॉक्टर इसी भावना से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

मलेरिया के मरीज बढ़कर हुए 337, लार्वा नष्ट करेंगे डीबीसी

बरेली, अमृत विचार : बारिश के बाद जिले में मलेरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले दो दिनों में 11 नए मरीज सामने आए हैं। अब तक संख्या 337 पहुंच गई है। अब स्वास्थ्य विभाग मलेरिया की रोकथाम के लिए जल्द डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स (डीबीसी) की टीमें लगाएगा। ये टीमें अगले सप्ताह से लार्वा खोजी अभियान चलाएंगी। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बारिश के बाद घरों में लार्वा मिलने की संभावना बढ़ जाती है, हालांकि अभी तक घरों में लार्वा नहीं मिला है। पिछले दिनों देहात क्षेत्र में कुछ खेतों में लार्वा मिलने पर टीमों ने वहां निरोधात्मक कार्रवाई की थी। अब शहरी क्षेत्र में लार्वा खोजी अभियान चलाया जाएगा।

छत पर खेलते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया बच्चा

बरेली, अमृत विचार : बिशारतगंज के अखा गांव में छत पर खेलते समय आठ साल का बच्चा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। परिजनों ने बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

अखा गांव निवासी सर्वेश के बेटे का नामकरण था। इसमें शामिल होने के लिए उनका आठ साल का भांजा राम भी आया था। राम बच्चों के साथ मकान की छत पर खेल रहा था। इसी दौरान वह छत के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया।

परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सर्वेश के अनुसार कई बार हाईटेंशन लाइन हटवाने की मांग बिजली विभाग से की लेकिन नहीं हटाया गया।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
EXCELLENT IAS ACADEMY
www.excellentias.org
IAS/PCS NCERT
ए.सी. डिजीटल क्लास रूम
अनुष्का डी.एस.पी., पी.सी.एस. 2022
उपदेश कुमार डिप्टी जेलर, पी.सी.एस. 2023
प्रातः 10 बजे से
निःशुल्क वर्कशाप के साथ नया बैच : 24 जून, सोमवार
7983948124, 9935264849
रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis
• Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

भागवत कथा से होती है परमानंद की प्राप्ति

बरेली, अमृत विचार : कथा व्यास पं. सुरेश शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा वास्तव में अपने चित को सत्य के साथ परमानंद की प्राप्ति करवाने का बहुत सीधा सा मार्ग है। शुकदेव और परीक्षित दोनों को ही गर्भ में भगवान विष्णु के दर्शन हुए। शुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित को कथा सुना कर उनके कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। कथा के मध्य में संगीतमय भजनों की धुन पर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। अंत में आरती, भोग उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

तुलसी मठ में सजाया गया फूलों का बंगला

बरेली, अमृत विचार : तुलसी मठ में रविवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ फूलों का बंगला सजाया गया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन कर श्रद्धालुओं ने प्रभु का गुणगान किया। विशाल सक्सेना, रागिनी चतुर्वेदी, मारुति शर्मा और जनार्दन शर्मा ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मठ के महंत नीरजनयन दास ने पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की। विधायक राघवेंद्र शर्मा, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, शिवनरेश शुक्ला और रामकृष्ण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

कैंट में आज से शुरू होगा क्षेत्रीय लेखा कार्यालय

बरेली, अमृत विचार : कैंट में बीआई बाजार के निकट क्षेत्रीय लेखा कार्यालय शुरू किया जा रहा है। कार्यालय प्रभारी सहायक नियंत्रक कमल सिंह ने बताया कि सोमवार को वरिष्ठ रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक रोजी अग्रवाल सुबह 10:30 बजे इसका उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर मेजर जनरल योगेंद्र सिंह, रक्षा लेखा नियंत्रक तरुण कुमार जाजोरिया आदि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यालय के शुरू होने से कुमाऊं और बरेली मंडल के 150 से भी अधिक सैन्य कार्यालयों के ऑडिट प्रकरण व उनमें पदस्थ सैन्य व असैन्य कर्मचारियों के व्यक्तिगत मामलों का निस्तारण आसानी से हो सकेगा।

सत्संग से बदल जाती है जीवन की दिशा

मढ़ीनाथ स्थित संत कृपाल आश्रम में आयोजित सत्संग में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मढ़ीनाथ स्थित संत कृपाल आश्रम में विशाल आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु स्वामी देवेंद्र मोहन ने कहा कि गुरु का सानिध्य और उनका सत्संग हमारे जीवन की दशा और दिशा को बदल देता है। गुरु के वचनों को जीवन में धारण करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। गुरु अपनी कृपा से हमें कई प्रारब्धों से छुटकारा दिला सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि संत कहते हैं कि हमें अपने जीवन की समीक्षा करनी चाहिए।

हम पाएंगे कि लोग दुनिया के भोगों में पूर्ण रूप से लिप्त हो चुके हैं। हमें परमात्मा ने सिमरन की शक्ति दी है। यदि हम अपना मन प्रभु के सिमरन में लगा दें तो अपने अंदर असीम शांति का अनुभव करेंगे। संत, महापुरुष हमें दूसरे को क्षमा करना सिखाते हैं। वो कहते हैं कि जो लोग हमें छोटी- छोटी चीजों में उलझाते हैं, हमें उनसे अपना रास्ता अलग कर लेना चाहिए। इस अवसर पर गेंदन लाल, प्रीतम लाल, प्रेम शंकर, हरपाल, महेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

प्रवचन करते देवेंद्र मोहन।

SANDEEP COMPUTER INSTITUTE
Best Education for Best Future
OUR COURSES
• 'O' LEVEL • ADCA • DTP • INTERNET • MS OFFICE
• Hindi & English Typing • CCC, DTC, BCC • PROGRAMMING
• DCA • Tally Prime • Tally with GST • Front & Web Design
• CSS • PGDCA, HTML • Digital Marketing
ADMISSION OPEN
BUMPER OFFER ONLY
25 JUNE VALID OFFER
A ग्रेड से CCC पास करने वाले छात्र-छात्राओं को फ्री टैबलेट
A ग्रेड से O Level पास करने वाले छात्र-छात्राओं को फ्री लैपटॉप
25 जून तक प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बम्पर ऑफर
कहीं मौका चला न जाए शुरुआत के 50 स्टूडेंट के लिए
Now ! Hurry up
DIRECTOR- KASHISH KUSHWAHA
ENROLL NOW 2024-25 CONTACT US:- 6388537773
130, SHIV GARDEN COLONY NEAR WATER TANK DOHRA ROAD, BAREILLY

अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807
पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस विशेष

• ADVT

सेहत की गाइड: अमृत विचार ने विशेषज्ञों से जाने वो सूत्र जो रखेंगे आपको सेहतमंद, बीमारियों से रखेंगे दूर।

"अच्छी सेहत के सुनहरे सूत्र"

स्वस्थ शरीर ही हमारा सर्वस्व है, जिसको एक बीमार व्यक्ति ही देख सकता है। असलियत में शरीर को स्वस्थ रखना हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए, क्योंकि शरीर है तो सारे सुख हैं। सभी कुछ तो आपके फिटनेस से जुड़ा हुआ है। यदि शरीर ही स्वस्थ न रहा तो सब कुछ होते हुए भी हम अधूरे से ही रहते हैं। ये शरीर सब कर्मों का माध्यम है, अपनी दिनचर्या पर बड़ी बारीकी से ध्यान देना चाहिए कि हमारा खान-पान कैसा है, कहीं ऐसा तो नहीं जो हम खा रहे हों उसी के कारण शरीर बीमार हो रहा हो। कब खाना है, कितना खाना है, क्या खाना और कब नहीं खाना है इन सभी बातों की हमें जानकारी होनी चाहिए। अपनी नींद पर भी हमें ध्यान देना चाहिए कि हमारी नींद ठीक है, या नहीं। यदि नींद ठीक नहीं तो भी शरीर बीमार हो सकता है। हमारी दिनचर्या हमेशा व्यवस्थित रहनी चाहिए।

चिकित्सा जगत के विभागों के विशेषज्ञ

कैंसर लाइलाज नहीं, समय पर कराएं इलाज

कैंसर लाइलाज बीमारी नहीं है। सही समय पर रोग का पता चलने से इलाज संभव है। बिना किसी कारण वजन कम होना, कमजोरी आना, भूख कम लगना, खाना निगलने में परेशानी होना, मुंह के जख्मों का न भरना, स्तन या गर्दन में दर्द रहित गांठ बनना, मासिक धर्म के अतिरिक्त योनि से अधिक रिसाव होना, मल-मूत्र की आदतों में परिवर्तन होना आदि कैंसर के सामान्य लक्षणों में आता है। अधिक परामर्श के लिए संपर्क करें।

कैंसर संबंधी रोग के परामर्श हेतु मिलें-

ग्लेन कैंसर सेंटर
03, शक्ति नगर निकट रुहेलखंड यूनिवर्सिटी, बरेली
कॉल- 7248046666 - 9323588811

डा. रितु भूटानी
MBBS, MD, Radiation Oncology
वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी ओपन सर्जरी जितनी सुरक्षित

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी पारंपरिक ओपन सर्जरी जितनी ही सुरक्षित है। लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन की शुरुआत में लेप्रोस्कोप को नाभि के पास एक छोटे से चीरे के माध्यम से डाला जाता है। सर्जन शुरू में पेट का निरीक्षण करता है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सुरक्षित रूप से की जा सकती है या नहीं।

पेट संबंधी रोगों के परामर्श हेतु मिलें -

यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली
कॉल- 9045849322

डा. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन

बच्चों में पानी का महत्व

हमारे शरीर में 70 फीसदी पानी होता है। पानी के चार महत्वपूर्ण कार्य हैं। 1- पोषक तत्व को एक ऑर्गन से दूसरे ऑर्गन में पहुंचाना, 2- शरीर के तापमान को मेंटेन रखना, 3- अपशिष्ट पदार्थ को बाहर निकालना, 4- इम्यून सिस्टम को सही रखना। बच्चे को अगर बार-बार प्यास लग रही है, पेशाब कम आ रही है। बच्चा सुस्त है, पेशाब का रंग गाढ़ा पीला है तो यह दर्शाता है कि बच्चे में पानी की कमी है। पानी की कमी से लू लगने का खतरा भी बढ़ जाता है।

बच्चों की बीमारी के परामर्श हेतु संपर्क करें-

अजय प्रतिमा हॉस्पिटल
57, बृजलोक कॉलोनी, निकट शूद धर्मकांटा, बरेली
कॉल- 9837341154 - 9456045530

डा. अजय कुमार गुप्ता
MBBS, DCh, MD
नवजात शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ

कहीं पार्वो वायरस की चपेट में तो नहीं आपका पैट

मौसम बदलने से पालतू कुत्ते पार्वो वायरस की चपेट में आ रहे हैं। इस बीमारी से कुत्तों की आंत में संक्रमण हो रहा है। बड़े जानवरों को इस वायरस से कोई खतरा नहीं, लेकिन छोटे जानवरों के लिए यह वायरस गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। पार्वो वायरस कुत्ते की आंत में अवरोध पैदा करता है। इससे आंतों में संक्रमण हो जाता है। जिस कारण कुत्ते को खूनी उल्टी-दस्त होने लगते हैं। अगर, यह लक्षण आपको अपने पालतू जानवर में दिखाई देते हैं तो तुरंत परामर्श लें।

जानवरों की बीमारी के परामर्श हेतु संपर्क करें-

आकाश वेट्स
100 फिटा रोड, निकट असर्फी बैंक्वेट हॉल, बरेली
कॉल- 8650007775

डा. आकाश कुमार
वेटनरी फिजीशियन व जनरल सर्जन

कुष्ठ रोग लाइलाज नहीं, बरतें एहतियात

अब कुष्ठ रोग लाइलाज नहीं रहा। बशर्ते इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। कुष्ठ के लक्षण सामने आते ही रोगी को चिकित्सक से संपर्क कर अपना इलाज शुरू करा देना चाहिए। नियमित दवाओं के सेवन से संक्रमित व्यक्ति एक से दो साल मे ठीक हो जाता है। इसमें युवक, युवतियां और बुजुर्ग शामिल हैं। परामर्श के लिए क्लीनिक पर संपर्क करें।

त्वचा संबंधी रोगों के परामर्श, जांच व इलाज हेतु संपर्क करें-

निदान पॉलीक्लीनिक
बाल निकेतन स्कूल के सामने, लावेला चौक, बदायूं
कॉल- 9870897346

डा. बॉबी सिंह
MBBS, MD
त्वचा (चर्म), गुप्त रोग एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

स्वस्थ आहार लें

स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार बेहद जरूरी है। चिकित्सकों की सलाह है कि एक दिन में कम से कम तीन सेहतमंद और पौष्टिक भोजन खाएं। रात के खाने को हल्का रखने की कोशिश करें। आपकी डाइट में खासतौर से फल, सब्जियां, साबुत अनाज, प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल होने चाहिए। बता दें कि एक अच्छी बैलेंस्ड डाइट आपको बढ़िया पोषण देगी।

अच्छी नींद लें

खुद को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी नींद लेना जरूरी है। कई अध्ययनों में भी यह बात साबित हुई है कि नींद की कमी मोटापे और हृदय रोग सहित कई बीमारियों का कारण है। इसलिए सभी उम्र के लोगों को मानसिक थकान को दूर करने के लिए अच्छी नींद लेनी चाहिए।

तनाव से दूर रहें

तनाव आपके कई स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार है। हर दिन तनाव में रहने से न केवल वजन बढ़ेगा, बल्कि बीमारियां भी हो सकती हैं। हालांकि, तनाव को काबू में लाना हर किसी के बस की बात नहीं है, लेकिन उन वजहों से खुद को कितना कम परेशान करना है, ये आप पर निर्भर करता है। नियमित एक्सरसाइज करें।

मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें

जीवन की जरूरतों को पूरा करने के चक्कर में हम अपने मानसिक स्वास्थ्य को भूल ही जाते हैं। लेकिन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए मानसिक स्वास्थ्य का अच्छा होना बहुत जरूरी है। ये नहीं भूलना चाहिए कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य ही हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य की नींव है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगा और ध्यान अच्छा विकल्प है। इसके अलवा कुछ अच्छे कामों में खुद को शामिल करें और खुश रहें।

मधुमेह अक्सर हल्के लक्षणों से होता है शुरू

मधुमेह अक्सर हल्के लक्षणों से शुरू होता है जैसे बहुत भूख और थकान महसूस करना, बार-बार पेशाब करने की ज़रूरत, बहुत प्यास लगना, मुंह सूखना, त्वचा में खुजली और धुंधली दृष्टि। टाइप 1 मधुमेह के लक्षण जल्दी दिखाई देते हैं और अधिक गंभीर होते हैं, जबकि टाइप 2 के लक्षण धीरे-धीरे विकसित होते हैं।

शुगर, बीपी, पेट संबंधी रोगें के परामर्श हेतु मिलें-

उम्मीद हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल सेंटर
निकट आईसीआई बैंक, मिनी बाईपास रोड, बरेली
कॉल- 7037029092

डा. जहीर उल हसन
MBBS, MD (Medicine)
हृदय, शुगर, बीपी, पेट, स्वांस एवं मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ

यह बवासीर के शुरुआती लक्षण लापरवाही न बरतें

बवासीर के शुरुआती लक्षणों में गुदा मार्ग से खून आना, कब्ज रहना आदि होते हैं। एनल फिशर में सख्त मल आने से गुदा मार्ग में तीव्र पीड़ा व जलन होती है। भगंदर रोग में गुदा मार्ग के पास मवाद आता है। इन सभी परेशानियों से बचने के लिए फास्ट फूड और स्पाइसी फूड बंद कर देना चाहिए। बवासीर में सबसे ज्यादा परेशानी अनियमित खानपान से होती है।

बवासीर और भगंदर के परामर्श हेतु मिलें-

श्रद्धा केयर हास्पिटल
मिनी बाईपास, कर्मचारी नगर, बरेली
कॉल- 9758287825

डा. सतेंद्र शर्मा
MD, (AY)
बवासीर एवं भगन्दर रोग विशेषज्ञ

अंधेपन का कारण बन सकता है मोतियाबिंद

मोतियाबिंद आमतौर पर धीरे-धीरे विकसित होता है। उम्र का बढ़ना मोतियाबिंद का प्राथमिक कारण है, अन्य कारक भी इसके विकास में योगदान कर सकते हैं, मोतियाबिंद एक ऐसी स्थिति है, जिसमें आपकी आंखों के प्राकृतिक लेंस में क्लाउडिंग होने लगती है। इसकी वजह से धुंधली दृष्टि और स्पष्ट रूप से देखने में कठिनाई होती है। समय के साथ, मोतियाबिंद बिगड़ सकता है, जिससे गंभीर दृष्टि दोष और अंधापन भी हो सकता है।

आंखों से संबंधित बीमारी के परामर्श हेतु मिलें-

पारिजात चैरिटेबिल आई हॉस्पिटल
शूद धर्मकांटा, मैकनियर रोड, बरेली
कॉल- 941256559

डा. भ्रमरेश शर्मा
MBBS, MS (Ophtho)
कंसलटेंट नेत्र सर्जन

चिंताजनक है साइकोसिस

मानसिक अस्वस्थता का एक गंभीर प्रकार है। साइकोसिस यानी मनोविकृति। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें मरीज का संबंध काफी हद तक वास्तविकता से टूट जाता है। इसका लक्षण यही है कि मरीज को कुछ ऐसी चीजें वास्तविक लगने लगती हैं, जो अन्य लोगों के लिए वास्तविक नहीं होतीं। यदि किसी व्यक्ति की दिनचर्या में असामान्य परिवर्तन दिखने लगे, तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें।

मानसिक रोगों के परामर्श हेतु मिलें-

डा. राकेश यदुवंशी क्लीनिक
संवेदना टावर, डेलापीर लिंक रोड, बरेली
कॉल- 7409944400

डा. प्रो. राकेश यदुवंशी
MBBS, MD, FIPS, MIACAM
न्यूरोसाइकिएट्री

तेज बुखार ज्यादा टिके तो सावधान...

बदलते मौसम के साथ ही बीमारियों और संक्रमण खतरा भी बढ़ जाता है। देशभर में इस समय मौसमी फ्लू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मानसून के मौसम की वजह से संक्रमण, वायरल और कंजेक्टिवाइटिस तेजी से फैल रहे हैं। लगातार होती बारिश ने कई शहरों में बाढ़ जैसे हालात बना दिए हैं, जिससे इन मामलों में और तेजी से बढ़ोतरी हो रही है।

बीमारी के परामर्श हेतु मिलें-

राधिका नर्सिंग होम
निकट विद्यावती प्राइमरी स्कूल, जवाहनपुरी, बदायूं
कॉल- 7817014465

डा. नितिन कुमार सिंह
MBBS, MD
(हृदय, फेफड़े एवं पेट रोग संबंधी)
जनरल फिजीशियन

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस विशेष

• ADVT

सेहत की गाइड: अमृत विचार ने विशेषज्ञों से जाने वो सूत्र जो रखेंगे आपको सेहतमंद, बीमारियों से रखेंगे दूर।

"अच्छी सेहत के सुनहरे सूत्र"

स्वस्थ शरीर ही हमारा सर्वस्व है, जिसको एक बीमार व्यक्ति ही देख सकता है। असलियत में शरीर को स्वस्थ रखना हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए, क्योंकि शरीर है तो सारे सुख हैं। सभी कुछ तो आपके फिटनेस से जुड़ा हुआ है। यदि शरीर ही स्वस्थ न रहा तो सब कुछ होते हुए भी हम अधूरे से ही रहते हैं। ये शरीर सब कर्मों का माध्यम है, अपनी दिनचर्या पर बड़ी बारीकी से ध्यान देना चाहिए कि हमारा खान-पान कैसा है, कहीं ऐसा तो नहीं जो हम खा रहे हों उसी के कारण शरीर बीमार हो रहा हो। कब खाना है, कितना खाना है, क्या खाना और कब नहीं खाना है इन सभी बातों की हमें जानकारी होनी चाहिए। अपनी नींद पर भी हमें ध्यान देना चाहिए कि हमारी नींद ठीक है, या नहीं। यदि नींद ठीक नहीं तो भी शरीर बीमार हो सकता है। हमारी दिनचर्या हमेशा व्यवस्थित रहनी चाहिए।

चिकित्सा जगत के विभागों के विशेषज्ञ

एक बार दौरा पड़ने का मतलब मिर्गी नहीं

एक बार दौरा पड़ने का मतलब यह नहीं है कि आपको मिर्गी है। मिर्गी का निदान तब किया जाता है जब आपको कम से कम 24 घंटे के अंतराल पर कम से कम दो बार अकारण दौरे पड़ते हैं। अकारण दौरे का कोई स्पष्ट कारण नहीं होता है। मिर्गी से पीड़ित ज्यादातर लोगों के लिए दवाइयों या कभी-कभी सर्जरी से दौरे को नियंत्रित किया जा सकता है। कुछ लोगों को आजीवन उपचार की जरूरत होती है। दूसरों के लिए, दौरे ठीक हो जाते हैं।

नसों से संबंधित समस्या के परामर्श हेतु मिलें-

डा. अभिनव रस्तोगी
MD, DNB
न्यूरो साइकैट्रिक

निर्मल माइंड केयर
निकट खन्ना पैथोलॉजी, कच्चा कटरा, शाहजहांपुर
कॉल- 7307005124

बहरापन में लापरवाही पड़ सकती है भारी

कम सुनाई देने पर की गई लापरवाही धीरे-धीरे आपको बहरा बना सकती है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में 7 करोड़ से अधिक लोग बहरापन से ग्रसित हैं, बड़ी उम्र के लोग जिन्हें सुनाई की क्षति होती है, उनकी दिमाग की गतिविधिओं भी कमजोर होने लगती हैं। इसलिए जैसे ही आप की सुनाई क्षमता में कमी होती है, तुरंत नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें।

नाक कान व गला रोगों के परामर्श, जांच व इलाज हेतु संपर्क करें-

संजय ई एन टी क्लीनिक
हुण्डलखेल, कच्चा कटरा, शाहजहांपुर
कॉल- 8960312959

डॉ संजय पाठक
MBBS, MS (ENT)
वरिष्ठ नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ

जबड़े और दिमाग की हड्डी अलग-अलग की

तिलहर के पास एक गांव की रहने वाली 10 वर्षीय बच्ची पिछले पांच वर्षों से परेशानियों से जूझ रही थी। उस बच्ची की दिमाग और जबड़े की हड्डी आपस में जुड़े होने के कारण बहुत तकलीफ होती थी। बोलने और खाने में भी असमर्थ थी। इस समस्या को ऑपरेशन से दूर कर दिया गया। बच्ची अब स्वस्थ है। खा पा रही है और बोल पा रही है।

मुंह एवं जबड़े की सर्जरी के ऑपरेशन संबंधी परामर्श के लिए संपर्क करें।

डा. शाश्वत सक्सेना
MDS
चेहरे, मुंह एवं जबड़े के सर्जन
मुंह के कैंसर के विशेषज्ञ

एस. के. हॉस्पिटल
एलआईसी बिल्डिंग के पास, गर्रा रोड, शाहजहांपुर
कॉल- 8299872417

अंधेपन का कारण बन सकता है मोतियाबिंद

मोतियाबिंद आमतौर पर धीरे-धीरे विकसित होता है। उम्र का बढ़ना मोतियाबिंद का प्राथमिक कारण है, अन्य कारक भी इसके विकास में योगदान कर सकते हैं, मोतियाबिंद एक ऐसी स्थिति है, जिसमें आपकी आंखों के प्राकृतिक लेंस में क्लाउडिंग होने लगती है। इसकी वजह से धुंधली दृष्टि और स्पष्ट रूप से देखने में कठिनाई होती है। समय के साथ, मोतियाबिंद बिगड़ सकता है, जिससे गंभीर दृष्टि दोष और अंधापन भी हो सकता है।

आंखों से संबंधित बीमारी के परामर्श हेतु मिलें-

जगमोहन लाल अस्पताल
सिंजई, शाहजहांपुर
कॉल- 9506545521

डा. मनमोहन लाल गुप्ता
MBBS, MS (OPTHO)
वरिष्ठ नेत्र सर्जन

शाहजहांपुर में पहला सुपरस्पेशलिटी अस्पताल

कृष्णा अस्पताल शाहजहांपुर का पहला सुपरस्पेशलिटी अस्पताल है जो न्यूरोसर्जरी यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, गायनोकोलॉजी, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, ईएनटी, इंटरनल मेडिसिन और क्रिटिकल केयर के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करता है। अस्पताल में 20 बिस्तरों वाला आईसीयू और एनआईसीयू है। क्रिटिकल केअर के लिए आधुनिक उपकरणों वाला ICU भी उपलब्ध है।

परामर्श, जांच व इलाज हेतु संपर्क करें-

डा. अनिल रस्तोगी
MBBS, DMRD
Director - Krishna Hospital
रेडियोलॉजिस्ट

कृष्णा हॉस्पिटल
अजीजगंज रोड, शाहजहांपुर
कॉल- 9696229366

दमा और अस्थमा से बचना है तो दिनचर्या सुधारें

अस्थमा के कारण श्वसन नलिकाएं प्रभावित होती हैं। ये श्वसन नलिकाएं फेफड़ों से हवा को अंदर-बाहर करने का काम करती हैं। अस्थमा होने के कारण इन नलिकाओं में सूजन हो जाती है और फेफड़ों तक हवा पहुंचने में परेशानी होती है। अस्थमा का दौरा पड़ने पर नलिकाएं बंद हो जाती हैं। अस्थमा का अटैक होने पर मरीज को सांस लेने में परेशानी होती है। इससे मरीज की जान भी जा सकती है।

एलर्जी व चेस्ट संबंधी रोगों के परामर्श, जांच व इलाज हेतु संपर्क करें-

आयुष मेडिकल स्टोर
बिजलीपुर सरकारी अस्पताल के सामने, शाहजहांपुर
कॉल- 9839358750

डा. वीपी सिंह
MBBS, MD (Pulmonary Medicine)
एलर्जी और चेस्ट स्पेशलिस्ट

शाश्वत पाठक अस्पताल
बिजलीपुरा, शाहजहांपुर
डॉ विजय पाठक
MBBS, MS,
जनरल सर्जन
अध्यक्ष आई.एम.ए., शाहजहाँपुर
मो. 9695457744

स्वस्थ आहार लें

स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार बेहद जरूरी है। चिकित्सकों की सलाह है कि एक दिन में कम से कम तीन सेहतमंद और पौष्टिक भोजन खाएं। रात के खाने को हल्का रखने की कोशिश करें। आपकी डाइट में खासतौर से फल, सब्जियां, साबुत अनाज, प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल होने चाहिए। बता दें कि एक अच्छी बैलेंस्ड डाइट आपको बढ़िया पोषण देगी।

अच्छी नींद लें

खुद को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी नींद लेना जरूरी है। कई अध्ययनों में भी यह बात साबित हुई है कि नींद की कमी मोटापे और हृदय रोग सहित कई बीमारियों का कारण है। इसलिए सभी उम्र के लोगों को मानसिक थकान को दूर करने के लिए अच्छी नींद लेनी चाहिए।

तनाव से दूर रहें

तनाव आपके कई स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार है। हर दिन तनाव में रहने से न केवल वजन बढ़ेगा, बल्कि बीमारियां भी हो सकती हैं। हालांकि, तनाव को काबू में लाना हर किसी के बस की बात नहीं है, लेकिन उन वजहों से खुद को कितना कम परेशान करना है, ये आप पर निर्भर करता है। नियमित एक्सरसाइज करें।

मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें

जीवन की जरूरतों को पूरा करने के चक्कर में हम अपने मानसिक स्वास्थ्य को भूल ही जाते हैं। लेकिन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए मानसिक स्वास्थ्य का अच्छा होना बहुत जरूरी है। ये नहीं भूलना चाहिए कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य ही हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य की नींव है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगा और ध्यान अच्छा विकल्प है। इसके अलवा कुछ अच्छे कामों में खुद को शामिल करें और खुश रहें।

टण्डन नर्सिंग होम एवं लैप्रोस्कोपिक सेन्टर
डॉ. विकास टंडन
M.B.B.S., M.S.
जनरल सर्जन
मोहल्ला चौभुरजी, शाहजहाँपुर

सांई डेंटल क्लीनिक
ताजू खेल, प्लाजा मैरिज लॉन वाली गली, शाहजहाँपुर
डॉ. रजत अग्रवाल
डेंटल सर्जन
मो. 9695457744

के.के. हॉस्पिटल एण्ड मैटरनिटी सेन्टर
पुवायाँ रोड, चिनौर, शाहजहाँपुर
डॉ कुमार किंशुक
MBBS, MS,
वरिष्ठ सर्जन
मो. 9415119516

कपूर अस्पताल
(चाइल्ड केयर एवं मैटरनिटी सेन्टर)
डॉ. यू.डी. कपूर
एम.बी.बी.एस., सी.डी.एच.
बाल रोग विशेषज्ञ
निकट पुराना जिला अस्पताल, शाहजहाँपुर

डॉ. रिजवान स्किन एंव लेजर क्लीनिक
हुण्डालखेल कच्चा कटरा, शाहजहाँपुर
डॉ. रिजवान खान
चर्म रोग विशेषज्ञ
मो. 8765085729

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पूर्णतया कम्प्यूटराइज्ड
नेशनल पैथोलॉजी लैब
Mob.: 9456059894
जूनियर हाईस्कूल रोड, पूरनपुर, पीलीभीत

चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. धर्मेन्द्र मेमोरियल हॉस्पिटल
वमनपुरी, पूरनपुर
डॉ. राजेश अग्रवाल
M.B.B.S., D.C.H., K.G.M.C. (Lucknow)
Mob.: 9759992452
डॉ. किरन अग्रवाल
M.B.B.S., M.D., Gyno
K.G.M.C. Lucknow
Mob.: 9720940400
कोतवाली रोड, पूरनपुर, पीलीभीत

चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Care Hospital
Dr. Sarfaraj Husain
B.Sc. BAMS (KU)
Dr. Faryad Husain
Block Road, Puranpur Mob.: 7409942471

CHISHTI CLINIC
Dr. M.H. Chishti
(BUMS) Lko.
M: 9411978078
E-mail : drmhchishti@gmail.com
Station Road, Puranpur Distt. Pilibhit 262122 (U.P.)
Pathkind Labs
CHISHTI DIAGNOSTICS
Amaan Chishti
Mob.: 9045838616, 7906352234
email : chishtimaan@gmail.com

चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रिया क्लीनिक +
डा. सुधाकर पाण्डेय
(सर्जन)
एम.बी.बी.एस. (जनरल सर्जरी)
डा. प्रिया पाण्डेय
(गाइकोलॉजिस्ट)
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
आपातकालीन सेवा 24 घंटे उपलब्ध
बड़े हनुमान मन्दिर के सामने, संजय गांधी मार्ग मो. चौक पूरनपुर (पीलीभीत)
Mob.: 9568667359

चन्दी हॉस्पिटल
रोशन बिहार, पूरनपुर, पीलीभीत
24 घण्टे इमरजेन्सी स्वास्थ्य सेवाओं के लिये समर्पित अस्पताल
डॉ. सुखदेव सिंह चन्दी
B.Sc., B.A.M.S.
मो. 9411689583, 9045533704

चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. विकास शुक्ला
बी.ए.एम.एस., सी.जी.ओ.
फिजीशियन एण्ड सर्जन
एम.ए. साइकोलॉजी
डॉ. के.के. शुक्ला
बी.ए.एम.एस.
फिजीशियन एण्ड सर्जन
डॉ. दृढ़ता शुक्ला
बी.ए.एम.एस., सी.सी.एच.
फिजीशियन एण्ड सर्जन
डॉ. क्रीट कान्त शुक्ला अस्पताल
घुंघचाई पूरनपुर, पीलीभीत।
मो. 9411831225, 9412297209

सेठ अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर
रोशन विहार पूरनपुर
डा. शोभित सेठ
MBBS, PGTS
मरीज अपना नम्बर लगवाने के लिए फोन करें :
9658079355
Digital X-Ray होता है।
SUNDAY CLOSED

चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
+ दिनेश हॉस्पिटल +
88, रोशन विहार, पूरनपुर (पीलीभीत)
डॉ. डी.के. गुप्ता B.Sc., B.A.M.S.
अयक्ष-ग्रेजुएट डॉक्टर्स एसोसिएशन
अध्यक्ष-कुमार तनय वैश्य सभा पूरनपुर
संस्थापक अध्यक्ष-रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन
संरक्षक-भारत विकास परिषद, पूरनपुर
डॉ. पार्थ वैश्य M.B.B.S. (Pune)
जनरल फिजिशियन
डॉ. श्रद्धा त्रिपाठी BAMS (Banglore)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• महिला चिकित्सक प्रत्येक दिन उपलब्ध • नार्मल व बड़े ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी महिलाओं के समस्त रोगों (बांझपन आदि) का इलाज पित्त की थैली, बच्चेदानी, हर्निया, हाइड्रोसील का ऑपरेशन डिजिटल एक्स-रे, (रिपोर्ट सहित) कम्प्यूटराईज्ड पैथोलॉजी लैब में खून, पेशाब, डेंगू, मलेरिया, पीलिया आदि की जाँच सम्पूर्ण बॉडी चेकअप • एयर कण्डीशन जनरल व प्राइवेट वार्ड
24 घण्टे एम्बुलेन्स सुविधा Helpline : 6395418095

नई पर्यटन नीति : होटल पर हाउस टैक्स में छूट के लिए जिले से पहला आवेदन

पांच के बजाय तीन गुना टैक्स जमा करने की छूट के लिए पंजीकरण अनिवार्य

अनुपम सिंह, बरेली

- ऑनलाइन आवेदन के बाद मानकों की जांच करने लखनऊ से आने वाली टीम लगाएगी श्रेणी पर मुहर

अमृत विचार : होटलों को उद्योग का दर्जा देने के साथ ही हाउस टैक्स में भारी कमी के लिए सरकार के फैसले के बाद नई पर्यटन नीति के तहत पर्यटन विभाग में पंजीकरण कराने के लिए एक होटल की ओर से पहला आवेदन आया है। टैक्स में कई गुना छूट मिलने से होटल इंडस्ट्री के लोगों में व्यापार को बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद जगी है। इसके लिए होटलों को पर्यटन विभाग में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।

शहर में छोटे-बड़े मिलाकर करीब 200 होटल हैं। नगर निगम की ओर से पांच गुना हाउस टैक्स वसूला जा रहा है। लंबे समय से होटल इंडस्ट्रीज की ओर से हाउस टैक्स कम करने की मांग की जा रही थी। पिछले दिनों सरकार ने इसको लेकर महत्वपूर्ण फैसला लिया, जिसके तहत अब होटलों से आवासीय भवनों पर लगने वाला टैक्स सिर्फ तीन गुना लिया जाएगा। पर्यटन की नई नीति आने के बाद शहर से होटल ओबराय आनंद को पर्यटन विभाग में पंजीकृत कराने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया गया है, जबकि पहले से शहर के पांच नामचीन होटल ही विभाग में पंजीकृत हैं। नई नीति के तहत बाकी होटलों के भी विभाग में पंजीकृत होने के बाद टैक्स में छूट मिलेगी। वहीं, पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले होटलों में मानकों की जांच को लखनऊ से टीम आएगी। टीम एक साल में होटल में कितने लोग ठहरे हैं, फायर, नगर निगम, बीडीए, प्रदूषण, वन विभाग आदि की एनओसी है या नहीं आदि की जांच करेगी।

> नई नीति से 15 से 20 फीसदी होटल संचालकों को राहत मिल सकेगी। इसमें होटल के सामने नौ मीटर सड़क होने का नियम है, जिससे अधिकतर होटल इसमें नहीं आएंगे। **-डॉ. अनुराग सक्सेना**, अध्यक्ष होटेलियर्स वेलफेयर एसोसिएशन

नए होटल खुलने की उम्मीद बढ़ी

वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश के 17 नगर निगमों के होटलों से 48.36 करोड़ रुपये का गृहकर वसूला गया था। ऐसे में अब नई नीति के तहत प्रॉपर्टी टैक्स की दरें कम होने से नगर निगम की आय में कमी हो सकती है, लेकिन जानकार बताते हैं कि टैक्स में छूट मिलने से लोग होटल व्यवसाय में ज्यादा दिलचस्पी ले सकते हैं और नए होटल भी खुलेंगे, इससे प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ने की उम्मीद है।

> पर्यटन की नई नीति में होटलों का विभाग में पंजीकृत कराना अनिवार्य है, तभी टैक्स में छूट मिलेगी। एक होटल संचालक ने आवेदन किया है। पहले से रेडिसन, रमाडा समेत पांच होटलों का ही रजिस्ट्रेशन है। पांच से 15 हजार तक रजिस्ट्रेशन की फीस है। **-ब्रजपाल सिंह**, उप निदेशक पर्यटन

बाल यौन सुरक्षा के लिए स्कूलों में गठित होगी समिति

बरेली, अमृत विचार : बाल यौन सुरक्षा को लेकर जिले के सभी विद्यालयों में पॉक्सो समिति का गठन किया जाएगा। डीआईओएस की ओर से इस संबंध में यूपी बोर्ड, सीबीएसई सहित सभी बोर्ड के स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को पत्र जारी कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। स्कूलों में गठित समितियां बाल शोषण और यौन उत्पीड़न के विषय में विद्यार्थियों को जागरूक करेंगी।

जारी निर्देशानुसार समिति में छह पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। प्रधानाध्यापक इसमें अध्यक्ष की भूमिका में रहेंगे। एक महिला और एक पुरुष शिक्षक के साथ एक छात्र और छात्रा को भी समिति में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल से बाहर के एक सामाजिक संगठन की सदस्य और एक अधिवक्ता भी समिति में रहेंगे। समिति के सदस्य यौन उत्पीड़न और शोषण को लेकर बचाव के बारे में भी बताएंगे। इससे संबंधित शिकायत को पीड़ित छात्र या छात्रा समिति के अध्यक्ष को देने के साथ ही स्कूल में रखी पेटिका में भी डाल सकते हैं।

रैली के साथ आज से शुरू होगा स्कूल चलो अभियान

बरेली, अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में 1 से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। सर्व शिक्षा अभियान के तहत सोमवार को यानी आज रैली निकाली जाएगी।

जसौली स्थित मॉडल स्कूल से जिलाधिकारी रैली को हरी झंडी दिखा कर अभियान की शुरुआत करेंगे। विभागीय रूपरेखा के अनुसार जिले के कुल 2483 परिषदीय और 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में यह अभियान प्रभावी रूप से चलाया जाएगा। छात्र व अध्यापक विभागीय योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि स्कूलों में अधिक से अधिक छात्रों का नामांकन कराने के लिए इस अभियान का संचालन 15 दिनों तक होगा।

19 तक हो जाएंगे शिक्षकों के स्थानांतरण और समायोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बेसिक शिक्षा विभाग के सचिव की ओर से बीएसए को भेजा गया पत्र
- 1 जुलाई तक ऑनलाइन आवंटन कर डेटा अपलोड करने के निर्देश दिए

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से छह साल बाद अंतर्जनपदीय स्थानांतरण व समायोजन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बीएसए को बेसिक शिक्षा के सचिव की ओर से भेजे गए पत्र के अनुसार पोर्टल पर 1 जुलाई तक ऑनलाइन आवंटन कर डेटा अपडेट करने को कहा गया है। चिह्नित शिक्षकों के स्थानांतरण और समायोजन की प्रक्रिया 19 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी।

शासन की ओर से निर्धारित नीति के अनुसार अधिक अध्यापक संख्या वाले स्कूलों और अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालयों को चिह्नित किया जाएगा। अधिक अध्यापक संख्या वाले चिह्नित विद्यालयों में मानक से अधिक शिक्षकों को जिले में उनकी सेवा अवधि के आधार पर क्रमानुसार चिह्नित किया जाएगा। स्थानांतरण व समायोजन के लिए 2 जुलाई तक अधिक संख्या वाले स्कूल व शिक्षकों को चिह्नित किया जाएगा। 5 जुलाई तक चिह्नित स्कूलों में शिक्षकों की आवश्यकता की गणना की जाएगी।

इस संबंध में बीएसए संजय सिंह ने बताया कि 17 से 19 जुलाई तक सभी प्रक्रियाओं को पूरा कर पोर्टल पर ही स्थानांतरित व समायोजित शिक्षकों को कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा।

सार-संक्षेप

भाजपा सांसद और पदाधिकारियों ने सुनी मन की बात

बरेली, अमृत विचार : भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने महानगर के शक्ति केंद्र 50 और बूथ संख्या 117 पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसके अलावा अलग-अलग मंडलों में भी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम सुना। मन की बात सुनने के बाद पार्क में पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, गुलशन आनंद, शीतल गुलाटी, विपिन भास्कर, बंटी ठाकुर, जया भास्कर, शिवम वर्मा, मनोज शर्मा, रवि गुप्ता, अशोक गंगवार, हरी बाबू अग्रवाल, पवन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने रामलीला मैदान में किया पौधरोपण

बरेली, अमृत विचार : एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला मैदान में पौधरोपण किया। इस दौरान उनके साथ उपस्थित लोगों ने भी एक-एक पौधा लगाया। पार्षद रामपाल गंगवार, लाल बहादुर गंगवार, पंडित हरिओम गौतम, तरुन गंगवार, राकेश शर्मा, रमेश गंगवार, अनुराग सक्सेना, गोपाल सक्सेना, अशोक सक्सेना, विनोद गंगवार आदि उपस्थित रहे।

गंगाशील अस्पताल में लगाया जांच शिविर

बरेली, अमृत विचार : रविवार को गंगाशील अस्पताल में पेसमेकर की जांच के लिए कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान 197 पेस मेकर लगे हुए मरीजों की जांच की गई। इसके साथ ही शुगर और ईसीजी की जांच भी निशुल्क की गई। 70 से अधिक मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया गया। ईकोकॉर्डियोग्राफी कराने वाले मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी गई। कार्यकारी निदेशक डॉ. शालिनी माहेश्वरी ने मरीजों और तीमारदारों से मिल कर स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मो. कलीम और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह ने रोगियों को निशुल्क परामर्श दिया। डायटीशियन दीप्ति शर्मा, संदीप सिंह, राहुल तोमर, आशीष मिश्रा, अमित, रचित, बंधन, अभिषेक, दीक्षा, राजेंद्र, राहुल, संजय, बूंदपाल आदि उपस्थित रहे।

वन मंत्री से की ट्री गार्ड और पौधों की मांग

बरेली, अमृत विचार : क्यारा की महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारियों ने रविवार को वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार से मिल कर पौधे व ट्री गार्ड उपलब्ध कराने की मांग की। ब्लॉक अध्यक्ष रेनू गुप्ता व मंत्री संतोष मिश्रा ने बताया कि संगठन की ओर से निरंतर पौधरोपण किया जा रहा है। लोगों को इसके लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। राजबाला, निशी रानी, दीपा, वंदना चंदन, निशी यादव, मीनाक्षी आदि उपस्थित रहीं।

एसआरएमएस में जागरूकता सप्ताह आज से

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में 4 जुलाई को 23वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर 1 से 6 जुलाई तक जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत मरीजों की कैंसर स्क्रीनिंग निशुल्क की जाएगी। इस दौरान एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, कोलोनोस्कोपी, पैप स्मेयर, पीएसए, लैरेंजोस्कोपी के लिए चिकित्सक के परामर्श पर भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह जानकारी कॉलेज के डाइरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कैंसर विशेषज्ञ, संबंधित विषय पर प्रतिदिन व्याख्यान देंगे। साथ ही पैनल डिस्कशन में शामिल लोगों के सवालों के जवाब भी दिए जाएंगे। नुक्कड़ नाटक के जरिये भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। ब्रेस्ट कैंसर को मात देकर मिसेज इंडिया का खिताब जीतने वाली कर्नल (डॉ.) गुंजन मल्होत्रा विशेष रूप से दो जुलाई को उपस्थित रहेंगी। वह अपने संस्मरण सुना कर लोगों को जागरूक करेंगी।

150 शैय्या युक्त देव प्राइमस अस्पताल का आरंभ

बरेली, अमृत विचार : शहर में पीलीभीत बाईपास रोड स्थित 150 शैय्या युक्त मल्टी सुपर स्पेशिलिटी देव प्राइमस अस्पताल का रविवार को सांसद छत्रपाल गंगवार ने आरंभ किया। इस मौके पर अस्पताल के डॉ. अनिमेष ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को उच्च स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। हृदय रोगियों के बेहतर इलाज के लिए कैथलैब, स्त्री एवं प्रसूति रोग, हड्डी और नाक, कान गला समेत अन्य विभाग की सुविधा मिलेगी। डॉ. जितेंद्र, डॉ. मनीष, डॉ. हारुन इकबाल, डॉ. पारितोष दास, डॉ. अनुभा, डॉ. रूचिन अग्रवाल, डा. सचिन अग्रवाल, डॉ. आकाश, डॉ. निशांत गुप्ता, डॉ. केशव अग्रवाल, डॉ. भरत अग्रवाल, डॉ. पवन गोयल और आईएमए के डॉक्टर भी मौजूद रहे।

नाटक से दी भीतर के राक्षस को मारने की सीख

बरेली, अमृत विचार : लोक खुशहाली चैरिटबल ट्रस्ट सभागार में चल रहे थिएटर फेस्ट का रविवार को समापन हुआ। अंतिम दिवस युगांधर थिएटर की ओर से मोहित सक्सेना का लिखा और सुशील सक्सेना निर्देशित नाटक राक्षस का मंचन किया गया। नाटक में दिखाया गया कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर एक राक्षस रहता है। वह समय-समय पर समाज में उत्तेजना का माहौल पैदा करता है। नाटक की शुरुआत दंगे से होती है। इसमें लेखक ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि किसी भी समस्या का हल दंगे से नहीं है। अंत में सौहार्द और भाईचारे को जिंदा रखने के लिए भीतर के राक्षस को मारने की सीख भी नाटक में दी गई। सुशील सक्सेना, शैलेंद्र सिंह, ऊषा सिंह, मानव सक्सेना, राजेंद्र सिंह, आशुतोष अग्निहोत्री आदि ने मुख्य भूमिकाएं निभाई। शालिनी गुप्ता, शुभि, अजय गौतम, सुशील, मोहित, सचिन श्याम भारतीय, महेंद्र पाल राही का सहयोग रहा।

स्वास्थ्य मेले में 11 सौ मरीजों का परीक्षण

बरेली, अमृत विचार : जिले के 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1100 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इनमें 86 मरीज त्वचा के संक्रमण से ग्रसित थे। इसके साथ ही डायरिया और बुखार के मरीजों की संख्या भी अधिक रही। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि बारिश के दौरान सफाई का विशेष ध्यान रखें। ऐसा करने से त्वचा संबंधी बीमारियों से बचा जा सकता है। इस दौरान आयुष्मान योजना के पात्रों को गोल्डन कार्ड भी दिए गए।

मौसम बदला तो घटने लगे डायरिया के मरीज

बरेली, अमृत विचार : बारिश से मौसम में बदलाव के साथ डायरिया के मरीजों की संख्या में भी गिरावट आई है। जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड डायरिया से ग्रसित बच्चों से फुल था, वहां अब मरीजों की संख्या कम है। रविवार को यहां 13 बच्चे भर्ती थे। इनमें 9 बच्चे डायरिया व अन्य बुखार से ग्रसित थे।

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन
डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist
डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
FACILITIES
•CATHLAB •ICU •CCU •ANGIOPLASTY •NICU •ECHO TMT •ANGIOGRAPHY •HDU •PACEMAKER •DIALYSIS •VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact : 0581-2990926 0581-2990928

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000 8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565 9410002566

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- • घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity
Fast Appointment
for Maximum 25 Minute only
Offline, Online
Justdial
PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।
Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)
Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।
Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

हादसों में दो युवकों की मौत

किला पुल और फतेहगंज पश्चिमी में ट्रकों ने युवकों को मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रविवार को जिले में हुए दो अलग-अलग हादसों में दो युवकों की जान चली गई। एक हादसे में बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे हादसे में पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया।

किला इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार रात करीब नौ बजे बाइक सवार शमशाद (25) निवासी गांव सिंहपुरा, थाना देवरनिया बाइक से रामपुर की ओर जा रहे थे। पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने किला पुल पर बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल शमशाद की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शमशाद के भाई को सूचना दे दी ।

खाना खाने जा रहे युवक को ट्रक ने कुचला



फितेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : सड़क पार कर रहे युवक को ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार शाम को दिनेश निवासी औंध घर से खाना खाने के लिए होटल पर गया था। पट्टी होटल के सामने रोड पार करते समय उसे ट्रक ने कुचल दिया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू करवाया। हादसे के बाद भाग रहे ट्रक चालक को पुलिस ने पकड़ लिया।

महिला कर्मचारी को नौकरी से निकाला

बरेली, अमृत विचार : किला के रोठा निवासी धर्मपाल ने बताया कि सीबीगंज स्थित एक अस्पताल में उनकी पत्नी पूजा वर्ष 2021 से सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात हैं। पूजा को 15 हजार रुपये प्रति महीने मानदेय मिलता है। आरोप है कि ठेकेदार उस मानदेय में से 35 सौ रुपये प्रति माह मांगता है। जब पैसे देने से इन्कार किया तो ठेकेदार ने पत्नी को नौकरी से निकाल दिया और विरोध करने पर अभद्रता की। आरोप है कि एक युवक उनसे वसूली करता है। वहीं युवक ने बताया कि धर्मपाल इससे पहले भी तीन लोगों के खिलाफ झूठे आरोप लगा चुका है। सीबीगंज थाने में पंचायत भी चुकी है और दोनों समझौते उनके पास हैं। बताया कि ब्लैकमेल करके धर्मपाल ठेकेदारों से पैसे वसूलता है।

मुस्कान ने धर्म परिवर्तन कर प्रेमी के साथ किया विवाह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अगस्त मुनि आश्रम में लिए सात फेरे
- कहा, अपनी मर्जी से किया धर्म परिवर्तन

अमृत विचार : दिल्ली की रहने वाली मुस्कान ने रविवार शाम धर्म परिवर्तन कर प्रेमी कमल किशोर के साथ विवाह किया। इस दौरान मुस्कान की दो बहनें भी उनके साथ रहीं।

दिल्ली के संगम विहार निवासी मुस्कान सैफी ने बताया कि उनकी दोस्ती छह माह पहले इंस्टाग्राम पर इज्जतनगर के रहने वाले कमल किशोर से हुई थी। उसके बाद दोनों की एक-दूसरे से बात होने लगी। कुछ ही दिनों में दोनों ने शादी करने का फैसला लिया। मुस्कान कक्षा 10 तक की पढ़ाई कर चुकी हैं। वहीं कमल एक फैक्ट्री में नौकरी करते हैं।

मुस्कान ने बताया कि उनके पिता का असली नाम विजेंद्र है और उनकी मां मुस्लिम हैं। दोनों ने 20 साल पहले लव मैरिज की थी। पिता ने शादी करने के लिए अपना धर्म परिवर्तन कर लिया था। अब उन्होंने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन कर शादी की है। अगस्त मुनि आश्रम के महंत पंडित केके शंखधार ने मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से दोनों का विवाह संपन्न करवाया।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, नहीं हो सकी शिनाख्त

बरेली, अमृत विचार : कैंट स्टेशन और बरेली जंक्शन के बीच शनिवार रात रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर थाना बरेली जंक्शन जीआरपी के एसआई संजय सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक की पहचान नहीं हो सकी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

सार-संक्षेप

रामोत्सव शिविर में पांच कलाकारों का चयन

बरेली, अमृत विचार : ललित कला अकादमी के होम स्टूडियो कलाकार शिविर में बरेली परिक्षेत्र के पांच कलाकारों का चयन हुआ है। संयोजिका डॉ. शशिबाला राठी ने बताया कि रामोत्सव 2024 विषय पर आधारित शिविर में डॉ. सुमन वर्मा, डॉ. अनुराधा आर्य, डॉ. स्वाति गुप्ता, रचना बागची ने शिविर में अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सभी कलाकृतियां ललित कला अकादमी भेजी जा रही हैं। कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. एनके गुप्ता, तपन कुमार, सपना, रोहित राकेश, कुलदीप वर्मा, योगेश माहेश्वरी, मोहित, मनीष वैष्णव, संकेत बाली, दीपक आदि ने कलाकारों को बधाई दी।

गजल संग्रह बारगाह-ए-गजल का हुआ लोकार्पण

बरेली, अमृत विचार : प्रभातनगर में रविवार को वरिष्ठ लेखिका निरुपमा अग्रवाल के आवास पर शायर राज शुक्ल गजलराज के गजल संग्रह बारगाह-ए-गजल का लोकार्पण किया गया। कवि गोष्ठी भी आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता साहित्यकार रणधीर प्रसाद गौड़ ' 'धीर' ' ने की। मुख्य अतिथि हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष व विशिष्ट अतिथि शायर नबी अहमद मंसूरी और राममूर्ति गौतम गगन रहे। कार्यक्रम का संचालन गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने किया। यह गजल संग्रह गजलराज की शिष्या सुमन सुमंगला सुमी ने उनके जन्मदिन पर भेंट किया। पुस्तक की सारगर्भित समीक्षा इंद्रदेव त्रिवेदी ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर दीपक मुखर्जी दीप, उमेश अद्भुत, डॉ. दीपंकर गुप्त, डॉ मुकेश शर्मा मीत आदि उपस्थित रहे।

खुराफातियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने की मांग

बरेली, अमृत विचार : आईएमसी के प्रदेश संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने शाहबाद स्थित दरगाह शाह शराफत मियां पर सज्जादानशीन गाजी मियां से मुलाकात की। उन्होंने शिकायत की कि शहर में कुछ लोग रजवी सकलैनी विवाद कराने की फिराक में हैं। मांग की कि ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस पर सज्जादानशीन ने आश्वासन दिया कि जो भी इस तरह की खुराफात करेगा, उसकी पहचान कराकर सख्ती से निपटा जाएगा। इस दौरान महानगर अध्यक्ष मिर्जा मखदूम बेग, महानगर अध्यक्ष यूथ अल्तमश रजा, अल्ताफ हुसैन अंसारी, फैजान मंसूरी, अब्दुल सलाम, आबिद सकलैनी, दानिश खान आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्र जागरण संगठन ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन सुबह 10 बजे से पहले मतदान की सेल्फी भेजकर कांटेस्ट में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्र जागरण युवा संगठन ने सम्मानित किया। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार मुख्य अतिथि रहे। उपजा प्रेस क्लब सभागार में हुए कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, सचिव सौरभ शर्मा रहे। संचालन कवि रोहित राकेश और सचिन श्याम भारतीय ने किया। सेल्फी विक्ट्री में पौधरोपण के लिए पंकज सिंह, हरचरण सिंह ढाल, गिरीश कपूर, तेज शर्मा, निखिल शर्मा, डॉ. विमल भारद्वाज आदि ने योगदान दिया। पवन सक्सेना, कमल जगबानी, मनजीत सिंह नागपाल, प्रियंका कपूर व अनुराधा सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

15 दिवसीय शिविर में बच्चों को सिखाए संस्कार

बरेली, अमृत विचार : श्री रामायण मंदिर में चल रहे बाल संस्कार व योग शिविर का समापन रविवार को किया गया। शिविर में बच्चों को व्यायायाम, यौगिक क्रियाएं, आसन, ध्यान योग, मुद्राओं आदि के बारे में बताया गया। सुंदरकांड का पाठ भी सिखाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने भजन, कीर्तन भी प्रस्तुत किए।

भारत को बदनाम करने की कोशिश न करे अमेरिका

बरेली, अमृत विचार : भारत में अल्पसंख्यकों के मुद्दों को लेकर अमेरिका की ओर से जारी रिपोर्ट को ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने गुमराह करने वाली बताया है। कहा है कि अमेरिका इंसानियत की दुहाई देकर भारत को बदनाम करने की कोशिश न करे। जारी बयान में मौलाना का कहना है कि खुद अमेरिका के अंदर मानवधिकारों का हनन होता है, इसलिए वह भारत के मामलों में हस्तक्षेप न करे। उन्होंने कहा कि भारत में अल्पसंख्यक अपने आप को सुरक्षित और स्वतंत्र समझते हैं। वे संविधान के अधीन और भारतीय परंपराओं के तहत आजादी के साथ अपने धार्मिक कार्यक्रम हमेशा करते रहते हैं। मौलाना ने कहा कि इसके अलावा भारत और पाकिस्तान के तनाव के पीछे भी अमरीका का हाथ नजर आएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागराः।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधवः॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

संपादकीय

बदलते दौर का भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के बाद अपने पहले मन की बात कार्यक्रम में भारत के सांस्कृतिक गौरव के साथ देश की विविधता की चर्चा की। उन्होंने देश के 65 करोड़ से ज़्यादा मतदाताओं की भागीदारी की सराहना की। लगभग 30 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव, पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फॉर लोकल', पर्यावरण, संस्कृत और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने उन लोगों की चर्चा की जो अपने कामों से समाज में, देश में, बदलाव ला रहे हैं। कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने मन की बात के जरिए लोगों के दिल को छुआ और उनकी उपलब्धियों को गिनाया। प्रेरक कहानियों को साझा किया। इन दिनों भारतीय उत्पादों की विश्व बाजार में बड़ी मांग है। हमारे देश में ऐसे यूनिक उत्पाद की कमी नहीं है। लोकल उत्पाद को ग्लोबल बनाने में हम पीछे नहीं हैं। जम्मू कश्मीर की सब्जी लंदन के बाजार में बिक रही है। इससे साबित होता है कि हमें अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है और वैश्विक मांग को पूरा करने में योगदान देना है। इससे देश नई ऊंचाइयां छुएगा और विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर स्थानीय शिल्प कौशल की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि केरल की आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाए गए कार्थुम्बी छाते बेहद खूबसूरत होते हैं और पूरे देश में इनकी मांग बढ़ रही है। छातों के जरिये ये अपनी परंपरा, अपनी संस्कृति से भी दुनिया को परिचित करा रही हैं। गौरतलब है कि मन की बात कार्यक्रम फरवरी में लोकसभा चुनावों के कारण स्थगित कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने इसके 110वें संस्करण में कहा था कि अगली बार जब वह इस कार्यक्रम के जरिए लोगों से रुबरु होंगे तो नई ऊर्जा और नई जानकारी के साथ मिलेंगे। मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं, 29 बोलियों और 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और सिंहली भाषा शामिल हैं। कार्यक्रम का ब्रॉडकास्ट आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है। देश में सकारात्मक माहौल बनाने में मन की बात की महत्वपूर्ण भूमिका है और मन की बात से देश का विमर्श सकारात्मक धरातल पर आएगा। वास्तव में बदलते दौर के भारत में अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है इसके लिए प्रधानमंत्री की अंतर्दृष्टि की सराहना की जानी चाहिए।

इतिहास बने ब्रिटिश काल से लागू तीन आपराधिक कानून

नुसरत जहां
अपर शासकीय अधिवक्ता
हाईकोर्ट, बेंच लखनऊ

नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में निःशुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है।

ब्रिटिश काल से देश में लागू तीन आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से इतिहास बन जाएंगे। भारतीय दंड संहिता 1860 की जगह अब 'भारतीय न्याय संहिता', 2023 दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएनएस), 2023 लागू होंगे।

30 जून की रात 12 बजे से पहले यदि अपराध हुआ है तो पुराने कानून और 1 जुलाई से यदि कोई अपराध हुआ है तो नए कानून लागू होंगे, क्योंकि आपराधिक कानून पूर्वव्यापी (रेट्रोस्पेक्टिव) लागू नहीं होते। आपराधिक कानून के पूर्वव्यापी नहीं होने का कारण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20 (1) पर आधारित है, जो आपराधिक कानून के सिद्धांतों को दर्शाता है कि घटना के समय स्थापित कानून के अलावा अन्य में आरोपी के खिलाफ कोई प्रक्रिया नहीं चलाई जा सकती या उसे सजा नहीं दी जा सकती। यह नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय वाचा के तहत अनुच्छेद 15 पर आधारित है। नए आपराधिक कानून लाए जाने का उद्देश्य ब्रिटिश काल के आपराधिक कानूनों को 'उपनिवेशवाद से मुक्त' करना और 'भारतीयता' को बनाए रखना है। इन विधेयकों को आपराधिक प्रक्रिया के अधिकांश पहलुओं को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से पेश किया गया था। एफआईआर दर्ज करने से लेकर, आरोप पत्र तैयार करने और निर्णय सुनाने तक आपराधिक जांच के हर चरण को डिजिटल रूप से रिकार्ड किया जाना आवश्यक है। बीएनएसएस के तहत समन इलेक्ट्रॉनिक रूप से जारी किए जा सकते हैं और गवाहों विशेषज्ञों, अभियुक्तों और अन्य पक्षों की गवाही भी वर्चुअल रूप से प्रस्तुत की जा सकती है। इन कानूनों के लागू होने के बाद आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़े बदलाव होंगे।

भारतीय न्याय संहिता 2023 में यह परिभाषित किया गया है कि कौन सा कृत्य या लोप अपराध है और उसके लिए क्या सजा निर्धारित की गई है। पुराने भारतीय दंड संहिता, 1860 में 511 धाराएं थीं। अब नए भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं तथा 20 नए अपराधों को जोड़ा गया है और 19 प्रावधानों को पुराने कानून से हटा दिया गया है।

नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है।

इसके अलावा 33 अपराधों में सजा बढ़ा दी गई है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में 484 धाराएं थीं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में 531 धाराएं हैं। इनमें 177 धाराओं को बदल दिया गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई है। बीएनएसएस के तहत अभियुक्त की गिरफ्तारी, जांच और मुकदमा चलाने आदि की प्रक्रिया होती है। इसमें समयबद्ध जांच, सुनवाई और बहस पूरी होने के 30 दिनों के भीतर फैसला देने का प्रावधान है। यौन उत्पीड़न पीड़ितों के बयान की वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य की गई है। अपराधी की संपत्ति और आय की कुर्की के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का स्थान लिया है। अदालतों में पेश और स्वीकार्य साक्ष्य में इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ईमेल, सर्वर सांग, कंप्यूटर, स्मार्टफोन, लैपटॉप, एसएमएस, वेबसाइट, स्थानीय साक्ष्य, मेल, उपकरणों पर संदेश शामिल होंगे। केस डायरी एफआईआर आरोप पत्र और फैसले सहित सभी रिकार्ड का डिजिटलीकरण होगा।

जेंडर समावेश-जेंडर की परिभाषा में अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति भी शामिल है, जो समावेश और समानता को बढ़ावा देगा। महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने ताकझांक के अपराध में कुल बीएनएस के तहत आरोपियों के लिए जेंडर न्यूट्रेलिटी लागू होगा। यानि अब महिलाओं पर भी कानून के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। नाबालिगों के अपहरण के मामलों में पुरुष के लिए 16 वर्ष और महिला के लिए 18 वर्ष आयु सीमा निधारित थी। बीएनएस में इसे दोनों के लिए 18 वर्ष निर्धारित कर दिया है। वहीं अब कोई भी व्यक्ति संचार के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है। इसके लिए उसे पुलिस स्टेशन जाने की आवश्यकता नहीं है। पीड़ितों को एफआईआर की निःशुल्क प्रति प्राप्त होगी, जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। भारतीय न्याय संहिता में कुछ नए अपराधों को जोड़ा गया है। जैसे मॉब लिंचिंग यानी 5 या अधिक लोगों का समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है तो ग्रुप के हर सदस्य को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर कार्रवाई करने तथा उनकी सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए बीएनएसएस में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। पुलिस स्टेशन जाने से छूट- महिलाओं, 15 वर्ष के कम आयु के बच्चों, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा विकलांग या गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन जाने से छूट दी गई है तथा वे अपने निवास स्थान पर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। (बीएनएसएस धारा 179)

नए कानूनों को सभी राज्य सरकारों के लिए गवाहों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने, कानूनी कार्यवाही की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए गवाह सुरक्षा योजना को अनिवार्य किया गया है। (बीएनएसएस धारा 398), पीड़ितों के 90 दिनों के भीतर अपने मामले की प्रगति के बारे में नियमित अपडेट प्राप्त करने का अधिकार होगा। (बीएनएसएस धारा 193) नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में निःशुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है। इसके तहत भारत से अलग होने, पृथकवादी भावना रखने या भारत की एकता और संप्रभुता को खतरा पहुंचाने को अपराध माना जाएगा। यह देशद्रोह का अपराध होगा। आतंकवाद बीएनएस की धारा 113 में अपराध घोषित किया गया है। इस कानून के तहत जो भी शख्स देश के कानून को नुकसान पहुंचाने के लिए डायनामाइट या जहरीली गैस जैसे खतरनाक पदार्थों का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें आतंकवादी माना जाएगा। नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषियों को अब फांसी की सजा दी जा सकेगी। हिट एंड रन मामलों से संबंधित मामलों में भी कठोर प्रावधान किए गए हैं। हालांकि ट्रक चालकों के विरोध के कारण सरकार ने इन अपराधों को लागू न करने का निर्णय लिया है। अप्राकृतिक यौन शोषण एवं व्याभिचारिता के अपराधों को नए कानून से हटा दिया गया है।

पुराने कानून में बदलाव समय की प्रासंगिकता, कई समितियों द्वारा भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार हेतु सिफारिशें की गई, जिनमें दोहरा समिति 1993, मसिपथ समिति 2003, माधव मेनन समिति 2007 तथा समय-समय पर उच्चतम न्यायालय द्वारा भी न्याय प्रणाली में एवं पुलिस सुधार पर निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस सुधार पर उच्चतम न्यायलय के निर्देश 2006 अहम है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम पुलिस अधिकारी के समक्ष किए गए बयानों को साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य होने की अनुमति देता है, जिससे हिरासत में यातना एवं दबाव का खतरा बढ़ सकता है। बीएनएसएस पुलिस अधिकारी को बिना किसी न्यायिक निगरानी या सुरक्षा उपायों के गिरफ्तारी, तलाशी, जब्ती एवं हिरासत में लेने की व्यापक शक्तियां प्रदान करता है। बीएनएसएस अपराधों की एक नई श्रेणी निर्मित करता है जिसे "सामाजिक कल्याण अपराध" कहा जाता है, जिसमें जुर्माना अथवा सामुदायिक सेवा कराकर समाधान किया जा सकता है, लेकिन यह निर्दिष्ट नहीं करता कि कौन से अपराध इस श्रेणी में आते हैं। नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है। अपराध की पुनरावृत्ति को कम करना और पीड़ितों को समाधान प्रदान करने लिए सुलह, पुनर्स्थापना तथा पुर्नवास पर ध्यान केंद्रित करना। 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नए कानून को कुछ लोग काला कानून कहकर विरोध भी कर रहे हैं। वहीं नया कानून अदालतों और अधिवक्तागणों के लिए भी चुनौती। गृह मंत्री अमित शाह ने जब तीनों कानूनों को लोकसभा में पेश किया था तो कहा था अब नया कानून भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानून का शासन होगा। अब इसके लागू होने के बाद तारीख पर तारीख युग का अंत सुनिश्चित होगा और 3 साल में न्याय मिलेगा।

email:nusratfahad8@gmail.com

प्रसंगवश

संविधान में आस्था का मतलब

आजकल संविधान शब्द चर्चा के केंद्र में आ गया है। संविधान में आस्था की बातें हो रही हैं। संविधान में आस्था का मतलब किसी ऐसी किताब में आस्था नहीं है, जो अपरिवर्तनीय है। संविधान में आस्था का मतलब किसी व्यक्ति में आस्था से भी नहीं हो सकता, क्योंकि कोई भी संविधान व्यक्ति रचना नहीं है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोकतंत्र में संविधान व्यक्ति रचना हो भी नहीं सकता। संविधान व्यक्ति रचना नहीं समष्टि रचना है। संविधान सभा की कितनी बैठकों और उसमें चलने वाले विमर्श की रचना है। उसका जो भी महत्व है, वह समष्टि के कारण ही है।

संविधान में आस्था का मतलब है, समष्टि चेतना में आस्था, सर्वजन-चेतना में आस्था। संविधान में आस्था का मतलब है, सामान्यजन चेतना में आस्था, भारत के लोकजीवन की निरंतरता में आस्था। भारत में विभिन्न धर्म, जाति और वर्ग होने के बावजूद हम एक हैं। देश में इतनी विविधता होने के बाद भी हम एक ही संविधान के तहत काम कर रहे हैं। संविधान की प्रस्तावना में पहला ही वाक्य है-हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाए। बड़ा-छोटा, मालिक-नौकर, अधिकारी, वकील व्यापारी, प्रोफेसर, उद्योगपति, श्रमिक, किसान, बुद्धिजीवी आदि बाह्य उपाधियां हैं।

विशिष्टता आवरण या उपाधि के छिलके के भीतर जो सामान्य मनुष्य है, वही लोक है। लोक सर्वजन सत्ता, समष्टि जनसत्ता, सामान्य जन सत्ता है। यह बात ध्यान रखने की है कि संविधान तो लोकतंत्र की देह है, लोकतंत्र की आत्मा और लोकचेतना। महात्मा गांधी ही थे, जिन्होंने लोकचेतना की गहराई में विद्यमान अक्षय ऊर्जा को पहचाना था। वे स्वयं इस लोकचेतना में रस-बस गए थे। इसी कारण लोकचेतना पर उनका सीधा असर होता था। लोकचेतना ही लोकतंत्र का प्राण है।

भाजपा नेताओं की उदासीनता का परिणाम

निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है।

लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटें कम मिलने के कारण भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। प्रदेश में भाजपा की सीटें घटने के कई कारण बताए जा रहे हैं। पहला कारण दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले सांसदों का अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा के कार्यकताओं के साथ जनता से संपर्क टूटना है। यदि आप सांसद या विधायक हैं तो आपको अपने क्षेत्र का बराबर दौरा करना चाहिए। लोगों के दुःख दर्द में शामिल होना चाहिए। उनकी समस्याएं जाननी चाहिएं। जनता आप से यही अपेक्षा करती है। ये लोग मोदी और योगी के सहारे चुनाव जीतने की उम्मीदें लगाए बैठे थे, इसलिए अपने क्षेत्रों में जनता से संपर्क साधने की जरूरत नहीं समझी और अपने घर पर ही ठेका-पट्टा पाने वालों का दरबार लगाते रहे। ऐसे लोगों को दोबारा टिकट देने वाले नेता भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं।

दूसरा बड़ा कारण भाजपा प्रदेश और जिला संगठन भी जनता से दूर हो गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है। प्रदेश पार्टी का आईटी सेल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचलों में असंतुष्ट प्रधानों, उप प्रधानों, पूर्व प्रधानों आदि के जरिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और भाजपाई नेताओं के फेक (फर्जी) वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाए गए। इनके जरिए आरक्षण खत्म करने से लेकर संविधान बदलते तक की बातें तक कही गईं, जिसका प्रदेश भाजपा का आईटी सेल कोई जवाब नहीं दे पाया। हर लोकसभा और विधानसभा चुनावों के छह महीने पहले ही मतदाता सूची का पोलिंग, बूथ स्तर पर संशोधन और परिवर्धन होता है। यदि भाजपा संगठन के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहते तो हजारों भाजपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से नहीं कटते। विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाए रखने का सवाल था। इसलिए वे करो या मरो के संकल्प के साथ चुनाव लड़ रहे थे, उन्होंने हर तरह के छल प्रपंच को किया जो वे कर सकते थे। इसका भी अंदाजा भाजपा का प्रदेश और जिला संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नहीं लगा सके।

राहुल गांधी का गारंटी कार्ड का फार्म खासतौर अल्पसंख्यक, अशिक्षित और निर्धन महिलाओं से भरवाया गया। उन्हें डर था कि तीन तलाक के मामले खत्म करने के कारण ये महिलाएं भाजपा को वोट दे सकती हैं। काट के लिए पार्टी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया गया। प्रमुखों की तमाम जिलों में फर्जी सूची बनाई गई जो वास्तव में कहीं थे ही नहीं। कई उम्मीदवारों ने इसकी शिकायत भी की है। यदि वास्तव में पन्ना प्रमुख होते तो उनके मोबाइल फोन नंबरों के जरिए इन फर्जी वीडियो का आईटी सेल जवाब दे सकता था। कुल मिलाकर फेक वीडियो और अफवाहों का जमीनी स्तर भाजपा का संगठन कोई जवाब नहीं दे सका और पार्टी कई जगह चुनाव हार गई। बहरहाल पार्टी संगठन इस हार की समीक्षा के लिए बनाई गई टास्क फोर्स के सूचनाओं का इंतजार कर रही है। पर यहां सवाल यह उठता है कि क्या कोई संगठन खुद अपनी कमियों को स्वीकार करेगा? इस टास्क फोर्स के काम के लिए दूसरे राज्यों के लोगों को लगाया गया होता तो शायद सही जानकारी सामने आती। लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2019 में उसे जहां 62 सीटें मिली थीं, वहीं 2024 के आम चुनाव में 33 पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 29 सीटें कम मिलने की पूरे देश में चर्चा है। अब पार्टी भी इस पर मंथन में जुटी है और पूरा फीडबैक लेने के बाद कुछ ऐक्शन हो सकता है। अब तक पार्टी नेतृत्व को प्रत्याशियों और स्थानीय नेताओं से जो फीडबैक मिला है, उसके मुताबिक सांसदों को राज्य के कर्मचारियों से सहयोग न मिलना। पार्टी कार्यकर्ताओं का ही खिलाफ हो जाना और संविधान बदलने का गलत नैरेटिव जनता के बीच चला जाना नुकसान का कारण रहा है। यही नहीं भाजपा का राज्य नेतृत्व एक विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार कर रहा है। इस रिपोर्ट को इस सप्ताह के अंत तक हाईकमान को सौंपा जाएगा।

ये चुनाव नतीजे प्रदेश सरकार के मंत्रियों के लिए सबक है। मंत्रियों को भाजपा के कार्यकर्ताओं और जनता के संपर्क में रहना चाहिए और उनकी जनहित की समस्याओं का समाधान करते रहना चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो आगामी विधानसभा के चुनाव में उनका और पार्टी का चुनाव जीतना मुश्किल हो जाएगा।

सोशल फोरम

सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए

मध्य प्रदेश के एक कथावाचक प्रदीप मिश्र ने राधा रानी के विवाह और जन्मस्थान के विषय में ऐसा कुछ कहा था, जिस पर ब्रज क्षेत्र ने उनके बहिष्कार का निर्णय लिया था। उस बहिष्कार से बचने के लिए उन्होंने बरसाने के राधा मंदिर में आकर सबके सामने नाक रगड़ कर राधा रानी से माफी मांगी। इस घटना पर मुझे योरोपीय खगोलशास्त्री कापर्निकस की याद आ गई। निकोलस कापर्निकस (1473-1543) पोलैंड का एक प्रसिद्ध खगोलशास्त्री था जिसने पश्चिमी जगत में पहली बार कहा कि इस ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी न होकर सूर्य है और पृथ्वी समेत सभी ग्रह उसकी परिक्रमा करते हैं। पृथ्वी वर्ष में एक बार सूर्य का चक्कर लगाती है तथा पृथ्वी भी अपनी धुरी पर 24 घंटे में एक बार घूमती है। ईसाई पादरियों ने कापर्निकस की भर्त्सना करते हुए कहा कि यह उनकी मान्य परंपरा के प्रतिकूल है, जिसमें ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी को माना गया था। कापर्निकस के ऊपर अभियोग चला जिसमें कापर्निकस ने क्षमा मांगते हुए कहा कि उसने गलत कहा था, वास्तव में पृथ्वी ही ब्रह्मांड का केंद्र है और सूर्य सहित सभी आकाशीय पिंड उसकी परिक्रमा करते हैं। अपनी क्षमा याचना के आधार पर वह मुक्त हो गया लेकिन बाहर आने पर उसने कहा "इट स्टिल मूव्स" यानी मेरे पृथ्वी को केंद्र मानने के बाद भी पृथ्वी घूमती है। उसने सजा से बचने के लिए पृथ्वी को केंद्र कहा तो, लेकिन अपने सिद्धांत को गलत नहीं माना। यह उसकी सत्य के प्रति प्रतिबद्धता थी। किसी को भी किसी धर्म की मान्यताओं के विरुद्ध कुछ नहीं कहना चाहिए जब तक कि इसका पुष्ट प्रमाण न हो। प्रदीप का कथन किन साक्ष्यों पर आधारित था, यह मुझे ज्ञात नहीं है, लेकिन यदि उनका कथन पुष्ट साक्ष्यों पर आधारित नहीं था तो उन्हें यह बात कहनी नहीं चाहिए थी और यदि वह प्रामाणिक साक्ष्य पर था तो उन्हें माफी नहीं मांगनी थी। यदि माफी किसी विवशता में मांग भी ली तो बाद में अपनी बात पर टिकना चाहिए था। लोभ और भय वश ऐसी बात कहना या माफी मांगना, उनके हजारों श्रोताओं के प्रति विश्वास घात है। प्रदीप मिश्र को सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए था।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

-फेसबुक वॉल से

ब्रिटेन चुनाव में प्रवासी भारतीयों के वोटों की बड़ी भूमिका

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव होने जा रहे हैं। कई बड़े सवाल उभरते हैं-क्या वहां रह रहे भारतीय ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और कंजर्वेटिव पार्टी के साथ खड़े आएंगे? या फिर लेबर पार्टी को प्रवासी भारतीयों के भी वोट मिलेंगे? साथ ही क्या भारत-यूनाइटेड किंगडम मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जो दोनों देशों के लिए अपार संभावनाएं लिए हैं, पर वार्ता अधरझूल में लटक सकती है? इसके अलावा यूके में आर्थिक परिदृश्य चुनौतियों से भरा है। सार्वजनिक ऋण पिछले 63 वर्ष के उच्चतम स्तर पर है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 2023 के आखिर तक पिछली पांच तिमाहियों में से चार में गिरावट देखी गई है।

प्रवासन व शरणार्थियों का मुद्दा भी इस चुनाव में चरम पर है। इस चुनाव को 'इमिग्रेशन इलेक्शन' भी कहा जाने लगा है। एग्जिट पोल, राजनीतिक विश्लेषकों के निष्कर्षों में प्रधानमंत्री सुनक की रेटिंग में भारी गिरावट की खबरें हैं। एग्जिट पोल के नतीजों से भारतवंशी मतदाताओं में मायूसी का माहौल है। ब्रिटेन में रहने वाले अप्रवासियों की तुलना में भारतीयों की आबादी सबसे ज्यादा है। अन्य अप्रवासी समूहों की तुलना में भारतीय अच्छी तरह शिक्षित हैं और सबसे धनी लोगों में माने जाते हैं। 2011 की ब्रिटिश जनगणना के अनुसार, यूके में भारतीय मूल के लगभग 1.5 मिलियन लोग हैं, जो कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत है। ऐतिहासिक रूप से यहां भारतीय प्रवासियों का झुकाव लेबर पार्टी की ओर रहा है। भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने के समय भी लेबर पार्टी सत्तारुढ़ थी। हालांकि हाल के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

यहां यह गौर करना जरूरी हो जाता है कि हम जब ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों की बात करते हैं तो उसमें वह लोग भी शामिल होते हैं, जो पूर्वी अफ्रीका, कैरेबियन द्वीप समूह और अन्य स्थानों से आकर यहां बस गए हैं। 1960 से 1980 के दशक तक, बड़ी संख्या में भारतीय अप्रवासी युगांडा, केन्या और कैरेबियाई द्वीपों से ब्रिटेन में बस गए। 1960 के दशक में खुद सुनक का परिवार केन्या से ब्रिटेन आया था। मूल रूप से उनके पूर्वज पंजाब के रहने वाले थे। इसके अलावा यह विश्वास भी बढ़ा है कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय बड़ी संख्या में कंजर्वेटिव पार्टी के समर्थक बन गए हैं। इस संख्या मे हिन्दुओं का एक बड़ा हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 की अपनी ब्रिटेन यात्रा में लंदन के वेम्बली स्टेडियम में भारतीयों को संबोधित किया था। इसमें भारतीय मूल के साठ हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे और इसमें भी बड़ी संख्या गुजरातियों और पंजाबियों की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री बोर्स जॉनसन खुद को गर्व से 'भारत का दामाद' कहते थे।

गहन विश्लेषण में एक तथ्य और उभरकर सामने आया है कि पिछले 20-25 वर्षों में भारत से ब्रिटेन में बड़ी संख्या में लोग डॉक्टर, इंजीनियर, आईटी पेशेवर आदि के रूप में गए हैं। 2022 में इस बीच, ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री बने। ऐसे में यह कहना अभी जल्दबाजी ही होगी कि इस चुनाव में हिंदू कंजर्वेटिव पार्टी के पक्ष में सामूहिक रूप से मतदान करेंगे या नहीं। एक बात और ब्रिटिश मुद्रा पाउंड अस्थिरता के दौर में है। दांव पर मुख्य मुद्दा निवेशकों का विश्वास है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी जो चुनावों में आगे है, ने अशांत राजनीतिक माहौल से बाहर निकलने का वादा किया है। पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मिनी-बजट विफलता, जिसके चलते बाजार में गिरावट आई, लोगों में याद को ताजा बनाए हुए है। प्रवासन और पाउंड की स्थिरता का मुद्दा ब्रिटेन की राजनीति के लिए एक यक्ष प्रश्न के रूप में है। 14 वर्ष के शासन के बाद कंजर्वेटिव पार्टी इस बार भी सत्ता में आएगी या फिर लेबर पार्टी सत्ता संभालेगी? अब देखना है कि 5 जुलाई को बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स III से मिलने के लिए प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के ऋषि सुनक या लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर में से कौन जाएगा?

आषाढ़ तेरे विविध रंग

जिस मास की पूर्णिमा को चन्द्रदेव पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र पर होते हैं उसे आषाढ़ कहा जाता है। यह वर्षा ऋतु का प्रथम मास है और इसके विविध रंग और आयाम हैं। इंसान से लेकर भगवान तक और किसान से लेकर कवि और साहित्यकार तक इसने अपनी छाप छोड़ी है और इन वर्गों ने इसे अपने-अपने तरीके से उपयोग किया है।

पृथ्वी पर हरीतिमा का जनक होने के कारण यह कृषकों को अति प्रिय है और इस मास के आगमन पर अपनी फसल की तैयारी उन्हें बहुत जल्द करनी पड़ती है। कहावत है "कातिक तेरह तीन असाढ़"। यानी तीन दिन के अंदर असाढ़ू फसल के लिए किसान को कार्यवाही कर लेनी होती है। यद्यपि खेती किसानी के काम में व्यस्ततावश उन्हें इस मास में कपड़े सिलवाने की फुरसत नहीं होती है, जिसके परिणामस्वरूप दर्जी खाली बैठे रहते हैं। अतः बेरोजगार और ठलुहे के लिए गांव की लोकोक्ति है "असाढ़ के दर्जी"। मगर भगवान (विष्णु) दूसरा रास्ता अपनाते हैं। वे इस मास के आगमन के चंद रोज पहले ही सो जाते हैं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ऋतु वर्णन के प्रवीण कवि सेनापति ने लिखा है कि चूंकि आषाढ़ में मेघों की घटा घनघोर छाई रहती है तो दिन में भी रात का भ्रम होने लगता है, अतः भगवान सो जाते हैं। साहित्यकार मोहन राकेश ने 1959 में अपना बहु चर्चित नाटक इसी मास के नाम पर लिखाः "आषाढ़ का एक दिन"। अब चूंकि मुशी प्रेमचंद्र ने अपनी मशहूर कहानी "पूस की रात" लिखकर पूस मास को आगे बढ़ाया, तो आषाढ़ भी पीछे क्यों रहे। यह कमी मोहन राकेश ने पूरी कर दी। कविकुलगुरु कालिदास के विरही यक्ष को रामटेक पर्वत पर "आषाढ़स्य प्रथम दिवसे" ही मेघ मिले, जिन्हें उसने अपनी अलकापुरी में रह रही पत्नी के पास दूत बनाकर भेजा।

हालांकि मलिक मोहम्मद जायसी की वियोगिनी नायिका नागमती को आषाढ़ कष्ट कारक लगता है। 'पद्मावत्' में पति का वियोग सहन करते हुए वह वह कहती है- चढ़ा असाढ़ गगन घन गाजा। साजा विरह दुंद दल बाजा।। धूम साम धौरे घन आये। सेत धजा बग पाति देखाये।।

कवि ने वियोगिनी के लिए इस मास को एक आक्रमणकारी राजा के रूप में दिखाया है। बात सही है, जब भगवान राम तक को पत्नी पास न होने पर बादल की गरज चमक से डर लगने लगता है तो भला लौकिक नारी नागमती की क्या बिसात! श्रीराम कहते हैं "घन घमंड गरजत नभ घोरा। प्रिया हीन डरपत मन मोरा"।। आषाढ़ में गांव की ताल तलैयां भर जाती हैं। पं. नरेंद्र शर्मा इस मास की शुरुवात में अपने गांव की तलैया 'असाढ़ी' की याद आ जाती है और वह स्मरण करते हैं कि 'अब असाढ़ी पानी से लबरेज हो गई होगी'। "चौड़ी छाती खोल आसाढ़ी पड़ी पी रही होगी आल"।

वेंकैया गारू: भारत की सेवा में समर्पित जीवन

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहते वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं। वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुये है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए।

राजनीति में अपने प्रारम्भिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक, नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया, वो अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है।

वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लंबे समय तक अलग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है, और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़ाव पर आम लोगों के प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नहीं बदला।

वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़ाव पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी। किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया। लगभग 50 साल पहले जब काँग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र के लिए उनकी ये प्रतिबद्धता, उनके राजनीतिक जीवन में हर जगह दिखाई देती है। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान एनटीआर की सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त कर दिया था, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे।

1978 में आंध्र प्रदेश ने जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था, तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आए थे। पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे।

युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढ़ता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे। उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने।

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वो वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे।

अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारू ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। उनकी इस पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी- वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरुआती दिन गांवों में बिताए थे और इसलिए, अगर कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी।

2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने स्वच्छ भारत मिशन और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है।

2014 के उन शुरुआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया था। मैं उस समय दिल्ली के लिए एक बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में ही काम करते हुये बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नज़र आते थे।

वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम ये जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन साथ ही, हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया।

जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे। मुझे यकीन है कि यह उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। वह युवा जिसने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संकल्प के लिए अपना जीवन समर्पित किया था, जब वह सपना पूरा हुआ तो वह सभापति के पद पर आसीन था। किसी निष्ठावान देशभक्त के जीवन में इससे बड़ा समय और क्या होगा!

काम और राजनीति के अलावा, वेंकैया गारू एक उत्साही पाठक और लेखक भी हैं। दिल्ली के लोगों के बीच, उन्हें उस व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो शहर में गौरवशाली तेलुगु संस्कृति लेकर आए। उनके द्वारा आयोजित उगादी और संक्रांति कार्यक्रम स्पष्ट रूप से शहर के सबसे पसंदीदा समारोहों में से एक हैं। मैं वेंकैया गारू को हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जानता हूं जो भोजन प्रेमी हैं और शानदार मेजबानी करना जानते हैं। लेकिन, पिछले कुछ समय से उनका संयम भी सबके सामने दिखने लगा है। फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस बात से झलकती है कि वह अभी भी बैडमिंटन खेलना और ब्रिस्क वॉक करना पसंद करते हैं।

उपराष्ट्रपति पद का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी, वेंकैया गारू सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय हैं। वह लगातार देश के लिए जरूरी मुद्दों और विकास कार्यों को मुझसे बात करते रहते हैं। हाल ही में जब हमारी सरकार तीसरी बार सत्ता में लौटी, तो मेरी उनसे मुलाक़ात हुई थी। वह बहुत खुश हुए और उन्होंने मुझे व हमारी टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं। मैं एक बार फिर उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि युवा कार्यकर्ता, निर्वाचित प्रतिनिधि और सेवा करने का जुनून रखने वाले सभी लोग उनके जीवन से सीख लेंगे और उन मूल्यों को अपनाएंगे। यह वेंकैया गारू जैसे लोग ही हैं जो हमारे राष्ट्र को बेहतर और अधिक जीवंत बनाते हैं।

बरेली देहात

सार-संक्षेप

ट्यूशन जा रहे छात्र को नशेड़ियों ने पीटा

नवाबगंज, अमृत विचार : नशेड़ियों ने स्कूल जा रहे एक छात्र को पीट दिया, क्योंकि उसकी मां ने नशेड़ियों को आते- जाते लोगों को गाली देने से मना किया था। दरअसल नवाबगंज के मोहल्ला कुरेश नगर में एक प्लॉट को नशेड़ियों ने अड्डा बना रखा है। मोहल्ले की एक महिला ने युवकों से गालियां न देने को कहा तो आरोपियों ने उसके बेटे को ट्यूशन जाने के दौरान रास्ते में घेरकर पीट दिया। पुलिस ने अरमान, इस्राइल, रिजवान व मोनिस पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

कैपरी पहन प्रमाण पत्र बनवाने गए युवक को लौटाया

हाफिजगंज, अमृत विचार : हाफिजगंज थाना क्षेत्र के दिवानापुर का यशपाल रविवार को चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने कैपरी पहनकर थाने पहुंच गया। उसे कैपरी में थाने में घुसता देख वहां बैठे एक दरोगा ने यह कहते हुए भगा दिया कि पैंट पहनकर थाने आना उसके बाद प्रमाण पत्र के लिए कहना। दरोगा की फटकार से दुखी वह कुछ देर तक थाने के बाहर बैठा रहा।

भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी

बहेड़ी, अमृत विचार : नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल के कार्यालय पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 111 वां संस्करण सुना गया। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में हथकरघा उद्योग के अलावा किसानों की आय में वृद्धि के साथ ही जमीन के उपजाऊपन को बरकरार रखने के लिए जैविक खेती का जो महत्व बताया गया उसे लोगों ने काफी पसंद किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल के साथ उनके पति अजय जायसवाल, जितेन्द्र सक्सेना, सोनी जायसवाल, हर वीर गंगवार, गौरव पाल, सुमन श्रीवास्तव, राकेश शर्मा आदि शामिल रहे। मन की बात कार्यक्रम नगर के बूथ संख्या 180 पर भी सुना गया। भाजपा के राहुल गुप्ता, सुनील रस्तोगी व प्रेम पाल भास्कर सहित कई अन्य लोग कार्यक्रम का हिस्सा बने।

मानव सेवा क्लब की कार्यकारिणी का हुआ गठन

बरेली, अमृत विचार : मानव सेवा क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को रोटरी भवन में हुआ। इसकी घोषणा क्लब के संरक्षक डॉ. अरुण कुमार ने की। इसमें सुरेंद्र बीनू सिन्हा को अध्यक्ष और प्रदीप माधवार को महासचिव बनाया गया। सत्येंद्र सक्सेना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार सक्सेना और राजेश सक्सेना को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। सीएस अंकित अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। डॉ. एमएम अग्रवाल और प्रकाश चंद्र सक्सेना को संयुक्त सचिव और अखिलेश कुमार को ऑडिटर मनोनीत किया गया। निदेशक मंडल में डॉ. अजय गुप्ता, सीए राजेन विद्यार्थी, इंजी. केबी अग्रवाल, इंजी. एएल गुप्ता, जसवंत सिंह भाकुनी आदि को शामिल किया गया। क्लब के संरक्षक और वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने सब को सम्मानित किया।

विवाद के बाद दूल्हे के चचेरे भाई का सिर फोड़ा

बहेड़ी, अमृत विचार : नदेली रोड स्थित गांव सकरस में शनिवार रात आई एक बरात में शामिल होने आए कुछ लोगों ने खाना खाते समय धारदार हथियार दूल्हे के चचेरे भाई पर हमला करके घायल कर दिया। बरात थाना हाफिज गंज के गांव हरहरपुर मटकली से आई थी। बरात में अन्य लोगों के साथ दूल्हे का तहेरा भाई सूरज पाल खाना खा रहा था। इसी दौरान एक बराती से साथ जाने को लेकर विवाद हो गया। इस पर उसने उसके सिर में धारदार हथियार से मारकर सिर फोड़ दिया। सूरज पाल के अनुसार, तीन और लोगों ने भी उसके साथ मार पीट की। तहरीर पर पुलिस ने भूड़ा भमौरा गांव के केशव, दिनेश दिवाकर, अमित दिवाकर व राकेश दिवाकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

ग्राहक बनकर आईं महिलाएं दुकान से जेवर चुराकर फरार

सर्राफ ने दो महिला और एक पुरुष पर दर्ज कराई चोरी की रिपोर्ट

संवाददाता भोजीपुरा

अमृत विचार : ग्राहक बनकर आई दो महिलाओं ने एक सर्राफ की दुकान से आभूषण चोरी कर लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात महिला और एक पुरुष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव भैरपुरा खजुरिया निवासी योगेन्द्र सिंह की जादौंपुर कस्बे में सर्राफ की दुकान है। 28 जून की दोपहर में दो महिलाएं और एक पुरुष आए और सोने के आभूषण दिखाने को कहा। आभूषण पसंद न आने पर सर्राफ पास की दुकान से आभूषण लेने गया। तब तक तीनों ग्राहक सोने की चार चूड़ियां एक चैन, तीन जोड़ी झाले लेकर फरार हो गए। सर्राफ आया तो सोने के आभूषणों के साथ ग्राहक गायब थे। योगेन्द्र ने उनकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पीड़ित सर्राफ ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने दो अज्ञात महिलाओं व एक पुरुष के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बैटरी चुराकर बेचने और खरीदने वाले पर रिपोर्ट

नवाबगंज, अमृत विचार : ग्रामीण के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर की बैटरी गांव के ही दो युवकों ने चोरी कर कस्बे की एक दुकान पर बेंच दी। ट्रैक्टर मालिक की तहरीर पर पुलिस ने दुकानदार और दोनों आरोपियों के विरुद्ध चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम तुमड़िया के जंग बहादुर का आरोप है कि 25 जून को वह ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा कर बाजार गया था। इसी दौरान गांव के ही निलेश कुमार और सुशील कुमार उर्फ गुड्डु ने दोपहर में बैटरी खोल ली और नगर के इस्लामनगर के मो. नवी की दुकान पर बेंच दी। नवाबगंज पुलिस ने चोरों के साथ ही दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

किशोरी से छेड़खानी और मारपीट का आरोपी पकड़ा

संवाददाता, मीरगंज

- छेड़खानी से तंग छात्र ने स्कूल जाना कर दिया था बंद
- पुलिस पर समझौते के लिए दबाव बनाने का आरोप

अमृत विचार : किशोरी से छेड़खानी और मारपीट के फरार आरोपी सुरेश मौर्य को मीरगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार शाम गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की नाबालिग बेटी स्कूल आते- जाते समय सुरेश मौर्य एवं सुनील रास्ते में छेड़खानी करते थे। इसी वजह उसने स्कूल जाना बंद कर दिया। 15 मार्च 2024 को सुरेश और सुनील और एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस गए उसकी छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म की कोशिश की। मजबूर होकर उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। 23 अप्रैल 2024 को सुरेश मौर्य, टिंकू और सुनील दोपहर 2:00 बजे उसके घर में घुसे उसकी पुत्री से कहा यदि कहीं शादी की तो उसके परिवार को जला देंगे। उससे छेड़खानी करते हुए कपड़े फाड़े और मारापीटा।

पीड़ित का आरोप कि मीरगंज पुलिस जांच के नाम पर थाने में बुलाती रही समझौते का दबाव बनाती। इसके उसकी बेटी अवसाद में आकर कई बार आत्महत्या की कोशिश कर चुकी थी। एसएसपी के आदेश पर सुरेश मौर्य टिंकू और सुनील निवासी ग्राम नंदगांव के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। अब सुरेश मौर्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

आज से लागू होगा बीएनएस, थानों में होगी गोष्ठी

बरेली, अमृत विचार : भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) सोमवार से पूरे देश में लागू हो रही है। मुख्य प्रशिक्षक एवं एसपी यातायात शिवराज ने बताया कि सोमवार को जिले के थानों में इस कानून के संबंध में गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। लोगों को धाराओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। वहीं, संयुक्त निदेशक अभियोजन ने सभी अभियोजन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे पुलिस कर्मियों की मदद करें। नए कानून को लेकर रविवार को हुई बैठक में एसएसपी ने नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों से निपटने की प्राथमिकता के संबंध में बताया। प्रत्येक थाने में बोर्ड पर नए कानून की धाराओं से संबंधित जानकारी अंकित की जाएगी।

आज से समाजवादी पार्टी शुरू करेगी पीडीए पौधरोपण अभियान

बरेली, अमृत विचार : पीडीए के नारे के साथ लोकसभा चुनाव में उतर कर सफलता पाने वाली समाजवादी पार्टी अब पीडीए के नाम से सोमवार से पौधरोपण अभियान चलाएगी। पार्टी इसे सामाजिक आंदोलन का रूप देने पर विचार कर रही है। अभियान के तहत विधायक अताउर रहमान को चार दिन अलग अलग जिलों में रहने की जिम्मेदारी दी गई है। दो जुलाई को वह बरेली में पौधे रोपेंगे। महासचिव दीपक शर्मा के अनुसार पार्टी ने जिला स्तर पर इसकी कार्ययोजना बना ली है। सोमवार को आंवला और कैंट विधानसभा क्षेत्र के लोहिया पार्क में पौधरोपण किया जाएगा। मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे भोजीपुरा और दोपहर एक बजे शहर विधानसभा क्षेत्र के हार्टमन के रामलीला मैदान में पौधे रोपे जाएंगे। तीन को बिथरीचैनपुर, चार को फरीदपुर, पांच को मीरगंज, छह को नवाबगंज और सात जुलाई को बहेड़ी विधानसभा में क्षेत्र पौधरोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायकों के साथ पार्षद, पंचायत सदस्य सहित सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी रहेगी।

दुकान जा रहे युवक को घेरकर पीटा

कैंट, अमृत विचार : दुकान जा रहे युवक को घेरकर दबंगों ने पीटा। कैंट पुलिस ने जिला अस्पताल भेजकर मेडिकल कराया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसएसपी से शिकायत की गई। थाना क्षेत्र के गांव चनेहटा की चेत गौटिया निवासी रंजीत यादव ने बताया कि वह 24 जून को रात 8:30 बजे दुकान पर सामान लेने जा रहा था रास्ते में चनेहटी निवासी संजू कश्यप ने रोका और गाली देने लगा, विरोध करने पर उसने अपने साथी जानू के साथ मिलकर से पीटा। पीड़ित ने तहरीर के साथ पुलिस को वायरल वीडियो भी उपलब्ध कराई है। लेकिन पुलिस ने मेडिकल कराने के बाद कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने एसएसपी से शिकायत की तो रिपोर्ट दर्ज हुई।

काफी समय से अधूरी पड़ी संजय नगर सड़क बननी हुई शुरू। ● अमृत विचार

मादक पदार्थों की तस्करी को टोका तो घेरकर पीटा

बहेड़ी, अमृत विचार : मादक पदार्थों की तस्करी करने से टोकने पर आरोपियों ने युवक को घेरकर पीटा। गांव जटपुरा निवासी खेमकरन ने बताया कि अरसिया बोझ के रोशनलाल, शकील और जगदीश मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं। उसने मना किया तो आरोपी उससे रंजिश मानने लगे। 19 जून की रात उसे घेरकर पीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र तरनजीत सिंह व पुत्रवधू परमजीत कौर पत्नी तरनजीत सिंह को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **कश्मीर सिंह पुत्र श्री जोगिन्दर सिंह निवासी हरदासपुर, तहसील अमरिया जिला पीलीभीत।**

सूचना

हमने अपने पुत्र रोहन देवल व पुत्रवधु ज्योति देवल को उनके गलत आचरण, दुर्व्यवहार व गलत संगत के कारण उनसे तंग आकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुये अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **हरीओम पटवा पुत्र श्री पन्ना लाल पटवा व श्रीमती जयन्ती देवी पत्नी हरीओम पटवा, निवासीगण- 563, स्वरूप नगर, चाहबाई, बरेली**

आवश्यकता है

मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज, बहजोई रोड, चन्दौसी-244412 (सम्भल)
ई-मेल- mplc.chd777@gmail.com

बी०ए० एलएल०बी० (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ताओं की-

राजनीति विज्ञान- 1, समाजशास्त्र- 1, अर्थशास्त्र- 1, इतिहास- 1, अंग्रेजी- 1, विधि- 3

एलएल०बी० (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम हेतु

विधि-3
योग्यता व अनुभव- एम०जे०पी० रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली / यू०जी०सी० के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय में अपना परिपूर्ण आवेदन अंकपत्रों, प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड और पैन कार्ड सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिनों के अन्दर महाविद्यालय में प्रेषित करें। **प्राचार्य**

सम्पर्क सूत्र- 9412656205, 9412140100,9927040793

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अस्तित्ववाद में उलझे न्याय की कहानी है नाटक नो एग्जिट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्रीराममूर्ति स्मारक रिद्धिमा में रविवार को बिलीवर आर्ट्स की ओर से नाटक नो एग्जिट का मंचन किया गया। तुषार चमोला निर्देशित नाटक में मृत्यु के बाद का चित्रण किया गया। इसमें तीन मृत पात्रों को अनंतकाल के लिए एक साथ कमरे में बंद कर दंडित किया जाता है। लेखक ने अपने कथानक में अस्तित्ववाद में उलझे न्याय को दर्शाया है।

नरक का प्रतिनिधित्व करने के लिए इसे साधारण ड्राइंग रूम के फर्नीचर से सजाया गया। एक रहस्यमयी सेवक तीन शापित आत्माओं व्योम, प्रयुशी और राशि को बारी-बारी से यहां लाता है और वहां बंद कर चला जाता है। वे लोग उम्मीद कर रहे थे कि यहां पर यातना उपकरण उन्हें अनंतकाल तक दंडित करेंगे, लेकिन इसके बजाय उन्हें एक सादा, लेकिन सुसज्जित कमरा दिया गया। व्योम कमरे को देख कर आश्चर्यचकित है। सेवक उसे बताता है कि वे एक बटन दबाकर उसे बुला सकते हैं। यह बता कर सेवक चला जाता है। व्योम घबराने लगता है। वह बटन का उपयोग कर सेवक को बुलाने की कोशिश करता है, लेकिन सेवक कोई प्रतिक्रिया नहीं देता। इधर प्रयुशी की आत्मा वियोम से डरती है और उसे अत्याचारी मानती है, लेकिन व्योम उसे आश्वासन देता है कि वह सामान्य व्यक्ति है, उसे चोट नहीं पहुंचाना चाहता। घबराई प्रयुशी कहती है कि वह जिस व्योम को जानती है, उसका कोई चेहरा नहीं है। वह भ्रमित हो जाती है, जब व्योम ऊपर देखता है और बताता है कि उसका एक चेहरा है। नाटक में तुषार चमोला, लकी मल्होत्रा, हर्षिता, दीप्ति ठाकुरी, सावंत मोरया और रोहित कुमार ने अपनी भूमिकाओं में जीवंत अभिनय किया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऊषा गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. रीता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक नो एग्जिट का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

आग लगाने वाले आरोपी समझौते का बना रहे दबाव

बरेली, अमृत विचार : हाफिजगंज में महिला के घर में घुसकर आग लगाने वाले आरोपी समझौते का दबाव बना रहे हैं। समझौता न करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी है। महिला ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया है। खता गांव निवासी माया देवी ने बताया कि गांव के कुछ लोग उनके घर पर जबरन कब्जा करना चाह रहे हैं। आरोपियों ने 16 जून को उसके घर में घुसकर आग लगा दी थी। एसएसपी के आदेश पर हाफिजगंज पुलिस ने 19 जून को रिपोर्ट दर्ज कर ली। अब आरोपी समझौते का दबाव बना रहे हैं। माया देवी ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी गुड्डू यादव और सोबरन सिंह की गिरफ्तारी की मांग की है।

एक नजर

खटेली गांव में फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

भुता, अमृत विचार : जमीन पर कब्जे के विवाद में ग्राम खटेली में हुई फायरिंग के एक आरोपी को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया ,जहां से जेल भेज दिया गया। भुता पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फायरिंग के आरोपी पातू उर्फ सुधांशु निवासी खटेली को गिरफ्तार कर लिया। सुधांशु ने अपने साथियों के साथ मिलकर खेत पर काम कर रहे देशराज के भाई और बेटे पर नाजायज असलहे से फायरिंग की थी।

बेटी को उठाकर ले जाने की धमकी दे रहा दबंग

हाफिजगंज, अमृत विचार : हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि थाना भोजीपुरा क्षेत्र का एक दबंग उसके मोबाइल पर उसकी बेटी को परेशान करता है। शनिवार को युवक ने फोन किया और किशोरी के पिता को ही धमकी दे डाली कि अपनी बेटी से बात कराओ वरना उसे उठाकर ले जाऊंगा। पिता के विरोध पर आरोपी ने उन्हें गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाना हाफिजगंज में दबंग के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पैन कार्ड बनवाने गई युवती से की छेड़खानी

कैंट, अमृत विचार : जन सेवा केंद्र पर पैन कार्ड बनवाने गई युवती से संचालक ने छेड़खानी की, तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की ।पीड़िता ने बताया कि वह 28 जून को दोपहर 2 बजे गांव में ही स्थित जन सेवा केंद्र पर पैन कार्ड बनवाने गई थी। जन सेवा केंद्र संचालक ने उससे छेड़खानी की। युवती की तहरीर पर कैंट पुलिस ने आरोपी जन सेवा केंद्र संचालक आलोक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

सांड़ ने डॉक्टर पर हमला करके किया घायल

बिशारतगंज, अमृत विचार : कस्बे की गलियों और बाजारों में घूम रहे सांड़ रोज किसी न किसी को हमला कर घायल कर रहे है। रविवार की शाम करीब 7 :00 बजे क्लीनिक से घर के लिए जाने के लिए रेलवे स्टेशन की तरफ जाते हुए डॉक्टर पर सांड़ ने हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गए। आंवला निवासी डॉ. महेंद्र ने बताया कि वह रोजाना ट्रेन से बिशारतगंज क्लीनिक पर आते हैं, रविवार शाम 7 बजे क्लीनिक बंद कर स्टेशन पर जा रहे थे, अचानक रास्ते में सांड़ ने हमला कर दिया, जिससे वह चोटिल हो गए।

महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं, बिसरा सुरक्षित

देवरनियां, अमृत विचार : देवरनियां क्षेत्र के गांव राठ में शनिवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ, शव ले जाने के लिए विवाहिता के मायके और ससुराल वालों में बहस हुई। राठ निवासी सतीश गंगवार की पत्नी सरिता देवी का शव शनिवार को घर में मिला था । सूचना पर उसके मायके वाले और पुलिस पहुंची। मायके वालों के कहने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया, रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ तो पुलिस ने विसरा सुरक्षित कराया। वहीं शव ले जाने को लेकर मायके और ससुराल पक्ष में बहस हुई इस दौरान वहां मौजूद प्रधान संघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शांतिपाल गंगवार ने समझौता कराके शव ससुराल वालों को दिलाया।

नहाते समय नहर में डूबा युवक देर शाम तक नहीं चला पता

गोताखोरों के साथ ग्रामीणों ने की तलाश, मां का रो-रोकर बुरा हाल

नहर में डूबे युवक की तलाश में जुटे गोताखोर और लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, क्योलड़िया

- विधायक डॉ. एमपी आर्य ने जिले से गोताखोर बुलाने के दिए निर्देश

अमृत विचार : दोस्तों के साथ नहर में नहाते समय एक युवक डूब गया। जब दोस्तों को वह दिखाई नहीं दिया तो शोर मचाया, पहले ग्रामीणों ने अपने स्तर पर इसके बाद गोताखोरों को बुलाकर तलश कराई लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चला।

क्योलड़िया निवासी तेजराम मौर्य का बेटा अनुज (20) दोस्तों के साथ पोशाकी लाल के खेत में धान की रोपाई करने गया था, रोपाई के बाद वह दोस्तों के साथ घर वापस आ रहा था, रास्ते में ही शारदा सागर खंडनहर में दोस्तों के साथ नहाने लगा। नहाते समय वह गहरे पानी में जाने की वजह से डूब गया, जब उसके दोस्तों को वह नहीं दिखाई दिया तो सभी शोर मचाने लगे।

सूचना पर घर वाले और ग्रामीण भी उसे ढूंढने लगे और स्थानीय गोताखोर की मदद से खोजने लगे, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक परमेश्वरी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंची और जगह-जगह जाल लगवा कर उसे खोजने का प्रयास किया, लेकिन उसका सुराग नहीं लग सका। घटनास्थल पर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भी पहुंचे और उन्होंने प्रभारी निरीक्षक से गोताखोरों को बुलाने को कहा जिस पर जिले से गोताखोरों को बुलाएं गोताखोर भी डूबे युवक को ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कहीं सुराग नहीं लग सका। उसके माता-पिता और परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है , घटना स्थल पर हल्का लेखपाल योगेश कुमार, रविंद्र कुमार गंगवार, राजेंद्र गंगवार, डॉ. नंदराम मौर्य, राजेंद्रकुमार समेत अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे।

कई गांवों में बिजली संकट से किसान परेशान, प्रदर्शन की दी चेतावनी

संवाददाता, आंवला

- शेड्यूल के मुताबिक नहीं मिल रही बिजली, विधायक से शिकायत

अमृत विचार : बिजली सप्लाई नहीं मिल पाने से नाराज कई गांवों के ग्रामीण बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा से मिले और शेड्यूल के अनुसार सप्लाई दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने सुधार न होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। विधायक ने आंवला एसडीओ से नाराजगी व्यक्त कर शीघ्र सुधार कराने के निर्देश दिए हैं।

आंवला देहात विद्युत फीडर के सेंधा और टांडा पोषक से जुड़े उपभोक्ताओं ने बताया कि सप्लाई न मिलने से वह सभी परेशान हैं। 15 दिन में एक दिन भी शेड्यूल के अनुसार सप्लाई नहीं मिली है। हवा चलने या बूंदाबांदी होने पर सप्लाई बंद कर दी जाती है। तीन माह पहले बिजली कर्मचारियों ने लाइनों की मरम्मत की औपचारिकता की थी। जिसका परिणाम आज उपभोक्ता झेल रहे हैं। अधिकारियों ने स्थानीय लाइनमैनों को हटाकर 30 से 40 किमी दूर के लाइनमैनों को जिम्मेदारी सौंपी है।

वह यहां की लाइन से अनभिज्ञ हैं और दूर से आने के कारण समय से फॉल्ट ठीक नहीं हो पा रहे हैं। किसानों ने बताया कि ऐसे ही सप्लाई मिली तो धान की रोपाई नहीं हो पाएगी। ग्रामीणों ने सुधार नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस दौरान अतरक्षेड़ी, सादुल्लागंज, मोतीपुरा, जगमनपुर, गौंटिया चमन समेत अन्य गांवों के लोग रहे।

जमीन न मिलने पर अधर में लटका विद्युत उपकेंद्र

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज क्षेत्र में उपकेंद्र के लिए जमीन न मिलने से निर्माण अधर में लटक गया। गांव ठिरिया खुर्द ग्राम पंचायत ने जिस भूमि को देने का प्रस्ताव किया था वह श्रेणी छह की है। उपकेंद्र न बनने से करनपुर फीडर के 60 गांवों की बिजली व्यवस्था दुरूस्त नहीं हो पा रही है। प्रदेश सरकार ने मीरगंज में 33/11 केवी का विद्युत उपकेंद्र स्वीकृत किया था। उपकेंद्र मीरगंज के गांव हुरहुरी के आसपास करनपुर फीडर क्षेत्र में बनना है। बिजली अधिकारियों ने जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध तहसील प्रशासन से किया। प्रशासन के प्रयास पर ठिरिया खुर्द गांव में विद्युत उपकेंद्र निर्माण को जमीन देने का प्रस्ताव ग्राम पंचायत ने कर दिया, वह जमीन श्रेणी छह की निकली। इससे उपकेंद्र का निर्माण शुरू नहीं हुआ। एसडीओ जसीम अख्तर ने बताया कि जेई सोमप्रकाश ने बताया कि जमीन नहीं मिल रही है। उपकेंद्र बनने पर करनपुर फीडर के गांवों को इससे बिजली की आपूर्ति होती। करनपुर फीडर से लगभग 60 गांव जुड़े हैं। विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने कहा कि शासन से छह विद्युत उपकेंद्र उनकी विधानसभा को मिले थे। उपकेंद्र निर्माण को पैसा रिलीज हो चुका है, लेकिन कहीं भी काम शुरू नहीं हुआ है। मेरी इस संबंध में अधिशासी अभियंता से बात हुई थी, जल्द निर्माण शुरू होगा।

हर घर नल योजना: गांवों में खोदकर छोड़ दीं सड़कें

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार : सरकार की हर घर जल पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना के तहत घर -घर पानी भले ही नहीं पहुंचा हो पर इस योजना को पूरा करने वालों ने गांवों की गलियों की खुदाई कर उन्हें बदहाल अवश्य कर दिया तो किसी गांव में हाल यह है कि यहां घरों में लगाई गई टोटियां पानी देने के नाम पर मुंह चिढ़ाती नजर आ रही हैं।

गांव नौवानगला में घर -घर जल पहुंचाने के लिए निकटवर्ती गांव रंपटिया विशारतअली से जोड़ा जा रहा है। गांव की गलियों को तो कार्यदायी संस्था ने खुदवा दिया पर उससे पहले रंपटिया से नौवानगला तक पानी लाने के लिए डाले गए पाइपों को जोड़ा भी नहीं गया है। खुदे हुए रास्ते उबड़-खाबड़ होने के चलते यहां से गुजरने वाले राहगीर अक्सर चोटिल होते हैं। प्रधानपति वीरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में पानी पहुंचाने के लिए रंपटिया में बन रही टंकी से जोड़ा जा रहा है। अभी तक गांव को आने वाली पाइप लाइन को जोड़ा भी नहीं गया है। रास्तों की तीन माह पूर्व खुदाई कराकर यूं ही छोड़ दिया गया है।

रोक के बाद भी बहगुल नदी से निकाल रहे रेत

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

अमृत विचार : बहगुल नदी से बैलगाड़ियों और ट्रैक्टर ट्रालियों से रेत का खनन लंबे समय से हो रहा है । खनन पर प्रतिबंध होने के बाद भी यहां असर नहीं दिखाई दे रहा हैं।

फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र में बरेली शाहजहांपुर जिले की सीमा पर बह रही बहगुल नदी में इन दिनों जल स्तर कम होने पर लगातार खनन हो रहा है ।

शनिवार को अमृत विचार संवाददाता को दस से अधिक बैल गाड़ियां नदी में खड़ी मिली । जिनमें रेत भरा जा रहा था। अवैध खनन की वजह से मछली केकड़े कछुए जैसे जलीय जीव जंतुओं का जीवन खतरे में है क्योंकि खनन करने वाले सीधे नदी में उतर कर रेत भर रहे है, वहीं नदी से रेत निकाले जाने से यहां गड्ढा हो जा रहा हैं, जो बड़े हादसे का कारण बन सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि बैलगाड़ी वाले रोज अवैध रूप से खनन करके मोटी कमाई कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से बहगुल नदी से खनन बंद कराए जाने की मांग की है ।

नदी की धार में बैलगाड़ी खड़ी करके रेत भरते लोग। ● अमृत विचार

- बैलगाड़ी में नदी से रेत भरकर करतें हैं सप्लाई

जाम से व्यापारियों का कारोबार चौपट

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : बाजार में बड़े वाहनों के प्रवेश से आय दिन जाम से राहगीरों के साथ ही व्यापारी परेशान है। रविवार को पूरे दिन जाम के हालात रहे।

आंवला के मोहल्ला पक्का कटरा निवासी व्यापारी वरुण अग्रवाल ने बताया कि सुबह 10 बजे से रात तक जाम की स्थिति रहती है। जाम लगने से वाहन चालकों से व्यापारियों की नोकझोंक होती रहती है। प्रशासन से बड़े वाहन बाइपास से होकर गुजारने की मांग की जा रही है। जनप्रतिनिधियों के सामने भी इस समस्या को रखा गया था। परंतु किसी ने इस समस्या का निस्तारण करने पर विचार नहीं किया। जाम में लोग घंटों फंसे रहते हैं, इस कारण ग्राहक दुकानों पर नहीं आते,जिससे दुकानदारों को नुकसान हो रहा है। दूसरे व्यापारी रमेश ने बताया कि नगर के चांदनी चौक, गंज, पक्का कटरा तिराहा आदि स्थानों पर अतिक्रमण है, जिससे भी लोगों को निकलने में परेशानी होती है और रही सही कसर वाहनों से लगने वाला जाम पूरा कर देता है। तत्कालीन एसडीएम गोविंद मौर्य ने नगरपालिका परिषद आंवला अधिशासी अधिकारी और इंसपेक्टर आंवला को पत्र जारी करके दिन में बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने एसडीएम के निर्देश को भी दरकिनार कर दिया

रविवार दोपहर जाम में फंसे वाहन चालक। ● अमृत विचार

- जाम की वजह से वाहन चालकों और व्यापरियों में होता है विवाद

नौकरी लगवाने के बहाने ठगी करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, मीरगंज

- एसएसपी के निर्देश पर मीरगंज पुलिस ने दर्ज की थी रिपोर्ट

अमृत विचार : मीरगंज पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी समेत अन्य मामलों में वांछित विजयपाल उर्फ सुरेश निवासी मोहल्ला फरजंद नगर सिरौली को नल नगरिया तिराहे से शनिवार शाम गिरफ्तार किया। आरोपी पर मीरगंज में दो, थाना बारादरी में एक और थाना आंवला में एक मुकदमा दर्ज है।

दो साल पहले प्रेमवती निवासी ग्राम बहरोली ने एसएसपी को तहरीर देकर मीरगंज में रिपोर्ट लिखाते हुए आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसके पति की नौकरी लगवाने के नाम उससे ठगी की। पीड़िता के अनुसार उसके पति की मुलाकात मनोज कुमार और विपिन कुमार के जरिए हरीश कुमार निवासी खमरिया आजमपुर और उसके साथी विजयपाल निवासी कर्मचारी नगर से हुई थी, सभी ने उसके पति की सीआरपीएफ रामपुर में माली के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख रुपये 2020 में अलग-अलग तरह से लिए थे। जनवरी 2021 में सीआरपीएफ रामपुर में माली के पद पर नौकरी लगवाने की बात कही थी। जब उसके पति की नौकरी नहीं लगी तो उसने अपने पैसे वापस लेने को कहा तो यह सभी टालमटोल करते रहे। रुपये लौटाने से मना कर दिया। दोबारा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

किशोरी घर से लापता पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : कैंट के एक गांव के युवक ने बताया की 28 जून को उसकी नाबालिग 15 वर्षीय बेटी अकेली थी। इस बीच फरीदपुर के गांव मामदपुर निवासी उसका दामाद अमर सिंह अपने बहनोई सुनील कुमार और भाई खुशीराम की मदद से बहला फुसला कर अपने साथ ले गए। पिता ने थाना कैंट में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शेरगढ़ के पांच शिक्षकों को किया सम्मानित

शेरगढ़,अमृत विचार : शेरगढ़ के पांच शिक्षकों ने आईसीटी के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने में सराहनीय कार्य किया । बरेली में आयोजित समारोह में एआरपी ओम सक्सेना, प्राथमिक विद्यालय बैरमनगर के प्रधानाध्यापक राजीव शर्मा, प्राथमिक विद्यालय डेलपुर के प्रधानाध्यापक देवेश गंगवार, कंपोजिट विद्यालय धनेली के सहायक अध्यापक गौरव शर्मा,मॉडल प्राथमिक विद्यालय बिहारीपुर की सहायक अध्यापिका चारु सोना,प्राथमिक विद्यालय सीहोर के सहायक अध्यापक प्रकाश शर्मा को आईसीटी के माध्यम से बच्चों के अंदर शिक्षा की अलख जगाने को किए गए प्रयास के क्षेत्र में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। इस कार्य के लिए सम्मानित शिक्षकों ने एसआरजी अनिल चौबे का धन्यवाद किया ।

समाजवादी पार्टी ने बृजेश पाल को दी जिम्मेदारी

फरीदपुर,अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष नक्शे अली ने बृजेश पाल सिंह को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ विधानसभा महासचिव बनाया। इस मौके पर श्रीपाल यादव, राजवीर सिंह, रवि , राशिद, रिजवान अली, असलम अली, सतीश यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

व्यापार मंडल ने भामाशाह की जयंती मनाई

फरीदपुर अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल और सरकारी आयकर विभाग के संयुक्त कार्यक्रम में दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें स्वास्तिक सिंह राज्य कर अधिकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में बीएन अग्रवाल, महावीर जायसवाल, अनुज पांडे, ब्रह्मा शंकर गुप्ता, अनुज शुक्ला, सतीश पांडे, आयुष अग्रवाल, सीए मोहन गुप्ता, शिवम गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

दूसरी महिला के लिए पत्नी को दिया तीन तलाक

कैंट,अमृत विचार : शादी के 20 साल बाद चार बच्चों का पिता घर में दूसरी महिला को ले आया। मारपीट के बाद पत्नी को तीन तलाक देकर बच्चों समेत घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति समेत 15 अज्ञात के खिलाफ कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ठिरिया निजाबत खां वार्ड 7 निवासी खदीजा उर्फ बब्बल पत्नी जिलानी ने बताया कि उसकी शादी 20 साल पहले हुई थी, उसके चार बेटे हैं। पति अय्याश किस्म का है, विरोध करने पर वह घर में मारपीट करता है, अक्सर तलाक देने की धमकी देता था। कुछ दिन पहले सितारगंज निवासी महिला को घर ले आया विरोध करने पर 15 जून को उसे पीटा, इसके बाद 23 जून को दोबारा मारपीट की। पीड़िता ने फोन करके मायके से अपने माता-पिता को बुला लिया। आरोपी ने 10-15 अज्ञात लोगों को बुलाकर उसे उसके माता-पिता के साथ मारपीट की। तीन तलाक देकर बच्चों समेत घर से निकाल दिया। अब महिला बच्चों के साथ इधर-उधर भटक रही है।

आंवला में लगेगी वीरांगना अंवती बाई लोधी की प्रतिमा

आंवला,अमृत विचार : लोधी राजपूत कल्याण समिति आंवला की बैठक रविवार को हुई, जिसमें कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह शामिल हुए। उन्होंने जनता की मांग पर रेलवे स्टेशन तिराहे पर वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा स्थापित कराने की घोषणा की। इसके साथ ही मंत्री ने कहा कि अब सरकारी विद्यालयों में कांवेन्ट जैसी पढ़ाई हो रही है। अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाएं। समिति के लोगों ने बताया कि भाजपा कार्यालय के समीप रेलवे स्टेशन तिराहे का लोकनिर्माण विभाग सौंदर्यीकरण करा रहा है,वहीं पर वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इस दौरान ईश्वरी प्रसाद लोधी, जय लाल लोधी, राम मूर्ति लोधी, नेम चंद राणा समेत भारी संख्या में लोधी राजपूत समाज के लोग मौजूद रहे।

अन्जुमन की सदस्यता बढ़ाने की मांग

नवाबगंज , अमृत विचार : नवाबगंज की प्रमुख धार्मिक संस्था अन्जुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की सदस्यता बढ़ाने की मांग उठने लगी है। पूर्व सभासद अंसार अहमद पिंडारी के साथ ही अन्य ने अन्जुमन के पूर्व सदर को मांग पत्र देकर अन्जुमन की सदस्यता बढ़ाने की मांग की है। इन लोगों ने संस्थाहित में अपनी मांग पर बल देते हुए बताया कि कौम की आबादी बढ़ने के साथ ही कमेटी के सदस्यों की संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए, क्योंकि कई सदस्यों का निधन होने के कारण वर्तमान में अन्जुमन की सदस्य संख्या मात्र 50 -55 के बीच ही रह गई है। इन सभी ने पूर्व सदर हाजी परवेज गुडडू से अन्जुमन के जुलाई में होने से पूर्व ही सदस्यता बढ़ाने की मांग की है।

टी20 विश्वकप जीतने पर मनाया जश्न, दी बधाई

नवाबगंज, अमृत विचार : भारतीय क्रिकेट टीम के टी20 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका को शिकस्त देकर विश्व विजेता बनने के साथ ही क्रिकेट के दीवानों ने जमकर जश्न मनाने के साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भारतीय टीम को जीत की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक डॉ. एमपी आर्य, पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर, आनन्द सैम्सन, रियाज अंसारी, राजीव शुक्ला, मनोज शर्मा, रामप्रकाश गुप्ता, कपिल गुप्ता, आशीष गुप्ता, संजीव गुप्ता आदि ने टीम इंडिया को बधाई दी है।

हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दो लोग गम्भीर घायल हो गए, इलाज के दौरान एक युवक की मौत। महीपाल निवासी भिटौरा स्टेशन घुंघरू बाबा मंदिर के पास रिश्तेदार राहुल निवासी सकाबसन्तपुर थाना सिरोली के साथ बाइक से बरेली गए थे। शनिवार देर रात वापस फतेहगंज आ रहे थे।

जैसे ही माधोपुर शंखापुल के पास पहुंचे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एम्बुलेंस से दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार को इलाज के दौरान महीपाल की मौत हो गई।

मां जसोदा का रो रो कर बुरा है। महीपाल परसाखेड़ा में मजदूरी करता था। उसके एक भाई की गत वर्ष परसाखेड़ा फैक्ट्री में काम करते समय मौत हो गई थी।

सार-संक्षेप

स्मार्ट फोन पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

रिठौरा, अमृत विचार : राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेनंट एण्ड टेक्नोलॉजी में परास्नातक के छात्र- छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार और विधायक एमपी आर्य के साथ संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं सचिव राकेश कुमार अग्रवाल ने मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के स्वप्न को साकार करने में समाज की युवाशक्ति को तकनीकि रूप से सशक्त करने एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को समय के साथ कदम मिलाकर चलने में सहायक सरकार की यह योजना बेहद कारगर है। संस्थान के 937 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन एवं टैबलेट मिलते ही खुशी की लहर दौड़ गयी।

मोहर्रम पर तय मार्गों से ही निकालें ताजिए :सीओ

नवाबगंज, अमृत विचार : सीओ ने रविवार को ताजिएदारों को तयशुदा मार्गों से ही ताजिए निकालने के साथ ही कोई नई प्रथा न डालने के निर्देश दिए। मोहर्रम से पूर्व कोतवाली में हुई ताजिएदारों और प्रधानों की बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्ष मोदी और कोतवाल राजकुमार शर्मा ने ताजिएदारों और प्रधानों को मोहर्रम पर कानून व्यवस्था बनाए रखने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि ताजिए निर्धारित रास्तों से ही निकाले जाएंगे। इनकी ऊंचाई होने पर कही भी पेड़ अथवा तार काटने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अधकटा रब्बानी बेगम, अधकटा नजराना, मोहम्मदपुर, पंडरी समीप बरौर, पिपरा निगाही, सिजौलिया, रिछोला किफायतुल्ला, दलेलनगर, मिलक पिछौड़ा, चेना, फाजिलपुर, सतुइया खुर्द, लाईखेड़ा, हरदुआ, पनुआ व वलीनगर ग्रामों के साथ ही नगर के यासीन नगर, हरिजन बस्ती, सराय व बिजौरिया रोड के ताजिएदारों व कुछ ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।

शिवकुमार बने राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज के प्राचार्य

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज के राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सुमन कुमार शर्मा 37 साल तक महाविद्यालय में सेवा देने के बाद रविवार को सेवानिवृत हो गए। उन्होंने वरिष्ठतम शिक्षक प्रो. शिव कुमार सिंह को प्राचार्य पद का दायित्व सौंपा। इस अवसर पर प्रो. सुमन कुमार शर्मा ने महाविद्यालय प्रबंधन, स्टाफ और छात्रों का सहयोग के लिए आभार जताया। इसके साथ ही प्रो. शिव कुमार सिंह को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने प्रो. सुमन कुमार शर्मा को विदाई दी। प्रो. शिव कुमार सिंह ने प्राचार्य पद का दायित्व ग्रहण करने के बाद पूर्ण निष्ठा से महाविद्यालय के उन्नयन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

छात्र-छात्राओं को वितरित किए स्मार्टफोन

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज के अनुबिस पीजी कॉलेज में रविवार को स्मार्टफोन वितरित किए गए। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंधन के सचिव सत्येंद्र सिंह यादव ने की। उन्होंने नमो ऐप की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और लाभार्थियों के स्मार्टफोन पर नमो ऐप का इंस्टालेशन भी कराया। इसके साथ ही छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और स्मार्टफोन के वितरण को डिजिटल इंडिया की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। प्राचार्य डॉ. नागेश्वर प्रसाद शुक्ल ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन के सदुपयोग से कैसे अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। इस विषय में विस्तार से प्रकाश डाला ।इस मौके पर गया राम,अभिषेक सक्सेना, प्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

खेत में दवा डाल रहे किसान की सर्पदंश से मौत

नवाबगंज, अमृत विचार : गन्ने की फसल में स्प्रे कर रहे किसान की सर्पदंश से मौत हो गई। ग्राम अख्तयारपुर नवदिया निवासी सुरेन्द्र पाल (33) रविवार को सुबह साढ़े नौ के करीब गन्ने की फसल में दवा का स्प्रे कर रहा था। अचानक उसके पैर में जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजन उसे नगर की सीएचसी पर लाए जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बरेली रेफर कर दिया। परिजन उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में ले गए और कोई लाभ न मिलने पर सर्पदंश का इलाज करने वाले एक हकीम के पास रुद्रपुर भी ले गए, पर सुरेन्द्र की जान नहीं बच सकी। मृतक के भाई हरप्रसाद की सूचना पर पुलिस उसका पंचनामा कर पीएम को भेजने की तैयारी कर रही है। सुरेन्द्र की मृत्यु से उसका परिवार खासा आहत है और उसकी गर्भवती पत्नी अपनी सुधबुध खो बैठी है। उसके बच्चों का बुरा हाल है।

शिक्षिका के घर चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज

आंवला, अमृत विचार : कस्बे के मोहल्ला मोहब्बतगंज गौंटिया पवन धाम कॉलोनी में एक सहायक अध्यापक के घर में दिनदहाड़े चोरी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। सहायक अध्यापिका के पति मोरसिंह ने बताया गया कि वह पत्नी को शनिवार सुबह स्कूल छोड़ने गया था। इसी बीच मकान में चोर घुस गए और कमरों के ताले तोड़कर दस हजार की नकदी और जेवर चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

मंदिर परिसर में सांसद -विधायक ने किया पौधरोपण

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के शाही रोड पर भट्टा वाले महाराज मढ़ी मंदिर पर सांसद छत्रपाल गंगवार और विधायक डॉ. डीसी वर्मा के साथ भाजपाइयों ने पौधरोपण किया। सांसद ने कहा कि प्रकृति के संतुलन के लिए वृक्ष लगाना जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन के लिए अत्यंत जरूरी है। हमें प्रकृति के संरक्षण के लिए जागरूक होना होगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए कदम उठाएं। इस मौके पर सतेंद्र यादव,अजय सक्सेना,कुलवीर सिंह, मिथलेश कश्यप, संजीव शर्मा, सौरभ पाठक, बंटी मौर्या, ठाकुर संजीव सिंह,हरीश कातिब समेत अन्य मौजूद रहे।

स्कूटी सवार दोस्तों को टक्कर मारने वाले पर रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के विजय द्वार जंक्शन रोड पर 15 जून को निजी बस ने स्कूटी सवारों को रौंद दिया था। हादसे में दोनों युवक की मौत हो गई थी। शनिवार को कैंट पुलिस ने तहरीर के आधार पर वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। थाना किला के मोहल्ला कुंवरपुर निवासी कांता प्रसाद चंद्रा ने बताया कि 15 जून को उनका बेटा अमन चंद्रा अपने दोस्त सचिन रावत के साथ स्कूटी से मनौना धाम से लौट रहा था। कैंट स्थित विजय द्वार के पास जंक्शन रोड पर सामने से निजी बस में टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया था। मौके पर ही अमन चंद्रा की मौत हो गई थी। सचिन रावत ने तीन दिन बाद दम तोड़ दिया था।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 07 जुलाई 2024, रविवार
21 जुलाई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
7837069463
7599211076

संसद 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक आरक्षण के लिए कानून बनाए: कांग्रेस

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संविधान संशोधन कानून की वकालत की

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि संसद को एक कानून पारित करना चाहिए, ताकि 50 फीसदी की सीमा से अधिक आरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। कांग्रेस के इस बयान के एक दिन पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल जदयू ने मांग की थी कि बिहार में आरक्षण में बढ़ोतरी को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए।

जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शनिवार को यहां बैठक में पार्टी ने हाल ही में पटना हाईकोर्ट के फैसले पर चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के बिहार सरकार के फैसले को खारिज कर दिया था। बैठक में पारित एक राजनीतिक प्रस्ताव में जदयू ने भाजपा नीत केंद्र सरकार से राज्य के कानून को संविधान की 9वीं अनुसूची

के तहत डालने का आग्रह किया, ताकि इसकी न्यायिक समीक्षा को खारिज किया जा सके।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पूरे लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान विपक्षी दल कहता रहा कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण से संबंधित सभी राज्य कानूनों को 9वीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए। रमेश ने कहा, 'यह अच्छी बात है कि जदयू ने कल पटना में यही मांग की है, लेकिन राज्य और केंद्र, दोनों में उसकी सहयोगी भाजपा इस मामले में पूरी तरह से चुप है।' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'हालांकि, आरक्षण कानून को 50 प्रतिशत की सीमा से परे नौवीं अनुसूची में लाना भी कोई समाधान नहीं है, क्योंकि 2007 के उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुसार, ऐसे कानून भी न्यायिक समीक्षा के अधीन हैं।' उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए संविधान संशोधन कानून की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में संसद के पास एक संविधान संशोधन विधेयक पारित करने का एकमात्र रास्ता है, जो एससी-एसटी और सभी पिछड़े वर्गों के लिए कुल आरक्षण को 50 प्रतिशत से अधिक करने में सक्षम बनाएगा। रमेश ने कहा कि आरक्षण की मौजूदा 50 प्रतिशत सीमा स्पष्ट रूप से संवैधानिक अनिवार्यता नहीं है, बल्कि इसका निर्णय उच्चतम न्यायालय के विभिन्न फैसलों के आधार पर लिया गया। रमेश ने कहा, 'क्या 'नॉन बायोलॉजिकल' प्रधानमंत्री अपना रुख स्पष्ट करेंगे। हमारी मांग है कि इस तरह का एक विधेयक संसद के अगले सत्र में पेश किया जाना चाहिए।'

मोदी-योगी सरकार आरक्षण विरोधी : अखिलेश यादव

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि भाजपा जब से केंद्र की सत्ता में काबिज हुई है, तब से आरक्षण के साथ में लगातार खिलवाड़ करने में जुटी हुई है। भाजपा का एक-एक फैसला आरक्षण के खिलाफ है, आरक्षण की मूल भावना को भारतीय जनता पार्टी खत्म करने में जुटी हुई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सपा विधायक प्रदीप यादव के नाती के विवाह समारोह में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। अखिलेश ने कहा कि वह जनता जिसने संविधान बचाने के लिए मतदान किया, उन्हें भरोसा दिलाते हैं कि संविधान पर कभी भी आंच आएगी तो समाजवादी लोग जनता के साथ खड़े दिखाई देंगे।

नए आपराधिक कानूनों का स्वागत किया जाना चाहिए

मुंबई, एजेंसी

- बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने इसे वक्त की जरूरत बताया

बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने रविवार को परिवर्तन का विरोध करने की स्वाभाविक मानवीय प्रवृत्ति को रेखांकित किया, साथ ही जोर भी दिया कि नए आपराधिक कानूनों का स्वागत किया जाना चाहिए और उन्हें बदली हुई मानसिकता के साथ लागू किया जाना चाहिए।

विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा आयोजित 'आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ' शीर्षक वाले एक कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने प्रभावी क्रियान्वयन की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने एक जुलाई से लागू होने वाले नए कानूनी ढांचे के तहत न्याय प्रदान करने के लिए जिम्मेदार लोगों से अपनी जिम्मेदारियों को निर्वहन करने का आग्रह किया। न्यायमूर्ति उपाध्याय ने कहा, "परिवर्तन का विरोध करना या अपनी आराम तलबी से बाहर आने को नापसंद करना हमारी स्वाभाविक प्रवृत्ति है। यह अज्ञात का भय है जो इस प्रतिरोध का कारण बनता है।"

सोमवार से देश भर में तीन नए आपराधिक कानून लागू होंगे, जो भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाएंगे और औपनिवेशिक युग के कानूनों को समाप्त करेंगे। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम क्रमशः ब्रिटिश युग के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

न्यायमूर्ति उपाध्याय ने कहा, "हम एक सदी से भी अधिक समय से पुराने कानूनों के साथ आपराधिक न्याय प्रणाली से निपट रहे हैं। नए अधिनियम/कानून अपने साथ कुछ चुनौतियां लेकर आएंगे, लेकिन हमें बदली हुई मानसिकता के साथ उनका स्वागत करना होगा और अपनी आराम तलबी से बाहर आना होगा, ताकि इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।"

नीट मामला: गोधरा से निजी स्कूल का मालिक गिरफ्तार

गोधरा, एजेंसी

- अभ्यर्थियों से दस-दस लाख रुपये मांगने का आरोप

गुजरात के गोधरा में मई में एक निजी स्कूल में नीट-यूजी परीक्षा आयोजित करने में हुई कथित अनियमितताओं की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को स्कूल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया। पंचमहल जिले में गोधरा के निकट स्थित जय जलाराम स्कूल के मालिक दीक्षित पटेल की गिरफ्तारी के साथ ही अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या छह हो गई है। इनमें से पांच को गुजरात पुलिस ने हिरासत में लिया है।

जय जलाराम स्कूल उन निर्धारित केंद्रों में से एक था, जहां 5 मई को नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की गई थी। लोक अभियोजक राकेश ठाकोर ने बताया कि पंचमहल जिले में गोधरा के निकट स्थित जय जलाराम स्कूल के मालिक दीक्षित पटेल को तड़के उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। ठाकोर ने कहा, 'क्योंकि मामला गुजरात सरकार द्वारा सीबीआई को सौंप दिया गया है, इसलिए सीबीआई की एक टीम उन्हें (दीक्षित पटेल) अहमदाबाद में एक अदालत के समक्ष पेश करेगी ताकि उनकी रिमांड हासिल की जा सके।'

इस मामले में गिरफ्तार किए गए पटेल छठे व्यक्ति हैं, जिसमें आरोपियों ने कम से कम 27 अभ्यर्थियों से परीक्षा उत्तीर्ण करने में मदद करने के लिए 10-10 लाख रुपये की कथित तौर पर मांग की थी। पंचमहल पुलिस द्वारा पहले गिरफ्तार किए गए अन्य पांच लोगों में वडोदरा के शिक्षा सलाहकार परशुराम रॉय, जय जलाराम स्कूल के प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम शर्मा, स्कूल शिक्षक तुषार भट्ट और कथित बिचौलिए विभोर आनंद और आरिफ वोहरा शामिल हैं।

युवाओं को आतंकी बनाने के आरोप में दो शख्स गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने रविवार को तमिलनाडु में युवाओं को आतंकवादी बनाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी अंतर्राष्ट्रीय इस्लामिक संगठन हिज्ब-उत-तहरीर से जुड़े हैं।

एनआईए द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान तंजावुर जिले के अब्दुल रहमान और मुजीबुर रहमान उर्फ मुजीबुर रहमान अल्थम साहिब के रूप में की गई है। इसमें कहा गया कि दक्षिणी राज्य के पांच जिलों में 10 स्थानों पर व्यापक तलाशी के बाद गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी हिज्ब-उत-तहरीर के सदस्य हैं, जो एक अंतर्राष्ट्रीय इस्लामिक और कट्टरपंथी संगठन है। एनआईए ने कहा कि यह संगठन इस्लामी खिलाफत की पुनर्स्थापना और अपने संस्थापक तकी अल-दीन अल-नभानी द्वारा लिखे गए संविधान को लागू करने के लिए काम कर रहा था।

अमरनाथ यात्रा : पहले दो दिनों में 28 हजार तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन

श्रीनगर, एजेंसी

वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा के दूसरे दिन रविवार को लगभग 15,000 श्रद्धालुओं ने दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन किए। पहले दो दिनों में अमरनाथ गुफा में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की कुल संख्या अब 28,000 को पार कर गई है।

अधिकारियों ने यहां बताया, 'रविवार को 14,717 तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए।' उन्होंने बताया कि गुफा मंदिर में दर्शन करने वालों में 9,979 पुरुष तीर्थयात्री और 3,439 महिला तीर्थयात्री शामिल थे। एक हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों, 83 बच्चों और दो ट्रांसजेंडर ने भी तीर्थयात्रा की। यात्रा शनिवार को दो मार्गों से शुरू हुई- अनंतनाग में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक नूनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर छोटे, लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई



वाले बालटाल मार्ग से। बावन दिनों तक चलने वाली यह तीर्थयात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी। पिछले वर्ष 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किए थे।

मुख्य सचिव ने सुविधाओं का लिया जायजा: श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने रविवार को अमरनाथ गुफा का दौरा किया और यात्रियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। डुल्लू ने गुफा और पहलगाम कन्वेंशन सेंटर और नुनवान आधार शिविर में पंजीकरण काउंटरों की सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने नुनवान आधार शिविर का दौरा किया और उपायुक्त और शिविर निदेशक के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डुल्लू ने यात्रियों को दी जा रही सभी सुविधाओं चिकित्सा, सफाई, पेयजल, लंगर सुविधाओं, आवास और परिवहन का आकलन किया।

6,600 से अधिक यात्रियों का तीसरा जत्था रवाना

जम्मू। दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित गुफा मंदिर के लिए भगवती नगर आधार शिविर से 6,619 श्रद्धालुओं का तीसरा जत्था रवाना हुआ। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 52 दिन की वार्षिक अमरनाथ यात्रा के पहले दिन, 14,000 श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। रविवार तड़के 3 .50 और 4 .45 बजे के बीच दो समूहों में तीसरा जत्था 319 वाहनों से रवाना हुआ। तीसरे जत्थे में 1,141 महिलाएं हैं।

दिल्ली में भारी बारिश की आशंका निकाय एजेंसियां हुईं सतर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो दिन पूर्व हुई बारिश में ठहर-सी गई थी राजधानी

दिल्ली की नगर निकाय एजेंसियां अगले कुछ दिनों में भारी बारिश के पूर्वानुमान के चलते सतर्क हैं और किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों में लगी हैं। इससे पहले दो दिन हुई बारिश से दिल्ली ठहर-सी गई थी। इस बीच, आम आदमी पार्टी सरकार ने शुक्रवार की रिकॉर्ड बारिश के बाद डूबने की घटनाओं में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए दस-दस लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की।

मौसम विभाग ने मंगलवार तक भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। निकाय एजेंसियों का कहना है कि अत्यधिक जलभराव से निपटने के लिए उनके पास योजनाएं हैं। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के एक अधिकारी ने कहा कि नगर निकाय ने जलभराव की शिकायतों से निपटने के लिए श्रमशक्ति की तैनाती बढ़ा दी है और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लुटियंस दिल्ली के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है।

शुक्रवार को लुटियंस दिल्ली के पॉश इलाके में बाढ़ जैसी स्थिति देखी गई, क्योंकि कई सांसदों के बंगलों में पानी घुस गया। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि उन्होंने गोल्फ लिंक और भारती नगर में चार अतिरिक्त पंप रखे हैं, जहां शुक्रवार को अत्यधिक जलभराव हुआ था। राजस्व विभाग के साथ आधिकारिक संचार में मंत्री आतिशी ने कहा कि 28 जून को अत्यधिक बारिश के बाद डूबने से 'कई लोगों की मौत' होने की जानकारी मिली है। आतिशी ने आदेश में कहा, 'यह निर्देशित किया जाता है कि जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिवारों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।'

गुजरात-राजस्थान के कई हिस्सों में पहुंचा मानसून

नई दिल्ली। गुजरात और राजस्थान सहित देश के कई हिस्सों में रविवार को भारी बारिश हुई, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के उत्तरी राज्यों की ओर आगे बढ़ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश उन राज्यों में शामिल हैं, जहां रविवार को भारी बारिश हुई।

किसानों ने पंजाब में टोल प्लाजा पर सभी केबिन बंद किए

लुधियाना। पंजाब में टोल-टैक्स शुल्क में कमी की मांग को लेकर लगभग दो सप्ताह से चल रहे विरोध प्रदर्शन के बाद रविवार को एक किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने लाडोवाल टोल प्लाजा के सभी केबिन के दरवाजे बंद कर दिए। लाडोवाल टोल प्लाजा पर 16 जून को भारतीय किसान मजदूर यूनियन के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन शुरू हुआ था। साथ ही अन्य किसान संगठनों और कुछ टैक्सी यूनियन भी इस प्रदर्शन में शामिल हुईं।

किसान राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लाडोवाल टोल प्लाजा पर धरना दे रहे हैं। भारतीय किसान मजदूर यूनियन के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने रविवार को एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि चार पहिया वाहनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को एक सफर करने के लिए 220 रुपये और एक से अधिक यात्राओं के लिए 330 रुपये का भुगतान करना पड़ता है, जिससे उन पर वित्तीय बोझ पड़ता है।

पश्चिम बंगाल में महिला को सड़क पर पीटा, लात मारी

कोलकाता, एजेंसी

- चार दिन में दूसरी बार महिला से मारपीट-बदसलूकी की घटना

पश्चिम बंगाल में चार दिन में दूसरी बार महिला से मारपीट और बदसलूकी की घटना सामने आई है। रविवार को उत्तरी दिनाजपुर जिले के चोपड़ा इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें एक व्यक्ति दो लोगों- एक महिला और एक पुरुष को सड़क पर छड़ी से पीटते हुए नजर आ रहा है।

व्यक्ति महिला को कई बार मारता है। वह दर्द से चिल्लाती है, लेकिन व्यक्ति मारना नहीं छोड़ता। इसके बाद वह व्यक्ति महिला के पास बैठे पुरुष की ओर मुड़ता है और उसे मारना शुरू कर देता है। इस दौरान भीड़ तमाशा देखती रहती है। कोई भी महिला और पुरुष को बचाने आगे नहीं आता। वीडियो में एक जगह वह व्यक्ति महिला के बाल पकड़कर उसे लात मारता है।

इस वीडियो को लेकर विपक्ष राज्य की ममता सरकार पर हमलावर है। भाजपा और सीपीआई (एम) के नेताओं ने इस वीडियो को लेकर दावा किया है कि पिटाई करने वाला शख्स तृणमूल कांग्रेस का नेता ताजेमुल है, जो स्थानीय विवादों पर 'तुरंत न्याय' देने के लिए जाना जाता है।

इसके पहले 27 जून को भाजपा ने टीएमसी पर आरोप लगाया था कि कूच बिहार जिले में पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की महिला पदाधिकारी रोशोनारा खातून को घर से खींचकर सड़क पर घसीटा गया और निर्वस्त्र कर पीटा गया। तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने गोखसदांगा में उनकी पिटाई की और सार्वजनिक रूप से उनके कपड़े फाड़ दिए।

श्री जगन्नाथ मंदिर के खजाने में सेंधमारी!

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के निर्देश पर जल्द खोला जाएगा खजाना

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को कहा कि श्री जगन्नाथ मंदिर, पुरी का रत्न भंडार (खजाना) जल्द ही खोला जाएगा और जवाबदेही तथा चोरी की जांच के लिए आभूषणों की सूची बनाई जाएगी। माझी ने नवनिर्वाचित विधायकों, सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को सम्मानित करने के लिए यहां आयोजित एक समारोह में बोलते हुए कहा कि सूची तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान अगर कोई चूक पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम में 78 नवनिर्वाचित

विधायक, 20 लोकसभा सांसद, जिनमें केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जुएल ओराम, अश्विनी वैष्णव, ओडिशा के सभी मंत्री, उपमुख्यमंत्री केवी सिंह देव और प्रवती परिदा शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपने घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का एक प्रमुख वादा सुभद्रा योजना 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उस दिन योजना का शुभारंभ करने के लिए ओडिशा में होंगे। इस योजना के तहत प्रत्येक महिला को 50,000 रुपये का नकद वाउचर दिया जाएगा, जिसे दो साल में भुनाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में इस योजना को मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही 3100 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की दर से धान खरीदने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों पर सुनवाई करने की प्रथा को फिर से शुरू करेगी। ऐसा सत्र एक जुलाई से प्रत्येक सोमवार को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए रेल मंत्री अश्विन वैष्णव ने अगले पांच वर्षों में ओडिशा को एक लाख करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं प्रदान करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले राज्य को रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रति वर्ष केवल 800 करोड़ रुपये मिल रहे थे। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इस राशि को कई गुना बढ़ा दिया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत विक्रमपुर विकास खण्ड निगोही शाहजहाँपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विक्रमपुर चकौरा की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवाँ वित्त आयोग/पंचम वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से इण्टरलॉकिंग नव निर्माण व नाली निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है, उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री कार्य हेतु ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मौरंग, देशी रेत, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप व मिट्टी पटान आदि एवं अन्य सामग्री व वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत में कार्यालय पर 11:00 बजे दिनांक 01.7.2024 को दोपहर 2:00 बजे तक आमंत्रित की जायेगी व उसी दिनांक 01.07.2024 को 4:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	लम्बाई	अनुमानित लागत
1.	ग्राम विक्रमपुर में मेन तिराहे से चन्द्रपाल के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य	45 मी.	2.00 लाख
2.	ग्राम विक्रमपुर में सिपट्टर के घर से मुरारी के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य	20 मी.	1.00 लाख
2.	ग्राम विक्रमपुर में शंकर के घर से लाखन के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य	20 मी.	0.60 लाख

सचिव
श्री राजीव श्रीवास्तव

ग्राम प्रधान
बबिता यादव

युवक की हत्या मामले में थानाध्यक्ष सहित तीन सिपाही हुए निलंबित

हरदोई में शनिवार रात की घटना, गांव पहुंचे पुलिस अधीक्षक आदि

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार : शनिवार रात एक बजे पाली के खेमपुर गांव में रंजिश के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई है। क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

रिजवान नाम के युवक ने अमन नाम के युवक को गोली मार दी। स्थानीय पुलिस के लचर प्रणाली रवैया के चलते पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने थाना अध्यक्ष पाली अरविंद गिरी व तीन सिपाहियों को मामले में निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 15 जून को भी दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस की लापरवाही के चलते आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। इस प्रकरण में थाना अध्यक्ष व तीन सिपाहियों को दोषी मानते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया। बता दें कि शनिवार रात एक बजे पाली थाने के खेमपुर निवासी देवकुमार अपनी पत्नी दयावती, पुत्र अमन, पुत्री पूजा पत्नी राजवीर और दामाद राजवीर पुत्र विश्राम निवासी अल्लागंज शाहजहांपुर के साथ मकान की छत पर सोया हुआ था। उसी बीच हाथों में असलहे व लाठियां लिए रिजवान, इश्तियाक, रहमान, तौफीक व जावेद, और रिज़वान आदि ने धावा बोल दिया। झगड़े में रविवार सुबह अमन की मौत हो गई। एसपी केशव चंद्र गोस्वामी, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार व सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा खेमपुर मौके पहुंचे। उसके बाद खेमपुर पहुंचे आईजी लखनऊ ने मातहतों को कड़ी फटकार लगाते हुए आरोपियो की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

पुलिस हिरासत से लुटेरा फरार, दो सिपाही निलंबित

लखनऊ। दुबग्गा पुलिस की हिरासत से लुटेरा रविवार देर शाम को सिपाहियों को चकमा देकर फरार हो गया। दोनों सिपाही उसे चिकित्सकीय परीक्षण के बाद कोर्ट में पेश करने के लिए लेकर जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने तलाश शुरू की। देर रात को डीसीपी पश्चिमी डॉ. दुर्गेश कुमार ने दोनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया।

फिलहाल आयुष विभाग में नहीं होंगे तबादले

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य सरकार ने आयुष विभाग के तबादले पर रोक लगा दी है। स्थनांतरण नीति के तहत तबादला प्रस्ताव देर से मिलने व इसमें खामियां दिखने पर स्थानांतरण सत्र शून्य घोषित कर दिया गया है। इस इस सिलसिले में रविवार को आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने आदेश जारी किया। स्थानांतरण नीति के तहत आयुष के अन्तर्गत आने वाले होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक व यूनानी विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले होने थे। विभागों के निदेशकों की ओर से तबादले के प्रस्ताव शासन को भेजे गये थे, पर तबादले नहीं किये गये। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि निदेशकों के प्रस्ताव में प्रथम दृष्टया नई विसंगतियां परिलक्षित हो रही हैं, जिनका निराकरण किया जाना वर्तमान में संभव प्रतीत नहीं हो रहा है।

चन्दौसी में सड़क पर मिला बैंक प्रबंधक का शव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- कनपटी पर लगी थी गोली दाएं हाथ के पास पड़ा था तमंचा

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित गांव मौलागढ़ के निकट आंबेडकर छात्रावास से सटे मार्ग पर प्रथमा बैंक के सहायक प्रबंधक षडानन (38 वर्ष) का शव पड़ा मिला। दाएं हाथ के पास तमंचा पड़ा था और दाईं कनपटी पर गोली का निशान था। सूचना पर एसपी व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी की। षडानन कई दिनों से बैंक के कार्य के चलते परेशान थे। पुलिस ने प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला मानते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

षडानन पुत्र जय प्रकाश मूल रूप से बिहार के जनपद वैशाली के गांव हाजीपुर के निवासी थे। वह थाना बिलारी क्षेत्र के गांव बहोरनपुर नरौली में प्रथमा बैंक में सहायक प्रबंधक थे। शनिवार को वह बैंक गए थे। रात 12 बजे तक वापस नहीं आने पर पत्नी सरिता ने फोन किया तो उन्होंने कुछ देर में घर पहुंचने की बात कही। देर रात 12.45 बजे गश्ती पुलिस को वे खून से लथपथ सड़क पर पड़े मिले, सिर में गोली लगने से मौत हो चुकी थी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह, सीओ डॉ. प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। रविवार सुबह षडानन के मोबाइल पर उनके किरायेदार की कॉल आई। तब पुलिस ने मामले की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उनके दाएं हाथ के पास 312 बोर का तमंचा पड़ा था। पास पड़े बैग में दूसरा तमंचा, छह जिंदा कारतूस, हथौड़ी और टैबलेट था।

सार-संक्षेप

रंजिश के चलते वेल्डिंग मिस्त्री की पीट-पीटकर हत्या

स्वार, अमृत विचार : रंजिश के चलते दबंगों ने वेल्डिंग मिस्त्री की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घायलावस्था में वेल्डिंग मिस्त्री को सीएचसी में भर्ती कराया गया लेकिन, चिकित्सक ने मिस्त्री की हालत नाजुक देख बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे उत्तराखंड के काशीपुर ले जा रहे थे लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना नगर के मोहल्ला रसूलपुर सरकारी बाग नई बस्ती की है। कोतवाली के गांव पठानों वाला मझरा निवासी 17 वर्षीय समद पुत्र जफर खां दो वर्ष पूर्व नगर के मोहल्ला रसूलपुर में किराए पर रहकर वेल्डिंग की दुकान पर काम करता था। समद और मोहल्ले का ही छोटे दोस्त है। तीन दिन पूर्व मोबाइल फोन पर वीडियो देखते समय उनमें कहासुनी हो गई थी। इस पर छोटे उससे रंजिश रखने लगा था।

रामगंगा का जलस्तर बढ़ा, बह गया लकड़ी का पुल

मुरादाबाद, अमृत विचार : पहाड़ों पर हो रही बारिश के कारण रामगंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। रविवार सुबह कटघर रामगंगा नदी का जलस्तर 187 .73 मीटर पहुंच गया। हालांकि नदी का जलस्तर खतरे के निशान से लगभग 3 मीटर नीचे है। जबकि खतरे का निशान 190 .60 मीटर पर है। रामगंगा के तेज बहाव से जिगर कालोनी स्थित रामगंगा पर बना लकड़ी का अवैध पुल बह गया। शहर से पीपलसाना, भोजपुर समेत एक दर्जन गांवों के ग्रामीण इस अवैध पुल के बह जाने से प्रभावित हुए हैं। रविवार को रामगंगा नदी के लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण जिगर कॉलोनी स्थित रामगंगा नदी पर बना अस्थायी लकड़ी का पुल नदी के तेज बहाव में बह गया।

पूर्व विधायक सोनू पर हत्या का मुकदमा

सुलतानपुर, अमृत विचार : अभी हाल ही में हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से छूटकर आए पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को गोसाईगंज पुलिस ने पूर्व विधायक चन्द्रभद्र सिंह सोनू, उनके भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू सहित छह लोगों के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला व साजिश रचने जैसे गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा पुलिस ने निवर्तमान प्रधान के भाई की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद मिली तहरीर के आधार पर लिखा है। धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग गांव निवासी निवर्तमान प्रधान रामदेव निषाद ने गोसाईगंज पुलिस को तहरीर दी है। बताया है कि जब वह ग्राम पंचायत का प्रधान था। पूर्व विधायक उससे कुछ फर्जी कार्य कराना चाह रहे थे। जिसका उसने विरोध करते हुए मुकदमा भी दर्ज कराया था। जिससे उनकी पूर्व विधायक सोनू सिंह से रंजिश चली आ रही है।

कंछल की टीम तय, 102 पदों पर निर्वाचित हुए व्यापारी नेता

लखनऊ, अमृत विचार : रविवार को रविंद्रालय में आयोजित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महासम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने मंच से अपनी नई टीम का एलान किया। मुख्य अतिथि उपमुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक को व्यापारियों की आगामी तीन साल की जरूरतों का 20 सूत्रीय मांगपत्र उन्हें सौंपा। डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार हमेशा व्यापारियों के साथ है। व्यापारियों की समस्याओं पर सरकार बडे.दिल के साथ काम करती आ रही है। इससे पूर्व मोतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में 102 पदों के लिए 124 प्रतिनिधियों ने नामांकन किया। प्रांतीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ महामंत्री के चुनाव में जिन सदस्यों ने नामांकन किया था। उन्होंने अपने नामांकन वापस ले लिए। नाम वापसी के बाद प्रांतीय अध्यक्ष और वरिष्ठ महामंत्री चुनाव अधिकारी द्वारा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। निर्वाचन में प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कछल, वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि की घोषणा के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। व्यापारियों को वरिष्ठ महामंत्री अग्रहरि के अलावा अमरनाथ मिश्र लखनऊ, वेद प्रकाश गुप्ता शाहजहांपुर, रामकिशोर अग्रवाल गाजियाबाद, शत्रुघ्न केसरी मिर्जापुर, बसंत सिंह बग्गा रायबरेली, नरेश कुच्छल नोएडा, नवीन मक्कड़ सहारनपुर, सचिन कंछल और प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित किया।

वन महोत्सव आज से, पौधरोपण के प्रति करेंगे जागरूक

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य सरकार पहली जुलाई से वन महोत्सव का आयोजन कराएगी। यह महोत्सव सात जुलाई तक चलेगा। इस दौरान एक तरफ विरासत वृक्षों के संरक्षण पर सरकार का जोर रहेगा तो वहीं दूसरी तरफ पौधरोपण से संबंधित जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक समेत अनेक प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्कूली बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। वन महोत्सव के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की है कि इस वर्षाकाल में अपने घर-आंगन में कम से कम एक या दो फलदार पौधों का रोपण अवश्य करें। साथ ही प्रदेश में अधिक से अधिक पौध रोपित कर इनका सिंचन व सतत देखभाल भी करें।

कांवड़ यात्रा हो या मोहर्रम जुलूस सुरक्षा में न लगे सेंध: मुख्यमंत्री

संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि, कांवड़ यात्रा हो या मोहर्रम का जुलूस, शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं। ऐसे लोगों पर नजर रखें ताकि सुरक्षा में कोई सेंध न लगा पाए। कांवड़ शिविर लगाने वालों का सत्यापन करें। ताजिया वहीं रखे जाएं जहां विवाद न हो। धार्मिक यात्राओं, जुलूसों में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हों।

मुख्यमंत्री ने कहा, अराजकतत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटा जाए। ड्रोन से भी निगरानी करें। पर्व-त्योहार में प्रशासन द्वारा आम जन को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। धार्मिक परंपरा, आस्था को सम्मान दें, लेकिन परंपरा के विरुद्ध कोई कार्य न हो। मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर पर्व-त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीजे की आवाज तय सीमा में ही होनी चाहिए और ओवरसाइज ताजिए जुलूस में शामिल न होने पाएं।

24 घण्टे के अंदर तेज बारिश की आशंका

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में लखनऊ सहित कई अन्य स्थानों पर बारिश के साथ बादल छाए हुए हैं। कई जिलों में हवाओं के साथ तेज बारिश भी रिकार्ड की गई। प्रदेश में 24 घण्टे के दौरान कुल 63.3 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। मौसम अनुसंधान केंद्र के मुताबिक, आने वाले 24 घण्टों में कई स्थानों पर तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। तेज हवाओं की भी संभावनाएं बन रही हैं। मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, दक्षिण पश्चिम मानसून पूरे प्रदेश में पहुंच गया है। 24 घण्टे के भीतर पूर्वी उत्तर प्रदेश 55.1 मिमी वर्षा हुई। पश्चिम में इसकी मात्रा 75 मिमी रिकार्ड की गई।

बिजली गिरने से धरती फटी, निकल रहा पानी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

डोरई गांव में जमीन फटने के बाद गांव में भरा पानी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिले के गांव डोरई में रविवार को बारिश के दौरान बिजली गिरने से धरती फट गई और बड़ा गड्ढा बन गया जिससे पानी की धार फूट पड़ी। सुबह से पानी निकलना शुरू हुआ तो देर शाम तक जारी रहा लेकिन दोपहर बाद तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। झमाझम बारिश और जमीन से पानी निकलने की वजह से पूरा गांव जलमग्न हो गया है।

रविवार सुबह बारिश के दौरान लगभग 10:25 बजे सोरों ब्लॉक के गांव डोरई के पास रास्ते पर बिजली गिर गई, जिससे यहां गड्ढा हो गया। देखते ही देखते पीले रंग का पानी तेज धार के साथ निकलने लगा। कुछ ही देर में सड़क तालाब में तब्दील हो गई। भूगर्भ एवं लघु सिंचाई विभाग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना था कि यह धरती की परत कमजोर होने से हुआ है। जिले में सात विकासखंड हैं। इनमें चार डार्क जोन में थे, जो भूगर्भ जलस्तर बढ़ने पर डार्क जोन से बाहर आ गए। सोरों क्षेत्र बाढ़ का पानी आने के कारण डार्क जोन से बाहर आ गया। इस क्षेत्र के सभी गांवों का जलस्तर 6 से 7 फीट ऊपर पहुंच गया। सोरों ब्लॉक में ही डोरई गांव शामिल है, जहां पानी निकल रहा है।

- जिले के सोरों ब्लाक के डोरई गांव में बारिश के दौरान हुई घटना

भगवती सिंह बनाये गये माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भारी पैमाने पर हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग में तबादले

अमृत विचार : राज्य सरकार ने रविवार को भारी पैमाने पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के तबादले कर दिये। शिक्षा निदेशक माध्यमिक कार्यालय में तैनात संयुक्त शिक्षा निदेशक शिविर को भगवती सिंह को माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज का सचिव बनाया गया है। प्रभारी शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेंद्र देव को शिक्षा निदेशक माध्यमिक उत्तर प्रदेश बनाया गया है।

अपर सचिव शोध माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज दल सिंगार यादव को जिला विद्यालय निरीक्षक चंदौली,. जिला विद्यालय निरीक्षक-द्वितीय मेरठ सर्वेश कुमार को इसी पद पर मुरादाबाद, जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर देहात अचल कुमार मिश्र को इसी पद पर पीलीभीत, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बरेली राकेश कुमार को जिला विद्यालय निरीक्षक हापुड़ व जिला विद्यालय निरीक्षक अजय कुमार सिंह को सहायक शिक्षा निदेशक प्रयागराज बनाया गया है। इसी तरह अन्य तबादले भी हुए हैं। प्रभारी मंडलीय उप शिक्षा निदेशक कानपुर राजू राणा को मंडलीय उप शिक्षा निदेशक कानपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, औरैया व प्रतापगढ़ के जिला विद्यालय निरीक्षकों क्रमशः रामाज्ञा कुमार को उप शिक्षा निदेशक संस्कृत प्रयागराज, अरूण कुमार दुबे को मंडलीय उप शिक्षा निदेशक मुरादाबाद व अतिरिक्त प्रभार जिला विद्यालय निरीक्षक, श्याम प्रकाश यादव को उप शिक्षा निदेशक विज्ञान प्रयागराज और सरदार सिंह को अपर सचिव प्रशासन माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बनाया गया है।

कई और शिक्षा अधिकारी इधर से उधर

प्रभारी मंडलीय शिक्षा निदेशक लखनऊ डॉ प्रदीप कुमार को मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ, संयुक्त निदेशक समग्र शिक्षा लखनऊ विष्णु कांत पांडेय को प्रभारी अपर निदेशक समग्र शिक्षा लखनऊ, प्रभारी मंडलीय शिक्षा निदेशक सहारनपुर राणा सहस्त्रांसु 'सुमन' को मंडलीय शिक्षा निदेशक सहारनपुर और उप शिक्षा निदेशक विज्ञान प्रयागराज दिनेश सिंह को प्रभारी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ बनाया गया है।

तेजस राजधानी पर पथराव, टूटे शीशे, यात्रियों में अफरातफरी

कानपुर, अमृत विचार : नई दिल्ली से चलकर भुवनेश्वर जाने वाली सुपरफास्ट तेजस राजधानी पर गाजियाबाद के पास दुस्साहसी युवकों ने जमकर पथराव कर दिया। पथराव में कोच के कई शीशे टूट गए।

यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। पथराव की सूचना कंट्रोल से मिलने पर रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। खबर पाकर आरपीएफ ने गाजियाबाद से राजधानी को सुरक्षित निकाला और सेंट्रल स्टेशन के अधिकारियों को कंट्रोल पर सूचना दी। सेंट्रल स्टेशन पर डरे-घबराए यात्रियों से घटना की जानकारी लेने के बाद आरपीएफ और रेलवे ने जांच शुरू की। भुवनेश्वर तेजस राजधानी 20818 रविवार शाम पांच बजे नई दिल्ली स्टेशन से रवाना हुई। ट्रेन गाजियाबाद स्टेशन पार कर रही थी, तभी ट्रेन पर ताबड़तोड़ पथराव होने लगा। दर्जनों पत्थर कोच बी-5, बी-9 और बी-11 के शीशे पर लगे और टूट गए। कोच अटेंडेंट, सीआईटी और ट्रेन में चल रहा स्कॉट भागकर मौके पर पहुंचा और यात्रियों को किनारे किया।

उत्तराखंड

पुत्र और पोते ने घर में घुसकर किया हमला

रुद्रपुर, अमृत विचार : रम्पुरा निवासी एक महिला ने अपने पुत्र और पोते पर मारपीट का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रम्पुरा वार्ड नंबर 24 निवासी भामा देवी पत्नी राम चरन ने न्यायालय को सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि उसका पुत्र और पोता उसके साथ आये दिन मारपीट करते हैं। कई बार घर से बाहर भी निकाल चुके हैं। जिसकी रिपोर्ट उसने 21 मार्च 2021 को दर्ज कराई थी। जो न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता का आरोप है कि 14 अप्रैल 2024 की रात उसका पोता बाबू, किशन पुत्र हरद्वारी और बेटा हरद्वारी अपने साथी प्रीत विहार निवासी पिछत्तंरा सिंह के साथ लाठी डंडे लेकर उसके घर में घुस आए।

टैक्सी चालक ने मौत से पहले बनाया वीडियो, बताए हत्यारों के नाम

संवाददाता, बागेश्वर

वाहन से रस्सी से लटका चालक का शव।

- बागेश्वर में वाहन के सहारे रस्सी से लटका था चालक का शव

अमृत विचार : जनपद में टैक्सी चालक ने मरने से पहले वीडियो बनाकर हत्यारों के नाम बताए और इसे वायरल कर दिया। युवक का शव उसी के वाहन के सहारे रस्सी से लटका मिला। राजस्व पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और बाद में रेगुलर पुलिस को सौंप दिया।

मनोज कुमार (33) निवासी भैरूचौबट्टा टैक्सी चालक था। शनिवार देर रात मनोज का शव उसी के वाहन के सहारे रस्सी से लटका मिला। पिछले दरवाजे के पास ऊपर लगेज स्टैंड से रस्सी मृतक के गले में बंधी थी और पैर जमीन पर थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मनोज की हत्या कर शव लटकाया गया है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना राजस्व पुलिस को दी। राजस्व उपनिरीक्षक जगदीश परिहार ने शव पोस्टमार्टम को भिजवाया। मनोज के भाई प्रकाश राम ने पुलिस को बताया कि उसके भाई ने मरने से पहले वीडियो बनाकर व्हाटसएप स्टेटस लगाया है। इसमें मनोज कह रहा है कि नवीन व नीरज ने उसे मारा है। उसके सिर पर कांच की बोतल फोड़ी हैं। यदि मुझे कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार नवीन व नीरज होंगे। उसने 16 सेकंड का वीडियो परिचितों को भेजा है। प्रकाश राम ने आरोप लगाया कि मनोज से नवीन व नीरज रंजिश रखते थे इसलिए उन्होंने हत्या की। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला अस्पताल में हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। एसडीएम मोनिका ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसडीएम के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए और शव का अंतिम संस्कार किया।

6 जिलों में बारिश का ओरेंज तो 3 में येलो अलर्ट

हल्द्वानी। राज्य में बारिश शुरू होने के साथ ही सतर्क रहने की सलाह दी गई है। सोमवार को राज्य के 6 जिलों में भारी से बहुत भारी तो 3 जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले में भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका है। यहां ओरेंज अलर्ट जारी हुआ है। टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में येलो अलर्ट जारी हुआ है। हल्द्वानी के कुछ हिस्सों में मूसलधार बारिश हुई है। देहरादून में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री रहा और हल्द्वानी में 34.7 डिग्री दर्ज किया गया है।

हिमस्खलन, खाई में समाया बर्फ का गुबार

ब्यूरो, देहरादून

केदारनाथ में एवलॉन्च का दृश्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार: केदारनाथ मंदिर के पीछे की पहाड़ियों पर रविवार सुबह फिर हिमस्खलन हुआ। इस हिमस्खलन से किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। चोराबाड़ी क्षेत्र की इस बर्फीली पहाड़ी पर अक्सर हिमस्खलन होते रहते हैं।

केदारनाथ धाम के पीछे की पहाड़ी पर रविवार सुबह 5.46 बजे के आस-पास हिमस्खलन हुआ। पहाड़ी पर बर्फ का गुबार उड़ता दिखाई दिया। केदारनगरी की इस पहाड़ी पर अक्सर हिमस्खलन होते रहते हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार सुबह केदारनाश मंदिर के पीछे की पहाड़ी पर हिमस्खलन हुआ था। यहां बर्फ अधिक गिरने पर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। इनसे किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता है। 8 जून को भी यहां ग्लेशियर टूटकर गिरा था। बीते वर्ष मई व जून में भी चोराबाड़ी से लगे कंपेनियन ग्लेशियर क्षेत्र में 5 बार हिमस्खलन हुआ था। रविवार को ग्लेशियर टूटने से बर्फ का गुबार उठा और फिर खाई में समा गया। मंदिर क्षेत्र में मौजूद कई यात्रियों ने इस दृश्य को मोबाइल फोन में कैद किया। पर्यावरणविद् जगत सिंह जंगली ने इस घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि हिमालय क्षेत्र में लगातार हो रही ऐसी घटनाओं पर सोचने की जरूरत है। हिमालय क्षेत्र में हो रहे निर्माण और हेली कंपनियों की अनियमित उड़ानों से ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

कबूतरबाजों ने थमाया फर्जी स्टडी वीजा, लाखों रुपये ठगे

रुद्रपुर, अमृत विचार : मलसी किच्छा में कबूतरबाजों की ओर से विदेश भेजने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपये ठगी का मामला सामने आया है। युवक को इंग्लैंड में स्टडी के लिए भेजने के नाम पर फर्जी स्टडी वीजा थमा दिया गया। यह मामला दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट में पकड़ में आया।

पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम मलसी किच्छा निवासी अवतार सिंह ने कोर्ट को सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि उसकी गौरव कुमार व बलराज सिंह से अच्छी जान-पहचान है। दोनों गोल्ड ओवरसीज के नाम से गावा चौक रुद्रपुर में विदेश भेजने का काम करते हैं। जुलाई 2022 में गौरव कुमार व बलराज सिंह ने उसे विश्वास दिलाया कि वह स्टडी के लिए उसे इंग्लैंड भिजवा देंगे। उनकी बातों पर आकर उसने गावा चौक स्थित कार्यालय पहुंचकर 6.30 लाख रुपये नकद दे दिए। इसके अलावा 196200 रुपये 20 जुलाई 2022 को अपनी मां जसवीर कौर के खाते से उनके खाते में ट्रांसफर करवाए।

निजी स्कूल तीन साल तक नहीं बढ़ा सकेंगे फीस

संवाददाता, काशीपुर

- कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

अमृत विचार: कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत रविवार को काशीपुर के मंडी स्थित गेस्ट हाउस में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से विकास कार्यों को लेकर समीक्षा की। साथ ही उन्होंने बरसात को देखते हुए अस्पतालों व स्कूलों को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

रविवार को शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत काशीपुर पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया है, जिसके बाद उन्होंने मंडी स्थित गेस्ट हाउस में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री ने एक पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार प्रदेश के लिए बेहतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रदेश में पीपीपी मोड पर दिए गए अस्पतालों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में रामनगर के पीपीपी मोड़ पर संचालित अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शिक्षा को लेकर प्राइवेट स्कूलों पर नकेल कसने का तैयारी की जा रही है।

हर साल प्राइवेट स्कूलों में बढ़ने वाली फीस पर रोक लगाने की तैयारी के लिए भी सरकार प्रयास कर रही है। निजी स्कूलों में फीस स्ट्रक्चर को लेकर बैठक की जा रही है, जिसके तहत अब तीन साल तक स्कूल फीस नहीं बढ़ा सकेंगे। इससे निजी स्कूलों में अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करवा रहे अभिभावकों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेधावी छात्रों के लिए नई छात्रवृत्ति लाने, मेधावी छात्रों को राज्य सरकार की ओर से भारत दर्शन व शिक्षा विभाग में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की तैयारी की जा रही है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, राम मेहरोत्रा, पूर्व मेयर ऊषा चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक सहित स्वास्थ्य विभाग, राजकीय मेडिकल कालेज, खादी एवं औषधि प्रसाधन, सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालय एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

अब अधिवक्ता के दोस्त से मांगी गई 15 लाख रुपये की फिरौती

रुद्रपुर, अमृत विचार : विगत दिवस अधिवक्ता को गोली मारकर कर घायल करने के बाद अधिवक्ता के दोस्त से 15 लाख रुपये फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

बगवाड़ा निवासी मेहफुज अहमद पुत्र हाजी मकसूद ने पुलिस को सौंपी शिकायत में बताया कि 27 जून को उसके दोस्त गदरपुर निवासी अधिवक्ता और आइलेट्स संचालक प्रशांत सिंह पुत्र अनिल सिंह पर बाइक सवार नकाबपोश दो युवकों ने रुद्रपुर में गोली मार दी थी। जिसके बाद शनिवार शाम को उसके मोबाइल पर मोबाइल नंबर (1437)870-4316 से एक कॉल आयी। इस दौरान कालर ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए 15 लाख रुपये की फिरौती मांगी। कहा कि जिस तरह से उसके दोस्त पर गोली चलाई है, उसी तरह उस पर भी गोली चलाएंगे।

मेहफुज का कहना था कि कॉलर ने सात दिन के अंदर पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। मेहफुज अहमद ने पुलिस से आरोपित पर कार्रवाई कर सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

बायोमेट्रिक हाजिरी के साथ कैमरों की निगरानी में रहेंगे शिक्षक-छात्र

सभी 560 अनुदानित मदरसों में आज से आरंभ होगी नई व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड के शिक्षक और छात्र बायोमेट्रिक हाजिरी के साथ सीसीटीवी की निगरानी में अपने अध्ययन और अध्यापन कार्य करेंगे। सोमवार से शुरू होने वाले नए सत्र में संशोधित पाठ्यक्रमों को भी विस्तार दिया जा रहा है। नई व्यवस्था 560 अनुदानित मदरसों पर प्रभावी होगी।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार आरपी सिंह ने बताया है कि सोमवार से मदरसों में अध्ययन कार्य आरंभ होंगे। नई व्यवस्था प्रदेश के सभी 560 अनुदानित मदरसों पर प्रभावी की जा रही है। मदरसों में आने वाले हर शिक्षक और छात्र-छात्राओं को बायोमेट्रिक हाजिरी लगानी होगी। कार्यालय और कक्षा में लगे सीसीटीवी का सामना भी करना होगा। ताकि ये पता चल सके कि कौन कितने बजे और आया

और फिर वापसी का समय क्या था। रजिस्ट्रार का कहना है कि फिलहाल ये व्यवस्था अनुदानित मदरसों में शुरू कराई जा रही है, आगे मान्यता प्राप्त मदरसों में भी इसमें शामिल किया जाना है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और मदरसा संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा गया है कि उन्हें रोजाना की अपडेट राज्य मुख्यालय कार्यालय पर प्रेषित की जानी है।

प्रदेश के मदरसों में 27 लाख छात्र हैं अध्ययनरत : प्रदेश के कुल मदरसों में लगभग 27 लाख छात्र अध्ययनरत हैं। इसमें 16,513 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। वहीं गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 8,449 है। 16,513 मदरसों में से 558 मदरसों को राज्य सरकार की ओर से वित्त पोषित किया जाता है। इन मदरसों में शिक्षक/ कर्मचारियों की संख्या 9000 है।

नए सत्र में अनिवार्य विषय होंगे सम्मिलित

नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के तहत सोमवार से नया सत्र आरंभ किया जा रहा है। इसमें कक्षा एक से हाईस्कूल और इण्टर तक की पढ़ाई में गणित, प्राथमिक विज्ञान, नागरिक शास्त्र, इतिहास आदि विषयों को बतौर अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा। ऑल इण्डिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के महासचिव ने बताया है कि अनुदानित और मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए ये प्रस्ताव तो 12 अक्टूबर 2021 को ही प्रभावी हो गया था, लेकिन लागू नहीं हो सका।

अधिकारियों को मिलीं महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां

लखनऊ, अमृत विचार : मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने के बाद कुछ विभागों की जिम्मेदारियां अन्य अधिकारियों में भी बांटी गई है। आईएएस नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उनके पास ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार है। पंधारी यादव को प्रमुख सचिव वाह्य सहायतित परियोजना एवं वित्त विभाग से प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी बनाया गया है। अनुराग यादव को सचिव योजना विभाग, डीजी यूपीडीईएस से सचिव कृषि के पद पर तैनाती की दी गई। राज्य सरकार ने यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह पर भरोसा जताते हुए रविवार को उन्हें 6 महीने का और सेवा विस्तार कर दिया है। उनका कार्यकाल 30 जून को खत्म हो रहा था लेकिन अब वह 2024 दिसंबर तक यमुना अथॉरिटी के सीईओ रहेंगे। पीसीएस अरुणवीर सिंह को 2006 में आईएएस में प्रोन्नत किया गया था। इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी की प्रगति अच्छे हो, इसलिए अरुणवीर का दायित्व बहाल रखा गया है।

पहले टीम 11 फिर 9 के बाद अब टीम लीडर बने मनोज सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने 2017 में सबसे पहले नौकरशाही में कुछ ऐसे अधिकारियों को चिन्हित किया, जिनमें अनुभव और दक्षता तो हो ही, सत्यनिष्ठा के साथ-साथ कार्य करने के प्रति जीवटता और जुझारूपन भी हो। आईएएस मनोज कुमार सिंह भी उन चुनिंदा अधिकारियों में से एक रहे जो योगी की इसी कसौटी पर खरे उतरे।

मनोज सिंह योगी की टीम 11 और टीम 9 के एक ऐसे ही अहम सदस्य हैं जिन्होंने रविवार को उत्तर प्रदेश नौकरशाही में नंबर एक के पायदान पर आते हुए मुख्य सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया है। अब वह राज्य की ब्यूरोक्रेसी के टीम लीडर होंगे। 1988 बैच के आइएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह की पहचान परिणाम देने वाले अधिकारी की रही है। यही कारण है कि योगी आदित्यनाथ ने अपने अब तक के कार्यकाल में उनपर लगातार भरोसा जताया है। कहा जाता है कि तय समय में काम कर देने के योगी-मंत्र को मनोज कुमार सिंह ने आत्मसात कर लिया है। दरअसल, कोविड काल में पहले टीम 11 और फिर टीम 9 में शामिल मनोज सिंह ने गांवों में कोविड प्रसार को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

मनोज कुमार सिंह ने संभाला मुख्य सचिव का पदभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: 1988 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह राज्य के नए मुख्य सचिव बनाए गए हैं। उन्होंने रविवार शाम को अपने पूर्ववर्ती दुर्गाशंकर मिश्र से लोकभवन में कार्यभार ग्रहण किया। दुर्गाशंकर मिश्र मुख्य सचिव पद से रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने मनोज सिंह को चार्ज सौंपते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस बार केंद्र से दुर्गा शंकर मिश्र को चौथा सेवा विस्तार नहीं मिला, ऐसे में औद्योगिक विकास एवं कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने का रास्ता साफ हुआ।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ औद्योगिक विकास

नवनियुक्त मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह पूर्व मुख्य सचिव डीएस मिश्र से लोकभवन कार्यालय में चार्ज लेते हुए।

आयुक्त, अध्यक्ष पिकप और सीईओ यूपीईडा फिलहाल अभी बना रहेगा। वहीं, 1989 बैच के आईएएस देवेश चतुर्वेदी अब अपर मुख्य सचिव नियुक्ति के साथ कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि उत्पादन आयुक्त की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्य सचिव के बाद यह पद काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। मनोज कुमार सिंह

- **आईएएस देवेश चतुर्वेदी को अपर मुख्य सचिव नियुक्ति के साथ कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि उत्पादन आयुक्त की भी जिम्मेदारी**

के मुख्य सचिव बनने के बाद कुछ विभागों की जिम्मेदारियां देवेश चतुर्वेदी समेत अन्य अधिकारियों में बांटी गई है।

आईएएस नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उनके पास ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार है। पंधारी यादव को प्रमुख सचिव वाह्य सहायतित परियोजना एवं वित्त विभाग से प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी बनाया गया है। अनुराग यादव को सचिव योजना विभाग, डीजी यूपीडीईएस से सचिव कृषि के पद पर तैनाती की दी गई।

जमीन पर कब्जे की शिकायत बर्दाश्त नहीं होगी: मुख्यमंत्री

सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की शिकायत सुनते मुख्यमंत्री।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **शाहजहांपुर के जिलाधिकारी को दिए कार्रवाई के निर्देश**

अमृत विचार : जमीन कब्जे के मामलों को लेकर लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी दे चुके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ज्यादा नाराज दिखे। सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान जैसे ही कानपुर, आगरा समेत अन्य जिलों के ऐसे मामले उनके सामने आने लगे वह बिफर पड़े। जमीन कब्जे व पैमाइश में हीलाहवाली से जुड़ी अधिकांश शिकायतें शाहजहांपुर की रहीं।

इस दौरान फरियादियों ने लेखपाल-कानूनगो की लापरवाही की शिकायत भी योगी से की। जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल शाहजहांपुर के जिलाधिकारी को तीन दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया। इसी तरह के निर्देश उन्होंने आगरा-कानपुर के प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए दिए। योगी ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उन्हें कतई परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि फरियादियों की शिकायत जिला स्तर पर हर हाल में सुनी जाए। किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जमीन कब्जे से जुड़े मामलों में योगी ने कहा कि पीड़ितों की सुनवाई सुनिश्चित हो। कानून से खिलवाड़ करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बारिश के कारण घट गई बिजली की मांग, फिर भी संकट

लखनऊ, अमृत विचार : बारिश के कारण प्रदेश में बिजली की मांग काफी घट गई है, पर उत्पादन इकाइयां के लगातार ठप होने से समस्या दूर नहीं हो पा रही है। प्रदेश की ठप इकाइयों के चालू न हो पाने से रविवार को भी करीब दो हजार मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट की स्थिति बनी रही, हालांकि एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में बिजली आपूर्ति बाधित होती रही।

शनिवार को ठप हुई ओबरा की दो-दो मेगावाट की दो इकाइयां व 660 मेगावाट की एक इकाई चालू नहीं हो सकीं। हरदुआगंज की 105 मेगावाट, मेजा की 660 मेगावाट, रिहंद की पांच सौ मेगावाट व सिंगरौली की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयों में भी उत्पादन ठप रहा। बिजली अभियंता इन इकाइयों को चालू करने के प्रयास में लगे रहे। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 25,942 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि भीषण गर्मी के दिनों में अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पर कर गई थी।

उधर भारत जीता, इधर रामलला को अर्पित किया गया तिरंगा

अयोध्या कार्यालय

- **हनुमानगढ़ी में आतिशबाजी राजूदास टीम को देंगे एक लाख की प्रोत्साहन राशि**

अमृत विचार : भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में जैसे ही खिताब अपने नाम किया। वैसे ही अयोध्या जश्न में डूब गया। युवा खेल प्रेमियों में ही नहीं बल्कि मठ-मंदिरों में काफी उत्साह देखा गया। टीम इंडिया के मैच जीतने पर राम मंदिर में पुजारी ने रामलला को तिरंगा अर्पित किया। वहीं हनुमानगढ़ी में आतिशबाजी हुई। पुजारी राजू दास ने टीम को एक लाख रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।

साउथ अफ्रीका के बीच टी 20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला बारबडोस के केंसिग्टन ओवल मैदान पर खेला गया था। भारत ने देर रात रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। इसके बाद हर तरफ आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया। राम मंदिर के सहायक पुजारी संतोष कुमार तिवारी ने रामलला के समक्ष तिरंगा अर्पित किया। हनुमान गढ़ी मंदिर पर भी जीत के जश्न पर पुजारी राजू दास ने समर्थकों से साथ मंदिर के मुख्य द्वार पर आतिशबाजी की और एक

पुजारी ने रामलला कोअर्पित किया तिरंगा।

दूसरे को बधाई दी। टीम इंडिया की शानदार जीत पर राजूदास ने एक लाख रुपये देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देश के लिए यह गर्व की बात है। भारत की टीम ने बहुत बड़ा इतिहास रचा है और सभी से मुलाकात करने के बाद प्रोत्साहन राशि उन्हें सौंपी जाएगी। इस जीत से हम लोग बहुत ही उत्साहित हैं।

अप्राकृतिक संबंध बना बहनोई से करवाया दुष्कर्म

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- **आईजी के आदेश पर 7 लोगों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट**

अमृत विचार : पत्नी के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाकर बहनोई से दुष्कर्म करवाने का मामला सामने आया है। आईजी रेंज कानपुर के आदेश पर फतेहगढ़ कोतवाली में पति, बहनोई, सास-ससुर, दो जेठ व ननद समेत 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला की शादी 1 दिसंबर 2021 को थाना मेरापुर के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। बताया गया कि शादी के बाद पीड़िता का पति उसके साथ लगातार अप्राकृतिक संबंध बनाता था। विरोध करने पर पीड़िता के साथ पति मारपीट भी करता था। पीड़िता ने इसकी शिकायत सास और ननद से की लेकिन उसकी बात अनसुनी कर दी गई। घटनाक्रम ज्यादा बढ़ने पर उसने पूरी समस्या अपनी मां को बताई।

उसकी मां ने ससुराल वालों से शिकायत की। आरोप है की शिकायत से नाराज पति, ननद, ससुर, सास, दो जेठ ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद पीड़िता अपने मायके आ गई। घटना की शिकायत पीड़िता ने एसपी फतेहगढ़ को दी। सुलह समझौते में पीड़िता को समझा बुझाकर पति के साथ इस शर्त पर भेजा गया कि उसका पति उसके साथ अप्राकृतिक संबंध नहीं बनायेगा। लेकिन जब वह ससुराल आई तो पति ने फिर से अप्राकृतिक संबंध बनाए। इसके साथ ही पति ने थाना कंपिल क्षेत्र निवासी अपने बहनोई को घर पर बुलाकर मार्च और अप्रैल 2024 में दुष्कर्म करवाया।

पीड़िता की पुलिस में सुनवाई नहीं होने पर पुलिस महनिरीक्षक कानपुर को शिकायत की। कोतवाल फतेहगढ़ हरि श्याम सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

वर्ग पहेली-117

बाएं से दाएं

1. महुए का पका हुआ फल, कोलेंदा।
4. गरम चीज़ें आदि पकड़ने का एक कैंचीनुमा यंत्र।
6. 1. एक प्रकार का धान 2. एक प्रकार का पक्षी 3. शिव।
8. आत्मकेंद्रित व्यवहार, अपने मुंह मियां मिट्ठू होना, अपनी प्रशंसा आप करना।

ऊपर से नीचे

2. 1. धन, संपत्ति, (वेल्थ) 2. कोई अमूल्य या महत्वपूर्ण वस्तु
3. 1. जो फ़ासीवाद का समर्थक हो, (फ़ासिस्ट) 2. जो तानाशाही का समर्थक हो, तानाशाह, निरंकुश।
5. 1. नष्ट अथवा बरबाद होना 2. ख़राब होना।
7. 1. खट्टे स्वाद की चीज़ 2. खट्टा होने की अवस्था 3. खटास पैदा करने वाली चीज़



वर्ग पहेली -116 का हल

1 काँ		2 कू		
ग	3 लू	ट	मा	र
ड़ी		नी		
		ति		4 के
5 बो	6 अ	क	थि	त
ग	हिं			ली
7 स	ह	सा		

महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं धार्मिक स्थलों पर लगेंगे जैमर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

एंटी ड्रोन जैमर की भी होगी खरीद, खर्च होंगे 74 करोड़ रुपये

- **राम मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में लगाने की चर्चा**
- **व्हीकल माउंटेड एक्सरे-वैगेज स्कैनर की भी होगी खरीद**

अमृत विचार : प्रदेश के विशिष्ट पदों पर विराजमान व्यक्तियों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और सख्त करने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय सचिवालय भारत सरकार द्वारा की गई एक समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। निर्देशों के क्रम में गृह विभाग ने आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की खरीद के लिए 74 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति भी दे दी है। इसके लिए सरकार एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर, व्हीलक माउंटेड जैमर आदि लगवाने जा रही है। यह जैमर कहां और कब लगेंगे, विभाग ने अभी अधिकृत रूप से इसका खुलासा नहीं किया है। हालांकि अयोध्या स्थित राम मंदिर में एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर सिस्टम लगाने की चर्चा की जा रही है।

केंद्रीय कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में गृह विभाग ने 06 एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर खरीदने का फैसला किया है, जिसके लिए साढ़े 32 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति की गई है। सूत्रों के मुताबिक इसमें से एक अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर में लगेगा। वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में भी एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर लगाने की चर्चा की जा रही है।

36 करोड़ में खरीदे जाएंगे व्हीकल माउंटेड जैमर

इसी तरह 08 व्हीकल माउंटेड जैमर भी खरीदे जाएंगे, जो इनोवा क्रिस्टा वाहन में फिट किए जाएंगे। यह जैमर महत्वपूर्ण स्थानों, वीवीआईपी की सुरक्षा में तो गतिशील रहेगा ही, साथ ही आगामी कुंभ मेला स्थल पर भी तैनात किया जाएगा। व्हीकल माउंटेड जैमर की खरीद के लिए 36 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति की गई है।

वैगेज स्कैनर के लिए खर्च किए जाएंगे छह करोड़ रुपये

इसी तरह 10 व्हीकल माउंटेड एक्सरे-वैगेज स्कैनर भी खरीदे जाएंगे। इसके लिए विभाग ने छह करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने की संस्तुति की है। इसे भी संवेदनशील धार्मिक स्थलों एवं प्रतिष्ठानों के साथ साथ वीवीआईपी के कार्यक्रमों में प्रवेश द्वार पर परीक्षण हेतु रखा जाएगा। गृह विभाग ने जारी की गई धनराशि के संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय को सूचित भी कर दिया है।

बीएल मीणा और एल वेकेंटेश्वर लू को मुख्य सचिव का वेतनमान

लखनऊ, अमृत विचार : विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की रविवार को हुई बैठक में प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई। इसमें साल 1991 बैच के दो आईएएस अधिकारियों बीएल मीणा और एल वेकेंटेश्वर लू को मुख्य सचिव का वेतनमान देते हुए अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति मिली है। डीपीसी में साल 1991 व 1992 बैच के आईएएस अधिकारियों को पदोन्नति देने के लिए प्रस्ताव रखा गया। वर्ष 1991 बैच के कामराज रिजवी और निवेदिता शुक्ला वर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसलिए उन्हें उप्र. आने पर यह लाभ मिलेगा।

सुडोकू-30

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

5			3			7		8
		2		1			3	5
		9		6				1
6	8				4			
4		3				8		2
			5				1	6
1				3		5		
7	5			4		6		
2		4			9			7

सुडोकू -29 का हल

7	6	3	8	2	4	5	1	9
5	8	1	7	3	9	6	2	4
4	2	9	5	1	6	3	7	8
2	9	4	6	7	1	8	5	3
3	1	5	9	4	8	7	6	2
8	7	6	3	5	2	9	4	1
1	5	7	4	9	3	2	8	6
6	3	2	1	8	7	4	9	5
9	4	8	2	6	5	1	3	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 10 .26 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 06 .26 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। बड़े निर्णय लेने में हिचकिचाहट का अनुभव नहीं करेंगे। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी। आपकी धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है।

वृष — आज आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। अपनी कार्यशैली को लोगों से शेयर न करें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। आपको आराम करने की आवश्यकता है। मानसिक रूप से अशांत महसूस कर सकते हैं। दूसरों से अपनी तुलना न करें।

मिथुन — आज विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे।

कर्क — आज अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य सावधानी पूर्वक कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

सिंह — आज बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ मिलेगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियों बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं। बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें।

कन्या — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी बनाकर रखनी चाहिए। सहयोगियों से ज्यादा अपेक्षा न करें। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी।

तुला — आज रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए शानदार दिन है। कार्यक्षेत्र में आपका दबदबा बढ़ेगा। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं।

वृश्चिक — आज अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा।

धनु — आज संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा। प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं।

मकर — आज ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। आप आराम के मूड में रहेंगे। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने का प्रयास करें। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे।

कुंभ — आज तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। जीवनसाथी से आपको उपहार प्राप्त हो सकता है। नौकरी में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

मीन — आज आय में अचानक कमी आ सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। समाज में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **शिव शक्ति** — दोपहर : 12 .00
- **लोहा** — रात : 09 .00

&pictures
- **मि. इंडिया** — सुबह : 10 .24
- **सूर्यवंशी** — रात : 08 .00

SONY PIX
- **जर्नी 2** — सुबह : 09 .17
- **डंकिर्क** — दोपहर : 03 .03

ZEE CINEMA
- **कार्तिकेय 2** — सुबह : 11 .22
- **आरआरआर** — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- **कादम्बन** — सुबह : 10 .04
- **बेटिंग राजा** — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लॉटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाऊंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

एक नजर

महाविकास आघाडी मिलकर महाराष्ट्र विस चुनाव लड़ेगा : पवार

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य के विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे। राकांपा (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक हैं। पवार ने कहा कि विपक्ष चुनावों में महाराष्ट्र की जनता के सामने सामूहिक रूप से उतरेंगे। पवार ने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है।

डेयरी कर्मी एवं महिला की गोली मारकर हत्या

समस्तीपुर। बिहार में समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर सकरा गांव स्थित त्रिमूर्ति डेयरी सह ग्राहक सेवा केन्द्र पर रविवार को बेखौफ बदमाशों ने धावा बोलकर हजारों रुपये लूट लिए और प्रतिरोध करने पर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के मोहम्मदपुर सकरा गांव में त्रिमूर्ति डेयरी सह सीएसपी संचालक रजनीश कुमार के यहां आज बाइक सवार तीन हथियार बंद अपराधियों ने धावा बोला। इसके बाद अपराधकर्मी लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान विरोध करने पर अपराधियों ने डेयरी कर्मी अजय यादव एवं ग्राहक सुशीला देवी को गोली मार दी। जिसमें दोनों की मौत हो गई।

मणिपुर में पुल टूटा ट्रक चालक लापता

इंफाल। मणिपुर के काकचिंग जिले के मुतुम फिबो में रविवार को एक पुल उस समय टूट गया जब एक ट्रक उसके ऊपर से गुजर रहा था। पुलिस के अनुसार पुल टूटने के कारण ट्रक पानी में डूब गया। चालक का पता नहीं चल पाया है जबकि ट्रक पर सवार तीन अन्य लोगों को बचा लिया गया है। बचाव दल मौके पर पहुंच गया है। अंतिम समाचार मिलने तक ट्रक चालक की तलाश जारी थी।

आप तो हमें मुसलमान कहने से भी डरने और कतराने लगे

इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की राष्ट्रीय कांफ्रेंस में मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने विपक्षी दलों की भूमिका पर कसा तंज

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के बाद मजबूत हुए विपक्ष को मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने आड़े हाथ लेते हुए तंज कसा है कि 'आप तो हमें मुसलमान कहने से भी कतराने लगे हैं, किस डर के मारे अल्पसंख्यक कहते हैं, यह मत भूलिए कि हमारे वोट से ही आज इतने ताकतवर हुए हैं।' इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की यहां नेहरु भवन में हुई राष्ट्रीय कांफ्रेंस में विपक्षी दलों को इस बात पर घेरा गया कि मुस्लिमों के खिलाफ घटनाएं नहीं रुकने के बावजूद आखिर किस वजह से उन्होंने जुबान पर ताला लगा रखा है।

इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की राष्ट्रीय कांफ्रेंस अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और तीन दशक तक राज्यसभा सदस्य रहे मोहम्मद अदीब ने बुलाई थी।

दिल्ली में आयोजित आईएमसीआर के सम्मलेन में शिरकत करते राज्यसभा सदस्य संजय सिंह व अन्य लोग। ● अमृत विचार



सम्मलेन में विपक्ष के सांसदों से सवाल पूछते पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद।

मोहम्मद अदीब ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि 'याद रखिए किसी भी अत्याचार पर सरकार से बाद में, पहले आपसे जवाब मांगेंगे, क्योंकि मुसलमानों ने ही आपको यहां तक पहुंचाया है।' पंजाब से आये दया सिंह ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ही उनके राज्य ने विपक्ष को इतनी सीटें दी हैं। इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि 15 प्रतिशत मुसलमानों का विश्वास जीते बिना देश को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। टीडीपी के प्रतिनिधि ने सफाई भरे लहजे में कहा कि उनकी पार्टी ने एडीए में शामिल जरूर हुई है, लेकिन मुसलमानों के लिए जो सहूलियतें हैं, उसमें कोई कटौती नहीं होने दी जाएगी। कार्यक्रम में मौजूद विपक्षी दलों के सांसदों ने यकीन दिलाया कि मुसलमानों के हर मुद्दों को संसद में उठाया जाएगा और उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

कांफ्रेंस में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सांसद ताहिर बर्क, सांसद इकरा चौधरी, सांसद ईटी बशीर, सांसद आगा रोहुल्ला, पंजाब से अमन कारवां के प्रमुख दया सिंह, एनडीए गठबंधन में सहयोगी टीडीपी के प्रतिनिधि, कानपुर से इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान, जमाअते इस्लामी के अमीर सआदत उल्लाह, मौलाना सज्जाद नोमानी के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, एआर रहमान, कुंवर दानिश अली, शाहिद सिद्दीकी समेत देश के करीब 700 जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने शिरकत की।

बच्चों को नशीली चीजों के सेवन से बचाएगा प्रहरी पोर्टल

नई दिल्ली, एजेंसी

● छात्रों और शिक्षकों के बीच बढ़ाएगा जागरुकता

केंद्र सरकार ने बच्चों को मादक पदार्थ के सेवन से बचाने के लिए एक पोर्टल शुरू किया है, जो विद्यालयों के आसपास प्रतिबंधित पदार्थों की बिक्री को रोकने और छात्रों और शिक्षकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मजबूत निगरानी प्रणाली की सुविधा प्रदान करेगा।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने युवाओं को मादक पदार्थों की समस्या से बचाने तथा विद्यालयों के आसपास ऐसे पदार्थों की बिक्री पर रोक के लिए निगरानी तंत्र विकसित करने के उद्देश्य से "प्रहरी पोर्टल" की शुरुआत की है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) तथा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने इस संबंध में एक राष्ट्रीय समीक्षा और परामर्श बैठक का आयोजन किया था। इस बैठक में संयुक्त कार्य योजना के कामों पर चर्चा की गई जिसका उद्देश्य 'नशा मुक्त भारत' के दृष्टिकोण के तहत बच्चों में मादक पदार्थों का सेवन और उनकी अवैध तस्करी को रोकना है। इस संयुक्त कार्य योजना का नाम नशे के खिलाफ एक युद्ध दिया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों को मादक पदार्थों का सेवन करने से रोकना है। इस व्यापक योजना में सभी हितधारकों, एजेंसियों, कर्तव्यधारकों, अधिकारियों, मीडिया और अभिभावकों को शामिल किया गया है, जिससे वे बच्चों को मादक पदार्थों का सेवन करने से बचाने में अपनी भूमिका निभा सकें। राय ने एनसीपीसीआर और एनसीबी द्वारा शुरू की गई संयुक्त कार्य योजना की प्रशंसा की और नशा मुक्त राष्ट्र के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया।

मेघालय में दूषित भोजन खाने से 50 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती

शिलांग। मेघालय के पूर्वी पश्चिमी खासी हिल्स जिले में एक अंतिम संस्कार समारोह के दौरान एक घर में दूषित भोजन के सेवन के बाद महिलाओं और बच्चों सहित 50 से अधिक लोग बीमार हो गए है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मरीजों को मैरांग और नोंगस्टोइन सिविल अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मैरांग में यू तिरोट सिंग मेमोरियल सिविल अस्पताल की चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी पिंसुक मारबानियांग ने बताया कि नामडोंग गांव में एक अंतिम संस्कार समारोह में भोजन के बाद 28 जून की शाम से मरीजों का अस्पताल में आना शुरू हो गया था। उन्होंने कहा कि शुरू में 10 लोग दस्त और उल्टी की शिकायत लेकर अस्पताल आए थे। इसके बाद भर्ती किया गया।

एम्स स्थापना को लेकर थरूर-चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केरल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर और भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध जारी रहा।

थरूर ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके भरसक प्रयासों के बावजूद, केंद्र सरकार ने कोझिकोड जिले में एम्स स्थापित करने के केरल सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने एक्स पर कहा कि राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने राज्य विधानसभा को सूचित किया है कि केंद्र ने कोझिकोड के किनालूर में एम्स स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस सांसद ने 15 वर्ष तक तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व किया है लेकिन उन्होंने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। चंद्रशेखर ने दावा किया कि यदि तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व भाजपा सांसद करते तो स्थिति अलग होती और वह इसके लिए लड़ते। उन्होंने कहा-15 वर्ष तक तिरुवंतपुरम का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस के इन सांसद ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है।

केरल में गूगल मैप के भरोसे उफनाती नदी में कार लेकर चले गए दो युवक

कासरगोड (केरल)। केरल के सुदूर उत्तरी कासरगोड जिले में गूगल मैप का उपयोग करके अस्पताल का रास्ता तलाश रहे दो युवक अपनी कार को उफनाती नदी में लेकर चले गए, लेकिन वाहन के एक पेड़ में फंस जाने के कारण चमत्कारिक रूप से बच गए। रविवार को सोशल मीडिया पर इसका वीडियो प्रसारित हुआ। इस वीडियो में पल्लांची में उफनती नदी से दमकल कर्मी उन्हें सुरक्षित बाहर निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। जब उनका वाहन पानी के तेज बहाव में बहकर एक पेड़ में फंस गया तो उन्होंने किसी तरह गाड़ी से निकलकर दमकलकर्मियों को अपनी लोकेशन से अवगत कराया। बाद में, अग्निशमन दल के कर्मचारियों ने दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

बिहार के बाद झारखंड में ढहा निर्माणाधीन पुल

गिरिडीह, एजेंसी

● रांची से 235 किमी दूर देवरी प्रखंड में हुआ हादसा

● गिरिडीह में अरगा नदी पर बनाया जा रहा था पुल

बिहार में गत 10 दिनों में 5 पुलों के गिरने के बाद अब झारखंड के गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक गर्डर भारी बारिश के कारण गिर गया और एक पिलर भी झुक गया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि घटना झारखंड की राजधानी रांची से 235 किलोमीटर दूर देवरी प्रखंड में हुई। यह पुल डुबरीटोला और करिहरी गांव को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बनाया जा रहा है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

गिरिडीह से सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने बताया कि पुल का निर्माण हो रहा है। शनिवार रात भारी बारिश से पुल का सिंगल-स्पैन गर्डर गिर गया और एक पिलर झुक गया है। ठेकेदार को उस हिस्से को दोबारा बनाने के लिए कहा गया है। हालांकि, उन्होंने पुल के निर्माण की लागत के बारे में नहीं बताया। सूत्रों ने बताया कि लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है और यह झारखंड के गिरिडीह और बिहार के जमुई जिले को जोड़ेगा।

असम सरकार ने बलात्कार के आरोपियों व अन्य के घर ढहाए

ग्वालपाड़ा (असम)। असम के ग्वालपाड़ा जिले में रविवार को सरकारी जमीन पर कथित अतिक्रमण के चलते पांच व्यक्तियों के मकान ढहा दिए गए। ढहाये गए मकानों में बलात्कार और हत्या के तीन आरोपियों के मकान भी शामिल हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दुधनोई राजस्व क्षेत्र की सीमा अंतर्गत तंगाबारी गांव में कुछ व्यक्तियों ने सरकारी जमीन पर अपने मकान बनाए थे और उन्हें इन ढांचों को हटाने के लिए नोटिस दिए गए थे। उन्होंने बताया-उन्होंने इसका पालन नहीं किया, इसलिए अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया।

नीट विवाद-अग्निपथ पर संसद में आज हो सकती है बहस

नई दिल्ली, एजेंसी

● विपक्षी दल बेरोजगारी का भी उठा सकता है मुद्दा

संसद की कार्यवाही के सोमवार को पुनः आरंभ होने पर, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस होने की संभावना है। विपक्ष प्रश्नपत्र लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है।

लोकसभा में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी एवं पहली बार की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगी। लोकसभा ने

धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसका समापन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ होगा। राज्यसभा में चर्चा के लिए 21 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री के बुधवार को (चर्चा पर) जवाब देने की संभावना है। नीट मुद्दे पर संसद में इस सप्ताह काफी हंगामा हुआ। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नतीजे चार जून को घोषित किए गए, लेकिन इसके बाद बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने के अलावा परीक्षा से जुड़ी अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे। राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी को ''अतुलनीय'' बताया था और कहा था कि देश के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के उनके दृष्टिकोण और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। भाजपा सदस्य कविता पाटीदार ने प्रस्ताव का समर्थन किया था और चर्चा में अब तक नौ अन्य सदस्य भाग ले चुके हैं।

विपक्षी सदस्यों के हंगामे से स्थगित रही थी कार्यवाही

लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिस कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई थी। नीट विवाद पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी अपने साथी सदस्यों के साथ आसन के करीब आ गए। नीट मुद्दे पर हंगामे के बीच छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

कारोबार/कृषि

एक नजर

पंजाब एंड सिंध बैंक की 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने कारोबार वृद्धि के लिए योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्वरूप कुमार साहा ने कहा-निदेशक मंडल ने पहले ही मंजूरी दे दी है और मर्चेंट बैंकरों को अगस्त तक शामिल कर लिया जाएगा। बाजार परिस्थितियों के आधार पर, धन जुटाने का काम दूसरी तिमाही या तीसरी तिमाही में पूरा हो सकता है।

अर्थव्यवस्था ऊंची वृद्धि दर के चरण के लिए तैयार

नई दिल्ली। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिड़े ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज देश जिन महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर रहा है उनको लेकर भी देश की अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। भिड़े ने कहा कि आमदनी में वृद्धि से घरेलू मांग को समर्थन मिलेगा और पिछले कुछ वर्षों में निवेश व्यय के उच्चस्तर से उत्पादन या आपूर्ति क्षमता में वृद्धि हो रही है जिससे घरेलू आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बरकरार रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा-वृद्धि की गति और मुद्रास्फीति के रुख से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा-हमारी अर्थव्यवस्था सामने मौजूद महत्वपूर्ण जोखिमों के संदर्भ में भी मजबूत स्थिति में है।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का 2.89 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया बाजार पूंजीकरण

आंकड़ों के मुताबिक मार्केट कैप में पिछले सप्ताह सबसे अच्छी मासिक वृद्धि रही

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,89,699.42 करोड़ रुपये का उछाल दर्ज हुआ। शेयर बाजार में जोरदार तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.83 अंक या 2.36 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई सेंसेक्स जून में 7.14 प्रतिशत चढ़ा है। यह इसकी सबसे अच्छी मासिक वृद्धि है। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स ने पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार किया।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का बाजार मूल्यांकन चढ़ गया। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,52,264.63 करोड़ रुपये बढ़कर 21,18,951.20 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 34,733.64 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

एफपीआई ने बाजारों में 26,565 करोड़ रुपये डाले

लगातार दो माह की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून में भारतीय शेयर बाजारों में एक बार फिर लिवाल बन गए हैं। शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच जून में एफपीआई ने शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक (सूचीबद्ध निवेश) विपुल भोवर ने कहा, ''आगे चलकर उनका ध्यान धीरे-धीरे बजट और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की ओर स्थानांतरित होगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में भारतीय शेयर बाजार शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में भी एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे थे। इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये शुद्ध निवेश किया था।

विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी होने से 21 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर कम होकर 652.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 21 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.6 डॉलर की गिरावट के साथ 574.1 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 98.8 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 56.95 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.05 अरब डॉलर पर आ गया।

ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या में 4 प्रतिशत की आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

● सांख्यिकी मंत्रालय ने बीते वित्त वर्ष के जारी किए आंकड़े

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए सदस्यों की कुल संख्या बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 4 प्रतिशत घटकर 1.09 करोड़ रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

ईपीएफओ की भारत में पेरोल रिपोर्टिंगः एक रोजगार परिप्रेक्ष्य-जनवरी से अप्रैल, 2024 रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएफओ ने 2022-23 में कुल 1,14,98,453 नए सदस्य जोड़े थे। यह संख्या 2023-24 में घटकर 1,09,93,119 रह गई है। महामारी के कारण ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की कुल संख्या में 2020-21 में गिरावट आई थी और यह 85,48,898 रही थी। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2019-20 में ईपीएफओ से 1,10,40,683

नए सदस्य जुड़े थे। 2021-22 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या 1,08,65,063 रही थी। देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों ने 2020 और 2021 में लॉकडाउन लगाया था, जिससे आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ रोजगार भी प्रभावित हुआ था। 2023-24 तक पिछले पांच वित्तीय वर्षों में, ईएफपीओ द्वारा जोड़े गए कुल नए सदस्य 2018-19 के पूर्व-कोविड स्तर तक नहीं पहुंचे थे।

सिग्नलट्रॉन का पहला 4जी आधार शिविर भारतीय सेना में शामिल

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने पहला स्वदेशी चिप-आधारित 4जी मोबाइल आधार शिविर शामिल किया है, जिसे उसने गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से बैंगलोर की कंपनी सिग्नलट्रॉन से खरीदा है। सिग्नलट्रॉन कंपनी के संस्थापक हिमांशु खासनीस ने बताया है कि सह्याद्रि एलटीई आधार शिविरों में प्रयुक्त चिप सिग्नलचिप द्वारा विकसित की गई है। खासनीस और उनकी टीम ने 2010 में 4जी और 5जी नेटवर्क के लिए चिप बनाने के लिए एक फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी सिग्नलचिप की स्थापना की थी।

दूरसंचार विभाग कंपनियों को भुगतान के लिए जारी करेगा मांग पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग इस सप्ताह दूरसंचार कंपनियों को हाल ही में संपन्न नीलामी में खरीदे गए स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए मांग पत्र जारी कर सकता है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी है।

सात दौर में दो दिनों तक चली नीलामी में 141.4 मेगाहट्र्ज रेडियो तरंगों की बिक्री 11,340.78 करोड़ रुपये में हुई। इस बार 25 जून को शुरू हुई नीलामी के दौरान कुल 96,238 करोड़ रुपये मूल्य की 10,500 मेगाहट्र्ज रेडियो तरंगें बोली के लिए रखी गईं। इस नीलामी

स्पेक्ट्रम नीलामी

में बेचे गए 11,341 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम में लगभग 60 प्रतिशत सुनील मित्तल की एयरटेल ने हासिल किए। वह रेडियो तरंगों के लिए सबसे बड़ी बोलीदाता के रूप में उभरी। एयरटेल ने बोली लगाकर 6,856.76 करोड़ रुपये मूल्य की एयरवेव हासिल कीं। इस नीलामी में रिलायंस जियो ने 973.62 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम हासिल किया, जबकि वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने लगभग 3,510.4 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाई।

तम्बाकू किसानों ने योजना के तहत क्षेत्र को शामिल करने की मांग की

नई दिल्ली। तम्बाकू निर्यातकों ने सरकार से अनुरोध किया है कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए शुल्क वापसी योजना आरओडीटीईपी को इस क्षेत्र में भी लागू किया जाए। शनिवार को हैदराबाद में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक में व्यापारियों ने कहा कि तम्बाकू निर्यातक किसी भी ऐसी योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं जो निर्यात प्रोत्साहन प्रदान करती हो। मंत्रालय ने एक बयान में कहा-उन्होंने तंबाकू निर्यातकों को आरओडीटीईपी योजना के अंतर्गत शामिल करके उन्हें समर्थन देने का अनुरोध किया है।

शादी में सबसे ज्यादा खर्च करते हैं भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

● ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने रिपोर्ट में किया खुलासा

भारतीय विवाह उद्योग का आकार 10 लाख करोड़ रुपये है, जो खाद्य और किराना के बाद दूसरे स्थान पर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि आम हिंदुस्तानी शिक्षा की तुलना में विवाह समारोह पर दोगुना खर्च करते हैं।

भारत में सालाना 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं, जबकि चीन में 70-80 लाख और अमेरिका में 20-25 लाख शादियां होती हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय विवाह उद्योग अमेरिका (70 अरब अमेरिकी डॉलर) के उद्योग के आकार का

लगभग दोगुना है। हालांकि, यह चीन (170 अरब अमेरिकी डॉलर) से छोटा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में खपत श्रेणी में शादियों का दूसरा स्थान है। अगर शादी एक श्रेणी होती, तो वे खाद्य और किराना (681 अरब अमेरिकी डॉलर) के बाद दूसरी सबसे बड़ी खुदरा श्रेणी होती। भारत में शादियां भव्य होती हैं और इनमें कई तरह के समारोह और खर्च होते हैं। इससे आभूषण और परिधान जैसी श्रेणियों में खपत बढ़ती है और अप्रत्यक्ष रूप से ऑटो तथा इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को लाभ मिलता है। खर्चीली शादियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के बावजूद, विदेशी स्थानों पर होने वाली आलीशान शादियां भारतीय वैभव को प्रदर्शित करती रहती हैं। जेफरीज ने कहा, हर साल 80 लाख से एक करोड़ शादियां होने के साथ, भारत दुनिया भर में सबसे बड़ा विवाह स्थल है। कैट के अनुसार इसका आकार 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

टीम भावना ने भारत को बनाया टी-20 विश्व विजेता

जीत में शामिल था समर्पण, एकजुटता, संयम और विश्वकप का जुनून, 2007 वनडे वर्ल्ड कप में कप्तान द्रविड़ की हार का रोहित की सेना ने चुकाया कर्ज

बारबाडोस, एजेंसी

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीत लिया। फाइनल मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हराया। भारत ने 17 सालों के लंबे इंतजार के बाद टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया है। टीम के सभी खिलाड़ियों ने जीत में योगदान दिया और पूरे टूर्नामेंट में कोई भी विरोधी टीम भारतीय टीम को हरा नहीं पाई। सही मायनों में देखा जाए तो इस जीत में टीम के हर सदस्य का समर्पण, एकजुटता, संयम और वर्ल्ड कप जीतने का जुनून शामिल था।

मैच'वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के क्लब में भारत: वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत 4 या उससे ज्यादा बार क्रिकेट वर्ल्ड कप चैंपियन बना। वेस्टइंडीज ने 4 वर्ल्ड कप जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 7 बार वर्ल्ड कप जीता है। भारत दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। उसके अलावा भारत ही दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। भारत ने पहले ही संस्करण में 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। इसके बाद टीम 2014 में श्रीलंका से फाइनल में हारी थी। भारतीय टीम पिछले 1 साल में तीसरी बार आईसीसी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची थी। क्रिकेट खेल ही एक टीम का है, जिसमें व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं, बल्कि जीत में पूरी टीम का योगदान होता है। भारतीय टीम के इस शानदार प्रदर्शन का सबसे बड़ा श्रेय रोहित शर्मा की कप्तानी को जाता है।

गेंदबाजों ने किया बेहतर प्रदर्शन: इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा प्रभावित गेंदबाजों ने किया। पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे बड़ी टीमों के खिलाफ गेंदबाजों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया वो तारीफ के काबिल था। जसप्रीत बुमराह की अगुआई में तेज गेंदबाजों ने जहां शुरुआत से विपक्षी टीमों को दबाव में रखा, वहीं मध्य ओवरों में जब भी भारत को सफलता की जरूरत पड़ी तो स्पिनरों ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। भारत के आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन का काफी श्रेय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को भी जाता है। पाकिस्तान के खिलाफ जब बल्लेबाजी आक्रमण फ्लॉप साबित हुआ तो गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर आठ चरण और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारतीय टीम पूरी तरह एकजुट दिखी और हर खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का जश्न मनाता दिखा।

अविस्मरणीय योगदान: रोहित शर्मा- आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर कप्तान रोहित ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने अगले 4 मैच तक अपना अटैकिंग रोल जारी रखा। रोहित ने फिर सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बॉल पर 92 रन बनाए। _उन्होंने सेमीफाइनल में भी अहम फिफ्टी लगाई। कप्तान टीम के टॉप रन स्कोरर भी हैं।

सूर्यकुमार यादव: आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ सूर्यकुमार कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन अमेरिका के खिलाफ शुरुआती 3 विकेट गिर जाने के बाद टीम को संभाला। सूर्या ने फिफ्टी लगाई और टीम को जीत दिलाई। वह अफगानिस्तान के खिलाफ अर्धशतक लगाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। ऑस्ट्रेलिया के सामने सूर्या ने 16 बॉल पर 31, इंग्लैंड के खिलाफ 36 बॉल पर 47 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

ऋषभ पंत: पाकिस्तान के खिलाफ 42 और आयरलैंड-बांग्लादेश के खिलाफ मुश्किल पिच पर 36-36 रन की पारी खेलकर जीत में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के खिलाफ तो उन्होंने 3 अहम कैच भी पकड़े थे। पंत टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 11 कैच पकड़ चुके हैं।

टॉप-3 ऑलराउंडर्स- हार्दिक पंड्या: उप कप्तान हार्दिक ने बैटिंग, बॉलिंग के साथ फील्डिंग में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

अक्षर पटेल: सेमीफाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर टूर्नामेंट में भारत के सेकेंड बेस्ट ऑलराउंडर और सेकेंड बेस्ट स्पिनर साबित हुए।

शिवम दुबे: अमेरिका के खिलाफ दुबे को एक ओवर गेंदबाजी का मौका मिला, इसमें उन्होंने 11 रन दिए। इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में कोई ओवर नहीं फेंका। हालांकि, बांग्लादेश (34), अमेरिका (31*) और ऑस्ट्रेलिया (28) और साउथ अफ्रीका के खिलाफ (27) उन्होंने छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेलीं।

विश्वकप टूर्नामेंट में बिना एक भी मैच गंवाए ट्रॉफी तक पहुंचने के सफर का भारतीय टीम ने कुछ ऐसे जश्न मनाया जो सालों तक लोगों के दिलों पर राज करेगा। ● एजेंसी

मेरे लिए जिंदगी भर की यादें, पर मैं विरासत, भारमुक्ति में भरोसा नहीं करता : द्रविड़

ब्रिजटाउन। आम तौर पर शांतचित्त रहने वाले राहुल द्रविड़ टी-20 विश्व कप जीतने के बाद बच्चों की तरह उछलते नजर आए और बतौर खिलाड़ी जो ट्रॉफी नहीं जीत सके, उसे कोच के तौर पर दिलाने के लिये उन्होंने अपनी टीम को धन्यवाद दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने रोमांचक फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म किया। द्रविड़ ने जीत के बाद कहा पिछले कुछ घंटों में मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे इस टीम पर गर्व है, जिस तरह से कठिन परिस्थितियों में टीम ने संघर्ष किया। पहले छह ओवर में तीन विकेट गंवाने के बाद इस तरह की जीत दर्ज करना बताता है कि यह टीम जुझारूपन छोड़ने वाली नहीं है। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं इतना खुशकिस्मत नहीं रहा कि विश्व कप जीत सकूं। मैंने खेलने के दिनों में अपनी ओर से पूरी कोशिश की लेकिन खेल में यह सब होता है। द्रविड़ के लिए यह जीत एक तरह से भार मुक्ति की तरह भी रही जिनकी कप्तानी में 2007 वनडे विश्व कप में टीम पहले दौर में बाहर हो गई थी। द्रविड़ ने हालांकि कहा कि वह इस तरह के शब्दों में विश्वास नहीं करते। पहली बात तो यह कि यह कोई भार मुक्ति नहीं है। मैं इस तरह की बातें नहीं सोचता।

टी-20 विश्वकप चैंपियन भारतीय टीम को मिले 20.36 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्वकप चैंपियन बनी भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को पुरस्कार स्वरूप 20.36 करोड़ रुपये मिले। इस बार टूर्नामेंट शुरु होने से पहले आईसीसी रिकार्ड पुरस्कार राशि का बजट 93.51 करोड़ रुपये रखा था। उसी के अनुसार फाइनल में जीतने वाली भारतीय टीम को 20.36 करोड़ रूपये की राशि दी गई है। वहीं फाइनल में हारने वाली टीम दक्षिण अफ्रीका को 10.64 करोड़ रुपये से संतोष करना पड़ा। इस बार टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 20 टीमों ने भाग लिया था। सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6.54 करोड़ रुपये। इनमें अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीमें शामिल हैं। दूसरे दौर यानी सुपर-8 को पार करने में नाकाम रहने वाली टीमों को 3.17 करोड़ रुपये तथा नौ से 12वें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2.05 करोड़ रुपये तथा 13 से 20वें स्थान पर रहने वाली हर एक टीम को 1.87 करोड़ रुपये मिले। इसके अलावा हर एक टीम को टूर्नामेंट में जीतने वाले मैच पर अतिरिक्त 25.89 लाख रुपये दिए गए है।

विश्वकप की जीत से संन्यास तक एक साथ रोहित-विराट

नई दिल्ली। जीत के जश्न में गले मिलते, हार के दुख में एक दूसरे के आंसू पोछते, क्रीज पर एक दूसरे की उपलब्धि को सराहते विराट कोहली और रोहित शर्मा फिल्म शोले के जय और वीरू की तरह हमेशा एक दूसरे के साथ खड़े नजर आए और अब दोनों ने टी-20 क्रिकेट से विदा भी साथ में ली। जीत के बाद कंधे पर तिरंगा लपेटे या एक दूसरे के गले लगकर रोते दोनों की तस्वीरें 140 करोड़ भारतीयों के दिल में घर कर गई। दोनों की शख्सियत में कोई समानता नहीं। एक आग है तो दूसरा पानी। एक 'वड़ा पाव' खाने वाला ठेठ मुंबइया तो दूसरा 'छोले भटूरे' का शौकीन दिल्ली वाला लेकिन फिर भी पिछले 15 साल से दोनों एक दूसरे के पूरक रहे हैं। दुख में, खुशी में, जीत में और हार में। वेस्टइंडीज में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित मैदान पर लेट गए, आंखें आंसुओं से भीगी थीं।

रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा

ब्रिजटाउन। भारत के अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने भी विश्व कप जीतने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा की तरह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फील्डरों में शुमार जडेजा ने कहा कि वह टेस्ट और वनडे खेलते रहेंगे। 35 वर्षीय जडेजा ने इंस्टाग्राम पर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ अपनी तस्वीर डालकर लिखा मैं पूरी कृतज्ञता के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले रहा हूं। मैने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देश को दिया है और बाकी प्रारूपों में आगे भी देता रहूंगा। टी-20 विश्व कप जीतना सपना सच होने जैसा था। यादों, हौसलाअफजाई के लिये धन्यवाद। जय हिंद।

दिल को झकझोरने वाली हार : मारक्रम

ब्रिजटाउन। टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारत के खिलाफ निराशाजनक हार को दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने चुभने वाला करार देते हुए उम्मीद जताई कि यह प्रदर्शन अगली बार टीम को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा। जीत के लिए 176 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम हेनरिच क्लासेन की 27 गेंद में 52 रन की पारी के दम पर 15वें ओवर के बाद बेहद मजबूत स्थिति में थी। टीम को आखिरी 30 गेंद में 30 रन की जरूरत थी लेकिन भारत ने शानदार वापसी करते हुए सात रन की रोमांचक जीत दर्ज की। आखिरी ओवरों में जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने कमाल की गेंदबाजी की जबकि सूर्यकुमार यादव ने दबाव की परिस्थिति में कमाल का कैच लपका। मारक्रम ने कहा यह क्रिकेट का पहला मैच नहीं है जिसमें 30 गेंदों में से 30 की जरूरत वाली टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने अच्छी गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण से शानदार वापसी की। अभी किसी एक चीज को हार का कारण बताना मुश्किल है। हम अगले कुछ दिनों में, अगले कुछ हफ्तों में इस बारे में विचार करेंगे, उन क्षेत्रों को ढूंढने का प्रयास करेंगे जिसमें हम आज के मैच के दौरान सुधार कर सकते थे।

सूर्यकुमार को जय शाह से मिला सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार

ब्रिजटाउन। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा भेड़ियों के झुंड से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यकुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, दिलीप सर, मुझे यह मौका देने और जय (शाह) सर से यह पदक लेने के लिए आपका धन्यवाद।



लंबे समय बाद शानदार जीत। पहले मैं कहता था कि भारतीय टीम 90 पर आउट हो जा रही है, शतक नहीं बना पा रही क्योंकि सेमीफाइनल, फाइनल में हार रही थी। अब शतक बनाया है और शानदार शतक।

-सुनील गावस्कर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

देश को चौथा सितारा मिल गया है (1983, 2007, 2011 विश्व कप के बाद)। टीम इंडिया की जर्सी पर लगने वाला हर स्टार देश के बच्चों को अपने सपने पूरे करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाने की प्रेरणा देगा। भारत को चौथा स्टार मिल गया। हमारा दूसरा टी-20 विश्व कप। वेस्टइंडीज में भारतीय क्रिकेट के लिए जीवन चक्र पूरा हुआ। 2007 वनडे विश्व कप में पहले दौर में हारने से अब 2024 में टी-20 विश्व कप जीतने तक। रोहित शर्मा के बारे में क्या कहूं। बेहतरीन कप्तानी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच। दोनों इसके हकदार थे जिन्होंने जरूरत के समय शानदार प्रदर्शन किया।

सचिन तेंदुलकर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

विश्व कप चैंपियन 2024। मेरी दिल की धड़कनें तेज हो गई थी। शांतिचित्त होकर, आत्मविश्वास बनाए रखकर शानदार प्रदर्शन किया। देश में और दुनिया भर में सभी भारतीयों की ओर से विश्व कप घर लाने की बधाई। जन्मदिन के शानदार उपहार के लिये धन्यवाद।

-महेंद्र सिंह धोनी, पूर्व भारतीय कप्तान

रोहित शर्मा और टीम को बधाई। क्या शानदार जीत। बुमराह का शानदार प्रदर्शन। विराट, अक्षर, हार्दिक सभी ने अच्छा खेला। राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ को बधाई।

-सौरव गांगुली, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

आखिर तुमने कर दिखाया। हार्दिक पंड्या तुम हीरो हो। जसप्रीत बुमराह एक ओवर में भारत को मैच में लौटाया। रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। दबाव में शानदार कप्तान। कोहली, द्रविड़ और पूरी टीम को बधाई। सूर्या ने क्या कैच लपका।

-युवराज सिंह, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

टीम इंडिया को टी-20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ और अजेय टीम। पांच ओवर बाकी रहते जो हालात थे, उसके बाद इस तरह का शानदार प्रदर्शन। हर खिलाड़ी बधाई का पात्र है।

-वीवीएस लक्ष्मण, प्रमुख, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी

विश्व कप जीत के साथ संन्यास लिया जो शायद किसी भी लिखी गई स्क्रिप्ट से बेहतर था। दोनों खिलाड़ी शानदार हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और मैं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मुझे यकीन है कि वे देश और टीम के लिए योगदान देते रहेंगे।

-गौतम गंभीर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

एक नजर

प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराया गुकेश ने अलीरजा से ड्रॉ खेला

बुकारेस्ट (रोमानिया)। जीत का मौका गंवाने के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने आखिरकार सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को ड्रॉ पर रोका। वहीं फेबियानो कारूआना ने रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल को हराया। कारूआना ने अब एकल बढत हासिल कर ली है और लाइव विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

पूर्व भारतीय मिड फील्डर भूपिंदर सिंह रावत का निधन

सूरत। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बताया कि 1969 में मलेशिया में मर्डेका कप में खेलने वाले पूर्व भारतीय मिडफील्डर भूपिंदर सिंह रावत का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और बेटी है। रावत अपनी फुर्ती और छोटे कद के बावजूद प्रतिद्वंद्वी डिफेंस को भेदने की क्षमता के कारण दर्शकों के चहेते थे जिससे वे उन्हें स्कूटर के नाम से पुकारते थे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा भूपिंदर सिंह रावत शानदार विंगर और शानदार गोल स्कोरर थे जिन्होंने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

मालविका यूएस ओपन के सेमीफाइनल में हारी

फोर्ट वर्थ (अमेरिका)। भारत की छठी वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड़ अहम मौकों को भुनाने में विफल रहीं और यहां यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जापान की नात्सुकी निदाइरा से सीधे गेम में हार गईं। विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी को 43 मिनट तक चले मुकाबले में नात्सुकी से 16-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। नागपुर की 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल अजरबैजान इंटरनेशनल चैलेंज जीता था। उनकी हार से टूर्नामेंट में भारत की चुनौती खत्म हो गई।

मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने ओलंपिक दल का किया उत्साहवर्द्धन

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए औपचारिक पोशाक और खेल किट के लॉन्च के दौरान एथलीटों के साथ केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और आईओए प्रमुख पीटी उषा। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में रविवार को 26 जुलाई से शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय ओलंपिक दल का उत्साहवर्द्धन करते हुए शुभकामनाएं दी है।

प्रधानमंत्री ने संबोधन में कहा मेरे अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे। मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। इस बार हमारा हैशटैग चीयर 4 भारत है। इस हैशटैग के जरिए हमें अपने खिलाड़ियों को चीयर करना है... उनका उत्साह बढ़ाते रहना है। तो गति को बनाए रखिए... आपका ये गति.भारत का जादू, दुनिया को दिखाने में मदद करेगा।

वहीं, ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय एथलीटों के लिए रविवार को आईओए द्वारा आयोजित एक समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अलावा भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्य सभा सदस्य पीटी उषा ने भारतीय टीम की तीन किटों का आज अनावरण किया।

गलतियों को सुधार कर ओलंपिक में बेहतर खेल दिखाऊंगा : साबले

पंचकुला (हरियाणा)। भारतीय 3000 मीटर स्टीपलचेस धावक अविनाश साबले ने वादा किया कि वह अतीत की गलतियों से सीख कर आगामी पेरिस ओलंपिक में यादगार प्रदर्शन करेंगे। साबले घरेलू स्तर पर बड़े नाम है लेकिन वह वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर सके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 11.20 सेकंड है। साबले ने 2015 में दौड़ना शुरू किया है और राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के बाद कई बार उसमें सुधार किया है। 2023 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक भी जीता है। पेरिस ओलंपिक में उनके पास खुद को साबित करने का एक और मौका होगा। साबले सितंबर में 30 साल के हो जाएंगे और ऐसे में यह उनका आखिरी ओलंपिक भी हो सकता है। साबले ने कहा मैंने पिछले दो वर्षों में गलतियां की हैं।

फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका ने पकड़ मजबूत की

चेन्नई, एजेंसी

सुने लुस (109) की शतकीय और कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) रनों की पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 337 रनों से पिछड़ने के बाद तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 232 रन कर मुकाबले पर अपनी पकड़ बना ली हैं। फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही अन्नेका बोश (9) का विकेट गवां कर संकट में फंस गयी थी। ऐसे समय में सुने लुस और कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने पारी को संभाला। दूसरे विकेट के रूप में सुने लुस 109 रन बनाकर आउट हुईं।

दिन का खेल समाप्त होने तक दखिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 232 रन बना लिए है हालंकि वह अभी 105 रन पीछे है। कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) और मैरिजान कप्प (15) रन बनाकर क्रीज पर है। भारत की ओर से दूसरी पारी में दीप्त शर्मा और हरमीत कौर ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिये मुफीद चेपॉक की सपाट पिच मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 236 रनों के कल के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। खेल समाप्त होने के समय मैरिजान कप्प (69) और नडीन डी क्लर्क ने (27) ने पारी को आगे बढ़ाया। स्नेहा राणा ने शुरुआत स्पैल में मैरिजान कप्प (74) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की टीम मात्र 30 रन जोड़कर ताश के पत्तों की तरह ढ़ह गई। नडीन डी क्लर्क (39), जाफ्टा (शून्य), अनरी डर्कसन (5), क्लास (1) और म्लाबा (2) रन बनाकर आउट हुई और पूरी टीम 266 रनों पर सिमट गई। भारत को पहली पारी में बनाए गए (छह विकेट पर 603 पारी घोषित) के स्कोर के आधार पर 337 रनों की बढ़त मिली है। भारत की ओर से स्नेह राणा ने 25.3 में 77 रन पर आठ विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को 21 ओवर में 47 रन देकर दो विकेट मिले।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 603/6 पर पारी घोषित, सैफाली 205, स्मृति मंधाना 149, जेमिमा 55, हरमनप्रीत 69, रिचा 86। **विकेट :** डेल्मी ट्रकर 2, क्लार्क 1, म्लाबा 1।

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 266/10 मैरिजान कप्प 74, सुने लुस 65, क्लर्क 39। **विकेट :** स्नेहा राणा 8, दीप्ति 2।

दक्षिण अफ्रीका (फॉलऑन) : 232/2। सुने लुस 109, लॉरा 93 नाबाद, मैरिजान 15 नाबाद। **विकेट :** हरमनप्रीत 1, दीप्ति 1।

अर्जेंटीना ने मेस्सी के बिना पेरू को हराया

कोपा अमेरिका

गार्डन्स। लौरेटो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने लियोनेल मेस्सी के बिना खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के आखिरी ग्रुप मैच में पेरू को 2-0 से हराया। मार्टिनेज ने एंजेल डि मारिया के पास पर 47वें मिनट में पहला गोल किया। वह गोल करने के बाद अर्जेंटीना बेंच के पास खड़े मेस्सी को गले लगाने गए। उन्होंने 86वें मिनट में दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका चौथा गोल है। मेस्सी को चिली के खिलाफ पिछले मैच में पैर में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह इस मैच में नहीं खेले। चिली को एक गोल से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है।

कनाडा कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में

ओरलैंड। गोलकीपर मैक्सिम क्रेपीयू के शानदार प्रदर्शन की मदद से कनाडा ने चिली से गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के अंतिम आठ में जगह बना ली। चिली को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब गैब्रियल सुआजो को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हें 12वें मिनट में पहला पीला कार्ड मिला था। कनाडा ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जब ग्रुप ए में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना ने पेरू को 2-0 से हराया। कनाडा ने दूसरे मैच में पेरू को हराया था।

यूरो 2024: जर्मनी क्वार्टर फाइनल में

डॉर्टमंड। मेजबान जर्मनी ने बारिश और तूफान के बीच हुए मैच में डेनमार्क को 2-0 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब जर्मनी टीम 14 जुलाई को होने वाले फाइनल से दो जीत दूर है। जर्मनी के लिए केइ हावर्त्ज ने पहला और जमाल मुसियाला ने दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था। जर्मनी की 2016 के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में यह पहली जीत थी। अब उसका सामना स्पेन या जॉर्जिया से होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

कहर

दक्षिणी स्विट्जरलैंड के मैगिया घाटी में विसलेटो में भीषण तूफान उठा। इस कारण यहा पुल नष्ट हो गया। बचावकर्मियों ने यहा से दो शव भी बरामद किए हैं। तूफान के कारण विभिन्न यातायात मार्गों भी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति अभी भी लापता है। ● एजेंसी

दुनिया भर में हर साल चली जाती हैं सैकड़ों जानें

हिमस्खलन खतरनाक, बढ़ीं घटनाएं

ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में अक्सर हिमस्खलन आते हैं जिसे बर्फीला तूफान भी कहा जाता है। दुनियाभर में हिमस्खलन से हजारों लोगों की जान चली जाती है। हिमालय के ऊंचे हिस्सों में हिमस्खलन आम बात है मगर ये बर्फीले तूफान तब और खतरनाक हो जाते हैं जब ऊंची चोटियों पर ज्यादा बर्फ जम जाती है। बर्फ परत दर परत जम जाती है। बहुत ज्यादा दबाव बढ़ने की वजह से ये परतें खिसक जाती हैं और तेज बहाव के साथ नीचे की ओर बहने लगती हैं। इनके रास्ते में जो कुछ भी आता है उसे अपने साथ ले जाती हैं। ये बर्फीले तूफान प्राकृतिक तौर पर भी आते हैं। इंसानी गतिविधी भी इसकी वजह बन सकती है। ऐसा जलवायु परिवर्तन, भारी हिमपात या फिर ऊंचे शोर की वजह से होता है। यहां इस बारे में विस्तार से बताएंगे। यूरोप व अमेरिका में इस तरह के तूफान आम हैं। हिमालय की गोद में बसे जम्मू कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड समेत उत्तर पूर्व के इलाकों में भी बर्फीली चादर कभी-कभी खतरनाक रूप ले लेती हैं।

इस तरह से प्रभाव कर सकते हैं कम

स्कीईंग रिजोर्ट जैसी जगहों पर छोटे विस्फोट करके एवलांच यानि हिमस्खलन को बड़ा होने से रोका जा सकता है। इसमें बर्फ को एक तरफ खिसकने से रोका जाता है। हिमस्खसलन के नुकसान को कम करने के लिए बाड़ भी लगाए जाते हैं, ताकि तेजी से नीचे खिसकती बर्फ की रफ्तार को धीमा किया जा सके। पेड़ भी हिमस्खलन को कम करते हैं। अगर आप बर्फीर्ले क्षेत्र में हैं तो अपने साथ हथौड़ानुमा कुदाल, रस्सी, और सुरक्षा के सारे सामान जरूर रखें।

नदी किनारे रहने वाले लोगों को हो सकती हैं दिक्कतें

हिमस्खलन अगर होता है तो सबसे ज्यादा परेशानी पहाड़ी क्षेत्रों में नदियों के किनारे रहने वालों को होती है। हिमस्खलन के समय नदियों का जलस्तर तेजी के साथ बढ़ता है जिस कारण नदी के किनारे रहने वाले लोगों को दिक्कतें हो सकती हैं। इसलिए ऐसे क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी

हिमस्खलन की कुछ घटनाएं

- वर्ष 2021 में त्रिशूल चोटी आरोहण के दौरान हिमस्खलन (हिमस्खलन) की चपेट में आए नौसेना के पांच पर्वतारोहियों सहित छह की मौत
- वर्ष 2021 में लम्खागा दर्रे में

एक नजर

नाइजीरिया में विस्फोटों में 18 लोगों की मौत

अबुजा। पूर्वोत्तर नाइजीरियाई राज्य बोर्नो में हुए सिलसिलेवार विस्फोटों में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि 48 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी बोर्नो राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने दी। एजेंसी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर कहा कि अब तक, हताहतों की संख्या का पता लगाया गया है, जिसमें 18 मृत हैं, जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, और 48 गंभीर रूप से घायल पीड़ितों का इलाज चल रहा है। एजेंसी ने कहा कि पहला विस्फोट एक शादी समारोह में हुआ और कुछ मिनट बाद ग्वोज़ा शहर के मुख्य अस्पताल में एक और विस्फोट हुआ।

प. बंगाल के चिकित्सक, कवि द. अफ्रीका में सम्मानित

जोहानिस्बर्ग। पश्चिम बंगाल में जन्मे चिकित्सा पेशेवर, कलाकार और कवि डॉ. अमिताभ मित्रा को रविवार को बंगाली एसोसिएशन ऑफ साउथ अफ्रीका (बीएएसए) द्वारा न केवल दक्षिण अफ्रीका बल्कि कई अन्य देशों के लोगों की तीन दशकों तक सेवा करने के लिए सम्मानित किया गया। मित्रा को बीएएसए के वार्षिक समारोह कोबी प्रणाम में सम्मानित किया गया, जिसमें रवींद्रनाथ टैगोर, काजी नजरूल इस्लाम, रजनीकांत सेन, द्विजेंद्रलाल रॉय सहित प्रतिष्ठित विद्वानों को सम्मानित हो चुके हैं।

पुलिस अधिकारी ने 13 वर्षीय किशोर को गोली मारी

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयार्क में एक पुलिस अधिकारी ने 13 साल के किशोर को गोली मार दी। शनिवार देर रात इस संबंध मं एक वीडियो वीडियो भी जारी की गई है। पुलिस ने बताया कि मैनहट्टन से करीब 400 किलोमीटर उत्तरपश्चिम में पुलिस ने एक लूटपाट की जांच के संबंध में शुक्रवार देर रात 10 बजे दो किशोरों को रोका था, जिसके बाद एक किशोर को अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

पश्चिमी तुर्किये में विस्फोट से पांच की मौत, 63 घायल

इस्तांबुल। तुर्किये के पश्चिमी शहर इजमीर में रविवार को एक रेस्तरां में एक टैंक में विस्फोट होने से पांच लोगों की मौत हो गई और 63 अन्य घायल हो गए। रेस्तरां में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह दुर्घटना कैद हुई। विस्फोट से सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और आसपास की इमारतों को भी मामूली क्षति पहुंची है। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर बताया कि बीसियों बचावकर्मियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है।

हिंदू मतदाताओं को लुभाने मंदिर पहुंचे ऋषि सुनक और कीर स्टार्मर

ब्रिटेन में 4 जुलाई को हैं आम चुनाव, उम्मीदवारों के प्रचार के तरीके बदले

लंदन, एजेंसी

- सुनक नेसडेन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे
- लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर भी उत्तरी लंदन के मंदिर पहुंचे

ब्रिटेन में गुरुवार को होने वाले आम चुनाव से पहले प्रचार के अंतिम सप्ताह में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और विपक्षी लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटिश हिंदू मतदाताओं को लुभाने के लिए मंदिर पहुंचे। सुनक (44) रविवार को नेसडेन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे तो वहीं स्टार्मर (61) शुक्रवार को उत्तरी लंदन के किंग्सबरी में स्थित स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे।

दोनों नेताओं द्वारा यह कदम ब्रिटिश हिंदू संगठनों के एक प्रमुख समूह द्वारा ब्रिटेन में होने वाले आम चुनाव से पहले पहली बार जारी किए गए हिंदू घोषणापत्र के बाद उठाया गया है। इस घोषणापत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों से हिंदू पूजा स्थलों की रक्षा करने और हिंदुओं के प्रति घृणा से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया गया है।

लंदन में स्वामी नारायण मंदिर में संतों से साथ राष्ट्रपति सुनक। ● एजेंसी

सुनक ने प्रतिष्ठित नेसडेन मंदिर में अपने उद्बोधन में कहा यह मंदिर इस समुदाय द्वारा ब्रिटेन के लिए दिए गए योगदान का एक महान उदाहरण है। उन्होंने मंदिर में प्रार्थना की और वहां उपस्थित बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। इस बीच किंग्सबरी मंदिर में स्टार्मर का स्वागत किया गया। उन्होंने भी यहां सुनक की तरह ही जय स्वामीनारायण बोलकर अपना भाषण शुरू किया।

ब्रिटेन में हिंदूफोबिया के लिए कोई जगह नहीं : लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कहा ब्रिटेन में हिंदूफोबिया के लिए कोई जगह नहीं है। हिंदूफोबिया से आशय हिंदू धर्म और हिंदुओं के प्रति विरोधी, विनाशकारी व अपमानजनक दृष्टिकोण और व्यवहार करना है।

बाइडन को चुनावी दौड़ से हटने की मांग बढ़ी

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव के तहत अटलांटा में हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी और मुख्यधारा की अमेरिकी मीडिया में राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी दौड़ से हटने की मांग बढ़ रही है। बाइडन (81) और उनके प्रचार अभियान ने कहा कि वह हार नहीं मान रहे हैं और पांच नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सफलतापूर्वक मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध हैं। प्रचार अभियान के नेतृत्व ने कहा बाइडन डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी हैं। प्रत्याशी नहीं बदला जा रहा है। अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर ली है।

स्टील गिलास रखकर फोड़ा बम बच्चे की मौत

जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर में टीम इंडिया को टी-20 वर्ड कप में मिली जीत का जश्न मना रहा एक बच्चा काल क गाल में समा गया। शहर के गोहलपुर थाना इलाके के बधैया मोहल्ले में आतिशबाजी के दौरान स्टील गिलास का टुकड़ा पांच साल के मासूम बच्चे के पेट में जा घुसा. जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

टीम इंडिया की जीत के जश्न के दौरान रात भर खुशियां मनाने का दौर चलता रहा। सुबह बचे हुए बमों को मोहल्ले के कुछ बच्चे इकट्ठा कर दुर्गा मंदिर के पास फोड़ ही रहे थे कि तभी दिल दहला देने वाली यह वारदात हो गई। बच्चे बम फोड़ने के पहले उसके ऊपर स्टील का गिलास रख रहे थे। जब बच्चों ने बम के ऊपर स्टील का गिलास रखकर फोड़ा, तभी तेज धमाके के साथ स्टील का गिलास फटा और उसका एक नुकीला टुकड़ा दूर खड़े मासूम के पेट में जा घुसा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मासूम बच्चे का नाम दीपक उर्फ रुद्र प्रताप ठाकुर बताया जा रहा है. जिसे इलाज के लिए पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल विक्टोरिया रेफर किया गया।

इजरायल-लेबनान के बीच संघर्ष समाप्ति का प्रयास

वाशिंगटन, एजेंसी

- वाशिंगटन पोस्ट ने रिपोर्ट में कहा अमेरिकी अधिकारी बातचीत से हल निकालने में जुटे

अमेरिकी अधिकारी इजरायल और लेबनान के बीच संघर्ष को सुलझाने के लिए विभिन्न विकल्पों पर काम कर रहे हैं। यह जानकारी वाशिंगटन पोस्ट ने शनिवार को दी। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी अधिकारी हिजबुल्लाह की मांगों को जानते हैं लेकिन फिर भी वे तनाव कम करने के लिए काम कर रहे हैं।

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने 18 जून को ने घोषणा किया था कि उसने लेबनान में आक्रामक अभियान के लिए परिचालन योजनाओं को मंजूरी दे दी है। इजरायली विदेश मंत्री काट्ज ने बाद में कहा कि इजरायल हिजबुल्लाह और लेबनान के खिलाफ नियमों को बदलने के फैसले के बहुत करीब था, जिससे आंदोलन को युद्ध में समाप्त करने और लेबनान पर गंभीर प्रहार करने की धमकी दी गई।

हिजबुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्ला ने कहा कि अगर युद्ध और तेज हुआ तो आंदोलन उत्तरी इजरायल पर आक्रमण कर सकता है। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर स्थिति खराब हो गई। आईडीएफ और लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके सीमा से लगे इलाकों में एक-दूसरे के ठिकानों पर रोजाना गोलीबारी कर रहे हैं। लेबनानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि लगभग 1,00,000 लोगों को सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने घर छोड़ने पड़े।

गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में 40 लोगों की मौत

काहिरा। गाजा पट्टी पर पिछले 24 घंटों में तीन इजरायली हमलों में चालीस लोग मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि पीड़ितों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा इजरायली रक्षा बलों ने गाजा पट्टी में परिवारों के तीन नरसंहार किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि गाजा पर इजरायल के युद्ध में मारे गये फिलिस्तीनियों की कुल संख्या बढ़कर 37,834 हो गयी और घायलों की संख्या 86,858 हो गई। फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया था।

कतर से व्यापारिक संबंधों पर जयशंकर ने की चर्चा

कतर के प्रधानमंत्री के साथ विदेश मंत्री जयशंकर ● एजेंसी

दोहा, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को कतर की राजधानी दोहा में पहुंचे। उन्होंने वहां के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करके द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की जिसमें राजनीति, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंध से जुड़े मुद्दों पर जोर दिया गया। यहां एक दिवसीय यात्रा के तहत पहुंचे जयशंकर ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी शेख मोहम्मद के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। शेख मोहम्मद के पास विदेश मंत्री का भी प्रभार है।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा रविवार दोपहर दोहा में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एमबीए अलथानी से मिलकर खुशी हुई। महामहिम अमीर तक उनको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दी गईं शुभकामनाएं पहुंचाईं।

कजाकिस्तान जाएंगे जिनपिंग, राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लेंगे हिस्सा

अल्माटी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दो से चार जुलाई तक कजाकिस्तान की राजकीय यात्रा पर रहेंगे और शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद में हिस्सा लेंगे। यह जानकारी कजाख राष्ट्रपति प्रेस सेवा ने रविवार को दी। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने कहा कि ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान के निमंत्रण पर चीनी नेता अगले सप्ताह ताजिकिस्तान का दौरा भी करेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एक बयान में चुनयिंग ने कहा 2 से 6 जुलाई तक, राष्ट्रपति शी जिनपिंग कजाकिस्तान और ताजिकिस्तान का राजकीय दौरा करेंगे। ताजिक विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जिनपिंग की ताजिकिस्तान यात्रा के दौरान नेता सीमित और व्यापक प्रारूपों में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। चीनी राष्ट्रपति अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे।

संसदीय चुनाव शुरू, मुश्किल में मैक्रों

पेरिस, एजेंसी

- फ्रांस में मध्यावधि हो रहे हैं चुनाव, राष्ट्रपति ने यूरोपीय यूनियन के चुनाव में हार से चुनाव का फैसला लिया था

फ्रांस में संसदीय चुनाव के पहले दौर के लिए रविवार को मतदान जारी है और यह अनुमान जताया जा रहा है कि नाजी युग के बाद, सत्ता की बागडोर पहली बार राष्ट्रवादी एवं धुर-दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जा सकती है। दो चरणों में हो रहे संसदीय चुनाव सात जुलाई को संपन्न होंगे। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों यह चुनाव हार सकते हैं। चुनाव परिणाम से यूरोपीय वित्तीय बाजारों, यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों के समर्थन और वैश्विक सैन्य बल एवं परमाणु शस्त्रागार के प्रबंधन के फ्रांस के तौर-तरीके पर काफी प्रभाव पड़ने की संभावना है।

कई फ्रांसीसी मतदाता महंगाई और आर्थिक चिंताओं से परेशान हैं और वे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व से भी निराश हैं। मरीन ले पेन की आव्रजन विरोधी 'नेशनल रैली' पार्टी ने इस असंतोष को चुनाव में भुनाया है और उसे विशेष रूप से 'टिकटॉक' जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए हवा दी है। चुनाव-पूर्व सभी जनमत सर्वेक्षणों में 'नेशनल रैली' की जीत का अनुमान जताया गया है। नया वामपंथी गठबंधन 'न्यू पॉपुलर फ्रंट' भी व्यापार समर्थक मैक्रों और उनके मध्यमार्गी गठबंधन 'टुगेदर फॉर द रिपब्लिक' के लिए चुनौती पेश कर रहा है। फ्रांस में संसदीय चुनाव के लिए रविवार सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ और चुनाव परिणाम के शुरुआती रुझान रात आठ बजे आने की उम्मीद है।

फ्रांस में वोट डालते सीनियर लीडर। ● एजेंसी

सिंगापुर की धर्मगुरु को साढ़े दस साल की जेल

सिंगापुर। यहां की धर्मगुरु वू मे हो (54) को साढ़े दस साल जेल की सजा हुई है। कोर्ट ने उन्हें अपने भक्तों के साथ धोखाधड़ी करने और उन्हें चोट पहुंचाने समेत 5 आरोपों में दोषी पाया। वू मे हो पर आरोप है कि वह अपने भक्तों का ब्रेनवॉश कर उन्हें बताती थी कि वह एक देवी है। अगर भक्त उसके आदेश का पालन नहीं करते तो हो उन्हें क्रूर सजा देती थी।

वह भक्तों को उनका मल खिलाती थी और प्लास से उनके दांत निकालने को कहती थी। यही नहीं, वह भक्तों पर कैंची से वार करती थी और उन्हें इमारत की दूसरी मंजिल से कूदने को भी कहती थी। सिंगापुर के न्यूज चैनल सीएनए की रिपोर्ट के मुताबिक, वू मे हो खुद को भारतीय धर्मगुरु शक्ति नारायणी अम्मा का भक्त बताती है। शक्ति नारायणी अम्मा के भक्त उनको देवी नारायणी का पहला ज्ञात अवतार बताते हैं।

बॉलीवुड हलचल

कल्कि 2898 एडी ने तीन दिनों में 415 करोड़ की कमाई की

मुंबई। बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने तीन दिनों में वर्ल्डवाईड 415 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। इस फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' जब से थिएटर्स में रिलीज हुई है, इसका क्रेज लोगों में देखने को मिल रहा है। फिल्म को क्रिटिक्स की ओर से भी पॉजिटिव रिव्यू मिले हैं। इस फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म तगड़ी कमाई कर रही है। 29 जून को एक तरफ पूरा देश टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल देखने में बिजी था, जिसके चलते ये भी माना जा रहा था कि पैन इंडिया फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की कमाई पर अब इसका असर पड़ सकता है, लेकिन उम्मीद से बिल्कुल उल्टा हुआ।

सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म ककुडा का दमदार पोस्टर रिलीज

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा पिछले कुछ समय से जहीर इकबाल के साथ अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। 23 जून को अभिनेत्री ने जहीर के साथ रजिस्टर्ड मैरिज की और फिर शानदार रिसेप्शन से महफिल में चार-चांद लगाया। पर्सनल लाइफ में अपनी जिंदगी की नई शुरुआत करने के बाद नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी सिन्हा फिर से अपने काम पर लग गई हैं। शादी के बाद पहली बार उनका सामना भूत-प्रेत से होगा। अभिनेत्री की आगामी फिल्म ककुड़ा की अनाउंसमेंट कुछ दिन पहले ही हुई है। मुंज्या से बॉक्स ऑफिस पर तहलका लाने के बाद आदित्य सरपोतदार एक और हॉरर-कॉमेडी से दर्शकों का मनोरंजन करने जा रहे हैं। मुंज्या तो सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी लेकिन ककुड़ा को ओटीटी पर उतारा जाएगा। इसमें सोनाक्षी सिन्हा भी नजर आने वाली हैं। फिल्म से उनका पोस्टर भी रिवील कर दिया गया है। ककुड़ा में सोनाक्षी सिन्हा इंदिरा की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म के लेटेस्ट पोस्टर में सोनाक्षी के चेहरे पर खौफ दिख रहा है।

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत पर सितारों ने दी बधाई

मुंबई। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद फिल्मीं सितारों ने टीम इंडिया को बधाई दी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने धमाकेदार जीत हासिल की है इस जीत पर बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के सितारों ने इंडियन टीम को बधाई दी है। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने एक्स पर लिखा कि टी 5057, आंसू बह रहे हैं। टीम इंडिया के आंसुओं के साथ। विश्व चैंपियन भारत। भारत माता की जय। जय हिन्द जय हिन्द जय हिन्द। अजय देवगन ने अपने ट्वीट में लिखा, ''शब्द खुशी को बयां नहीं कर सकते! बधाई टीम इंडिया, आपने इतिहास रच दिया।

कनाडा में वेस्टजेट की 400 से अधिक उड़ानें रद

टोरंटो। कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी विमानन कंपनी वेस्टजेट ने रखरखाव कर्मचारी संघ की हड़ताल की घोषणा के बाद 407 उड़ानें रद कर दीं, जिससे 49,000 यात्री प्रभावित हुए। एयरक्राफ्ट मैकेनिक्स फ्रेटरनल एसोसिएशन ने कहा कि उसके सदस्यों ने विमानन कंपनी की संघ के साथ बातचीत करने की अनिच्छा के कारण शुक्रवार शाम को हड़ताल शुरू कर दी। वेस्टजेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलेक्सिस वॉन होन्सब्रोच ने इस स्थिति के लिए कनाडा में पैठ बनाने की कोशिश कर रहे अमेरिका के एक संघ को दोषी ठहराया। टोरंटो पीयरसन अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर शनिवार को धरना दे रहे वेस्टजेट विमान के रखरखाव इंजीनियर सीन मैकवे ने कहा कि हड़ताल विमानन कंपनी को सम्मानजनक तरीके से बातचीत के लिए मजबूर करने का एक प्रयास है।

तैयारी उत्तर कोरिया ने अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया पर लगाया आरोप

नाटो का एशियाई संस्करण बनाने का आरोप

प्योंगयांग, एजेंसी

- कहा- तीनों देश पहले से ही मिसाइल खतरे का डेटा करते हैं साझा
- राज्य द्वारा संचालित समाचार एजेंसी ने साझा की जानकारी

उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय ने त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास आयोजित करने को लेकर जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर एशियाई संस्करण का नाटो बनाने का आरोप लगाया है। उत्तर कोरियाई राज्य द्वारा संचालित समाचार एजेंसी केसीएनए ने रविवार को यह जानकारी दी।

जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया का तीन दिवसीय सैन्य अभ्यास फ्रीडम एज शनिवार को पूर्वी चीन सागर में संपन्न हुआ। उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के बढ़ते परीक्षणों के बीच कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पिछले अगस्त में कैंप डेविड में तीन-तरफा शिखर सम्मेलन में सालाना

आयोजित होने वाले अभ्यास को डिजाइन किया गया था। बयान में कहा गया है कि कैंप डेविड शिखर सम्मेलन के समापन पर अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया अपने खिलाफ किसी भी खतरे का तुरंत जवाब देने पर सहमत हुए। बयान में कहा गया है कि तीनों देश पहले से ही वास्तविक समय में मिसाइल खतरे का डेटा साझा करते हैं।

बयान में कहा गया है कि नया त्रिपक्षीय सैन्य गुट एक युद्ध और आक्रामकता तंत्र है और वाशिंगटन के आदेश पर अन्य देशों के साथ सैन्य टकराव में प्रवेश करने के लिए तैयार है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वाशिंगटन, सोल और टोक्यो के बीच त्रिपक्षीय सैन्य गठबंधन का उद्देश्य न केवल उत्तर कोरिया के खिलाफ है, बल्कि रूस और चीन को भी रोकना है।

मंत्रालय ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एकमात्र वास्तविक खतरा अमेरिकी नीति है, जबकि उत्तर कोरिया की मिसाइल नीति सहित अन्य मुद्दों को सामूहिक प्रतिक्रिया के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।